ऊखा-हरन सं० पुं० लंबी-चौड़ी कथा; निरर्थक बात;-गाइब, व्यर्थ की बातें कहना; बाणासुर की कन्या ऊषा के अनिरुद्ध द्वारा हर ले जाने पर कई वर्ष तक संग्राम हुआ था, उसी का उल्लेख इस शब्द में है । सं० ऊषाहरण ।

ऊखि सं०स्त्री०ईख; गन्ना; वै० उखुड़ि,-ड़ी,सं०इक्षु ।

ऊढ़ सं० पुं० वे नाम का मनुष्य (काम न करने-वाला);वि० जपाट मूर्ख; निकम्मा; स्त्री०-ढ़ि; सं० मूढ़ ।

ऊत सं० पुं० एक प्रकार का भूत; विचित्र पुरुष; असाधारण कार्य करनेवाला पुरुष; शा० भूत का बिगड़ा रूप ।

ऊदम सं० पुं० 'उदम' का प्र० रूप; परिश्रम; सं० उद्यम; वै०उद्दम,-द्दिम ।

ऊधम सं० पुं० उधम;-करब,-मचाइब ।

ऊधौ सं० पुं० कृष्ण के सखा उद्धव जी; वै० ऊधव; -माधौ, कोई भी; कहा० न ऊधौ क लेब न माधौ क देब, (किसी से कुछ काम नहीं ।) सं० उद्धव ।

ऊबब क्रि० अ० ऊबना, वै० उबिआब; प्रे० उबिआइब,-उब । शा० 'ओबा' से संबद्ध अर्थात् वैसे ही घबराना जैसे 'ओबा' की बीमारी में लोग घबराते हैं ।

ऊमी सं० स्त्री० गेहूँ की अधपकी बाल का आग में भूना हुआ गर्म गर्म चबेना जो प्रायः देहात में खाया जाता है । ग०-मि; सी० ऊँबी ।

ऊहि सं० स्त्री० याद, स्मृति (बचपन की);-आइब, -होब, पुरानी बचपन की बात याद रहना । सं० ऊह्य, ऊह (वितर्क) ।

ए

एँड़ा सं० पुं० पैर या जूते का पिछला भाग;-लगाइब,-मारब,-देब, एँड़ी से किसी को ज़ोर से मारना, स्त्री०-ड़ी; ह० सी० यौं-,-डी, यँड़उरा ।

ए संबो० हे, ऐ; ए भाई, ऐ भाई ।

एई वि० यही; यह शब्द दोनों ही लिंगों में एक सा प्रयुक्त होता है; वै० यई ।

एऊ वि० यह भी; दे० 'एई' ।

एक वि० एक;-जने, एक पुरुष,-जनी, एक स्त्री; वै० यक;; प्र० एकइ,-उ; सी० ह० याक ।

एकइ वि० एक ही; वै० यक्कै, यक्कइ,-व एक का प्र० रूप; कविता में 'एकहु' सी० ह० या-।

एकउ वि० एक भी; वै० एकौ, यक्कौ, यक्कव, याकौ ।

एकर सर्व० पुं० इसका; स्त्री०-रि; वै० एकै, यहिका ।

एका सं० स्त्री० एकता; एकत्र रहने और काम करने की शक्ति;-होब,-करब; सं० ।

एगारह वि० ग्यारह; सं० एकादश ।

एजाँ क्रि० वि० इस स्थान पर; फ़ा० इंजा; प्र० एईजाँ (जौ०) ।

एठाइर क्रि० वि० इस स्थान पर; वै०-हिर; इन सभी शब्दों में 'स्थ' का परिवर्तन 'ठ' में हुआ है और अंत में कहीं य और कहीं र लग गया है ।

एठाईं क्रि० वि० इसी स्थान पर; दे० ठाँव; ए+ स० स्थान; वै० एईठाँ, एई ठायँ,-वँ; प्र० एठइनँ, -हीं; सी० ह० यहि ठउर ।

एठियाँ क्रि० वि० इसी जगह; प्र०-यैं ।

एती वि० इतना; ग० यति; सी० ह० यत्ता,-त्ती ।

एवज सं० पुं० बदला; एक व्यक्ति की जगह दूसरा; वै० य-,-जी, दे०; अर० एवज़; दे०औजी ।

एवमस्त अव्य० अच्छा, यही सही । यह पूरा वाक्य है और सं०एवमस्तु (ऐसा ही हो) का बिगड़ा रूप है जो गाँववाले बड़ी मस्ती से बोलते हैं । वह प्रायः यह समझते हैं कि इसका अर्थ है—"अच्छा

हम इसी में मस्त (प्रसन्न) रहेंगे" (ठीक है)।
एसवँ क्रि० वि० इसी वर्ष; प्र०-दै०; वै० य-,आ-(सी० ह०)।
एसस वि० पुं० ऐसे ऐसे (बहु वचन में); स्त्री० -सि; वै० य-(दे०) अ-; सी० ह० अइस अइस।
एहर क्रि० वि०इधर, वै०य-; दे०यहर;-वोहर,यहर-वहर,इधर-उधर; सी०ह० इंघे उंघे, ग०यख, यत्त।
एहीं क्रि० वि० यहीं; ग० यखी, यथ्वें।

ऐ

ऐआ सं० स्त्री० दे० अइया।
ऐगुन सं० पुं० अवगुण; दे० अइगुन।
ऐरन सं० पुं० कानों में पहनने का गहना जो नीचे लटकता है (ऊपर पहने जानेवाले का नाम 'उतका' है। दे०); अं० इयर-रिंग।
ऐसन वि०, क्रि० वि० ऐसा; इस तरह; प्र०-नै,-नौ; दे० अइस।
ऐहैं क्रि० अ० आवेंगे; एक वचन तृ० पु० में भी यह आ० रूप है। वै० अइहैं।
ऐहै क्रि० अ० आवेगा; 'आइब' का यह रूप प्रायः मुसलमानों द्वारा बोला जाता है; नहीं तो साधारण तृतीय पु० भविष्य रूप 'आई' होता है; वै० अइ-।
ऐहौं क्रि० अ० आऊँगा; मुसलिम प्रयोग; हिंदू 'आइब' और 'अइबै' (हम) तथा 'अइबौं' एवं 'अइबूँ (मैं) बोलते हैं। मुसलमान इसी प्रकार सब क्रियाओं के कुछ भिन्न रूप बोलते हैं। वै०-हौं
ऐहो क्रि० अ० आओगे; यह भी मुसलिम प्रयोग है; हिंदू 'अइबो'-बो बोलते हैं; वै०-हौ, अइ-।

ओ

ओंका-बोंका सं० पुं० एक खेल जिसमें बच्चे हाथ की मुट्ठियाँ बाँधकर ऊपर नीचे रखकर कहते हैं —ओंका-बोंका तीन तिलोका लैया लाती चंदन काती...।
ओंठ सं० पुं० होंठ; स्त्री० अउँटी (दे०); कहा० पहिलेह चुम्मा-टेढ़, अर्थात पहले ही चुंबन पर होंठ टेढ़ा हो गया?
ओंड़ब क्रि० स० हाथ, पैर या थूथुन (दे०) से गोड़ना (जैसे सूअर करता है); ख़राब कर देना (खेत आदि को); प्रे०-ड़ाइब,-वाइब,-उब; 'गोड़ब' का दूसरा रूप; दे० गोड़ एवं० गोड़ब।
ओंड़ा सं० पुं० वह बड़ी कौड़ी जिससे खेल में 'ढाही' मारी जाती है और जिसमें प्रायः लड़के 'राँग' भरते हैं जिससे वह भारी होकर यथास्थान फेंकी जा सके। दे० ढाही तथा राँग।
ओई वि०, सर्व० वही; वई (दे०) का प्र० रूप; पुं० एवं स्त्री० दोनों के ही लिए एक रूप है। नपुं० लिंग में 'उहवै' होता है जो निरादर में नौकरों आदि के लिए भी प्रयुक्त होता है।
ओऊ वि० सर्व० वह भी; वऊ (दे०) का प्र० रूप जो दोनों लिंगों में एक सा रहता है; नपुं० के लिए 'उहौ' जो निरादर सूचक है। रामायण में ये दोनों शब्द 'सोई' तथा 'सोऊ' रूप में आये हैं।
ओकर सर्व० उसका; स्त्री०-रि; प्र० ओहकर, वहकर; वहिकै; वहीकै। आ० ओनकर, वनकर, वनकै; मुस०-कै।
ओकलाई सं० स्त्री० उलटी करने की इच्छा;-आइब; वै० वाफ, वै० वकि-।
ओकाँ सर्व० उसको; वै० वहिकाँ, वहकाँ; प्र०वहीकँ; आ० वनकाँ, ओनकाँ; प्र० वनहीकँ; मुस० वहिकाँ।
ओखरी सं० स्त्री० दे० वखरी।
ओछर वि०पुं० नीच, ओछा; स्त्री०-रि; क्रि०-राब दे० वछराब (केवल चोट आदि के लिए)।
ओजन सं० पुं० भार, तौल;-करब, तौलना;-पाइब, पता या सूचना पाना, जानना; फ़ा० वज़न।
ओजह सं० पुं० कारण; अर० वजह।
ओजा सं० पुं० घटबढ़;-करब,-देब, मुजरा करना, देना; अर० वज़अ।
ओझइ क्रि० अ० फँस जाना (वि० कींचड़ या दलदल में); प्रे०-झाइब; मु० किसी हिसाब या मामले में फँसा रहना; भा०-झास (दे० वझास)।
ओझा सं० पुं० भूत-प्रेत उतारनेवाला; मंत्र-यंत्र करनेवाला; ब्राह्मणों की एक उपजाति; सं० उपाध्याय का प्रा० रूप; भा०-ई, वझाई।
ओझाई सं०स्त्री० भूत उतारने की क्रिया;-करब; मु०

किसी समस्या पर बहुत देर तक विचार करते रहना, पर कुछ निश्चित न कर पाना;-करब,-कराइब-होब । वै० व-।

ओट सं० पुं० आड़, परदा; कभी-कभी 'वोट' के अर्थ में भी प्रयुक्त;-करब,-देब; दे० 'वोट' ।

ओढ़ना दे० वढ़ना ।

ओढ़ब क्रि०स० ओढ़ना;-बिछाइब, (किसी बात में) लगा रहना; वही काम करना; मु०सिर पर रखना, स्वीकार कर लेना; प्रे०-ढ़ाइब,-ढ़वाइब,-उब ।

ओढ़र सं० पुं० बहाना;-पाइब,-मिलब,-करब।

ओत सं० स्त्री० बहाना;-करब; वि०-ती (प्रत०जौ०)

ओद वि० पुं० आर्द्र, नम; स्त्री०-दि; क्रि०-दाब; -होब; मु० गाँड़ि-होब; चूतर-होब, डर जाना, डरके मारे पेशाब या टट्टी करना । सं०आर्द्र ।

ओदारब क्रि० स० दे० वदारब; सं० विद्र ।

ओदी सं० स्त्री० क़लम (पेड़, पौदों आदि की); -लगाइब,-धरब,-लागब; सं०आर्द्र से क्योंकि गीली मिट्टी लगाकर ओदी रखी जाती है ।

ओनइब क्रि० अ० दे० वनइब; प्रे० ओनाइब, वनाइब,-उब,-नवाइब,-उब; जा० "ओनई घटा आइ चहुँ फेरी ।"

ओनकर सर्व० उनका; स्त्री०-रि; दे० वनकर ।

ओनान सं० पुं० हुक्म; -देब, आज्ञा मानना । दे० वनान ।

ओन्हन सर्व० दे० वन्हन ।

ओन्हब क्रि० स० रस्सी से बाँधकर नीचा कर देना (छप्पर आदि); प्रे०-वाइब,-हाइब,-उब, सं०उन्नम्।

ओफाँ सं० पुं० लाभ, उन्नति (स्वास्थ्य में);-देब, -करब,-होब, लाभ करना (औषधि का);अर० वफ़ा (इसी अर्थ में दवा के लिए प्रयुक्त) ।

ओबरि सं० स्त्री० सुंदर बैठक का स्थान; यह शब्द प्रायः ग्रामगीतों में ही आता है । वै०-री; उ० बड़े रे सजन कै बिटियवा दिहेउ गज ओबरि ।

ओबरी सं०स्त्री० घर के भीतर का भाग; गीतों में प्रायः प्रयुक्त; जा० खनि गइ ओबरी महँ लै मेला (पदु० ६४२); वै०-रि, व-।

ओबा सं० स्त्री० घोर संक्रामक बीमारी जैसे हैज़ा आदि; इसे दैव प्रकोप समझकर देहाती कभी-कभी 'ओबा माई' (जैसे माता, शीतला माता, काली-माई आदि) कहते हैं । उ० तुहैं ओबा (अथवा ओबा माई) लै जायँ,-धरैं अर्थात् तुम्हें ओबा हो जाय ।

ओय संबो० बच्चों द्वारा प्रयुक्त; आपस में खिल-वाड़ करने का शब्द जो कभी-कभी बड़े भी बच्चों के साथ कहते हैं; प्रायः दो बार "ओय-ओय" रूप में बोला जाता है। दे० लोय-लाय । वै०-होय ।

ओर सं०पुं० किनारा, तरफ़; अंत, पक्ष;-होब, नाश होना;-करब, नष्ट कर देना; तु० चितै तेहि ओरा; क्रि०-राब; वै०-री; शाप— तोहार ओर होय, तेरा वंश नष्ट हो, दे० वराब ।

ओरउनी सं० स्त्री० छत का वह किनारा जो भूमि की ओर झुका रहता है और जहाँ से वर्षा का पानी गिरता है;-चुअब, इतना पानी बरसना कि छत के किनारे से टपके; वै० वर-,ओरी; जा० मोर दुइ नैन चुवैं जस ओरी; कहा० ओरिक पानी बँड़ेरी जाय । दे० वरउत ।

ओरखब क्रि० अ०, स० ध्यान देना, बात सुनना; आज्ञा मानना; वै० वर-।

ओरमब क्रि० अ० एक ओर लटकना; प्रे०-माइब, लटकाना, एक ओर झुकाना; वै० वर-।

ओरवत सं० पुं० किनारे का भाग (छप्पर या छत का); वै० वर-,-उत ।

ओरा सं० पुं० कमी; क्रि०-ब, वराब, कम होना, समाप्त हो जाना; नष्ट हो जाना (वंश का); 'ओर' से; स्त्री० में भी बोला जाता है;-परब,-होब,-करब (बचाना); भा०-ई; प्रे०-रवाइब,-उब, वरइब, -उब ।

ओरा सं० पुं०, ओला;-परब,-गिरब,-बरसब; अं० होर ।

ओरियाँ सं० स्त्री० तरफ़, ओर; क० गी० में ओरा 'ओरी' और बोलचाल में 'ओरियाँ';उ०यहू ओरियाँ बाँटब, इधर भी बाँटों । ओर (दे०) का विकृत रूप।

ओसरि सं० स्त्री० भैंस जो गाभिन होने लायक हो गई हो । सी० ह० वा-।

ओसरी सं० स्त्री० बारी;-ओसरीं, एक-एक करके; बारी-बारी से;-लगाइब,-बान्हब, बारी निश्चित कर लेना । वै० व-।

ओसहन सं० पुं० वह अनाज जो ओसाया जाय; (दे० वसाइब) जैसे धान, गेहूँ; वै० वस-।

ओसार सं० पुं० बरामदा; वै० व-,-रा, स्त्री०-री ।

ओहर क्रि०वि० उधर; वै० व-; यहर-,इधर-उधर; प्र०-रै, उधर ही,-रौ, उधर भी । सी० ह० उंघे ।

ओहार सं० पुं० पीनस (दे०) या पालकी के ऊपर ढकने का रंगीन कपड़ा; वै० व-; ओढ़ाइब (ढकना) से ।

ओहि सर्व० उसको; जा० "जना न काहु, न कोइ ओहि जना ।" (पदु० स्तुति खंड) ।

ओहि वि० उसी;-ठाँ, उसी जगह; दे० ठाँव; जा० ' फिरि फिरि पानि ओहि ठाँ भरई" (पदु० ३६४); "ओहि ठाँव महिरावन मारा ।" (वही)

ओहीं क्रि० वि० वहीं; 'वहीं' का प्र० रूप; प्र०-हूँ, वहाँ या उधर भी । दे० वहीं।

औ

औंकी-बौंकी दे० अउँकी-।
औंगब क्रि०सं०पहियों में तेल डालकर साफ़ करना (गाड़ी); प्रे०-गाइब,-उब; वै०-डब, अउङब (दे०)
औंघाई सं० स्त्री० नींद,-लागब,-आइब; क्रि० -बाब; वै० अउँ।
औंघाब क्रि० अ० सोने की इच्छा करना; सोने लगना; वै० अउँ-(दे०)।
औ संयो० और; वै० अउ, अउर, अवर।
औघड़ सं० पुं० वाममार्ग का अनुयायी;-पंथी, ऐसे पंथ का माननेवाला; भा०-ई,-पन, वै० अघ-; सं० अघोर। दे० अवघड़।
औचट सं० पुं० दे० अवचट।
औजार सं० पुं० काम करने के सामान, यंत्र आदि; अर० औज़ार।
औजी सं० स्त्री० किसी एक आदमी के स्थान में दूसरे के काम करने की पद्धति;-करब,-लेब,-देब; ऐसा काम करना; वै० अउ-, यव-; अर० एवज़; दे० एवज।
औझड़ी वि० सनकी; मौज में आकर कुछ भी कर डालनेवाला; वै० अघ-, अउ-(दे०)।
औटब क्रि० स० औटना; प्रे०-टाइब,-उब,-टवाइब, -उब।
औढरदानी वि० ऐसा दानी जो चाहे कुछ दे डाले; मौज में आकर सब कुछ दान कर देने वाला; प्रायः यह वि० शिवजी के लिए आता है।
औरउ वि० पुं० और भी;-केउ, कोई दूसरा भी; स्त्री०-रिउ; वै० अव-, औरव, अउ-।
औरति सं० स्त्री० पत्नी, स्त्री; औरत;-हा, औरत के संबंध का; उ०-माजरा स्त्री-संबंधी बात।
औरा सं० पुं० आँवला; वै० अवँरा (दे०) सं० आमलक।
औरा-गोंज जिसमें और भी बातें या वस्तुएँ मिली हों। दे० अउरागोंज; और + गोंजब (दे०)
औला-मौला वि० पुं० मस्त, उदार; मनजौकी (दे०); औला (औलिया, साधु) + मौला, मालिक; अर०।
औवल वि० पुं० प्रथम, श्रेष्ठ; स्त्री०-लि; वै० अउ-,-अल; अर० अव्वल। दे० अउअल।
औसाहिन दे० अउसाहिन।

क

कंकड़ सं० पुं० दे० काँकर;-पत्थर; स्त्री०-ड़ी; वै०-र; मु०-पियब, सूखा तम्बाकू पीना;-स्नान, केवल शरीर पोंछने की क्रिया।
कँकरहा वि० पुं० कंकड़ वाला; कंकड़ भरा हुआ; स्त्री०-ही।
कंकाली सं० पुं० एक घुमक्कड़ जाति के लोग जो शिकार करते, भीख माँगते और गाते फिरते हैं; स्त्री०-लिनि;-यस, चिल्लानेवाला, माँगता; सं० कंकाल (शायद ये लोग किसी समय शिव के उपासक और कंकाल-पूजक थे)।
कँगना सं० पुं० कंकण; यह शब्द प्रायः गीतों में प्रयुक्त होता है। बोलचाल का रूप 'ककना' है। वै० कङना, ककना; सं० कंकण।
कँगला सं० पुं० अनिमंत्रित दरिद्र लोग जो खाने के लिए विवाह अथवा तेरहवीं आदि अवसरों पर यों ही पहुँच जाते हैं। 'कंगाल' का घृ० रूप; क्रि० -ब, दरिद्र हो जाना। भा० कँगलपन, कँगलई,-लाई। वै० कङ्ला।
कंगा सं० पुं० बिना बुलाये खाने के अवसर पर पहुँच जानेवाला व्यक्ति;-खवाइब,-खाब; वै०-ङ्का।
कंगाल वि० पुं० दरिद्र; स्त्री०-लि, भा०-गलई,-पन। वै०-ङाल।
कंचन सं० पुं० सोना; वि० हरा-भरा; हरियर-, खूब फूला-फला, सुहावना;-बरसब, धनधान्य की अधिकता होना; तु० तुलसी तहाँ न जाइये कंचन बरसै मेह। सं०।
कंचित क्रि० वि० शायद; सं० कदाचित; दे० कनचित; मै०। प्र०-तै, शायद ही।
कंटोल सं० पुं० नियंत्रण; अं० कंट्रोल, वै०-टउल, -टौल।
कंठ सं० पुं० गला;-फूटब, आवाज़ निकलना;-करब, याद कर लेना, कंठस्थ करना, क्रि० वि० कंठे (दे०), कंठ में, जीभ पर; सं० कंठ।
कंठा सं० पुं० गले में पहनने का आभूषण;-स्त्री० -ठी, भगवान के स्मरणार्थ केवल एक दाने की माला जो इस बात का भी द्योतक है कि इसका धारण करनेवाला निरामिषभोजी है;-ठी बान्हब,-पहिरब, -लेब, त्याग का व्रत लेना, त्याग देना; सं० कंठ।
कंठिहा वि० पुं० कंठी धारण करनेवाला; वैष्णव; स्त्री०-ही सं० कंठ।

कंठें क्रि० वि० कंठ में, कंठ पर; यनके-सूरसती बैठी अहैं, इसकी जिह्वा पर सरस्वती बैठी है (जो कहता है सत्य हो जाता है); सं० कंठे।

कंडउरा सं० पुं० वह घर जिसमें कंडा रखा जाय; कंडे का भंडार;-क घर, ऐसा घर; वै०-डौरा; कंडा + अउरा या औरा, संग्रह।

कंडा सं० पुं० गोबर के सूखे टुकड़े; उपला; स्त्री० -डी,ऐसा छोटा टुकड़ा;-होब; सूख जाना, ऐंठ जाना; मर जाना (ठंड के मारे); प्रायः बिच्छू को देखकर लोग "कंडा कंडा" कहने लगते हैं; विश्वास यह है कि ऐसा कहने से वह किसी को काटेगा नहीं, भाग जायगा।-परब, पेट में-परब, आँतों में मल सूख (कर कंडा हो) जाना,टट्टी न होना।

कंडील सं० पं० पतले और प्रायः रंगीन काग़ज़ के बने पिंजड़े जिसमें दिया जलाकर विशेष अवसरों पर टाँगा जाता है; अं० कैण्डिल (मोमबत्ती); वै०-दील,-डैल।

कंडैल सं० पुं० एक पीला और लाल फूल जिसका पेड़ बड़ा सा होता है। दे० कनैल, कनहल; वै०-डहल।

कँड़ंजि सं० स्त्री० एक जंगली पौदा जिसकी दातून बनाते हैं और जिसमें फली लगती है। इसमें कड़वी गंध होती है, जिससे दाँत के कीड़े मरते हैं।

कँड़िआ सं० स्त्री० पत्थर या कंकड़ों की बनी भूमि में गड़ी वस्तु जिसमें मूसल से चावल, दाल आदि छाँटते (दे० छाँटब) या कूटते हैं। वै०-या, काँड़ी।

कंता सं० पुं० पति; प्रेमी; कहा० जैसे कंता घर रहें वैसे रहे बिदेस; वै०-था, कंत,-थ; कविता एवं गीतों में ही प्रयुक्त; सं० कांत।

कंतूतुरि सं० स्त्री० अँधेरे में रहनेवाला मेढक की भाँति का एक रेंगनेवाला जंतु, मु० फूहड़ और इधर उधर बेकार घूमने वाली स्त्री या व्यक्ति।

कंथ सं० पुं० दे० कंता।

कंद सं० पुं० कई पौदों की प्रायः मीठी जड़ें जो फलाहार के रूप में खाई जाती हैं; वै०-मूल।

कँपइब क्रि० सं० कँपाना; प्रे०-पाइब,-वाइब; वै०-उब; काँपब का प्रे० रूप; सं० कम्प।

कँपकँपी सं० स्त्री० बार बार काँपने की क्रिया;-धरब,-लागब,-होब।

कंपा सं० पुं० तिकोनी लकड़ी जिस पर बुलबुल पकड़ने के लिए लासा लगा दिया जाता है; मु० तरकीब;-लगाइब, उपाय करना; वै० कौं-;वै० प्र० -फा।

कंबर सं०पुं०कंबल; वै०-मर, कम्मर, कमरा; स्त्री० कमरी;सं० कंबल; दे० कमरा।

कंस सं० पुं० द्वेष, ईर्ष्या;-राखब,-करब,-होब; वै० कुंस, खुंस, कुनुस, खु;-वि०-हा,-ही; सी० मकस।

कँसहा वि० पुं० काँसा मिला हुआ; स्त्री०-ही।

क संबो० क्यों, कहो; उ० क भैया; क रे, क्यों रे; क बाबा ! कहो बाबाजी ! वै०-का; (२)संबंध कारक का सूचक, जो 'कै', का अथवा 'कर' का रूप है; उ० रामराज क माई, रामराज की माँ (दे०कर, कै); कभी कभी 'को' के अर्थ में कर्म कारक का चिह्न; उ०वन क मारब, उनको मारूँगा, जिसमें 'क' वास्तव में 'का' 'कौं' अथवा 'कह' का सूक्ष्म रूप है।

कइँची सं० स्त्री० कैंची;-काढ़ब, मीन-मेख निकालना।

कइँजड़ सं० पुं० दे० कनजड़।

कइअउ, वि० कई;-जने, कई लोग,-जनी, कितनी ही स्त्रियाँ; 'कइउ' (दे०); का प्र० रूप वै०-वो, -ओ,-औ।

कइआहा वि० पुं० काई लगा; स्त्री०-ही।

कइआब क्रि० अ० काई (दे०) से ढक जाना; काई लगना। 'काई' से क्रि०; वै०-याब।

कइउ वि० कई;-मनई, कई मनुष्य,-मेहरारू, कई स्त्रियाँ; प्र०-अउ,-औ।

कइठूँ वि० कितने, वै०-ठें; स्त्री०-ठीं; कहीं-कहीं "कइठीं"; दोनों लिंगों में बोला जाता है; प्र०-इठूँ, -अउठूँ,-ठें,-ठीं, कितने ही, कई।

कइति सं० स्त्री० एक जंगली पेड़ और उसका फल जो गोल, सफेद और पकने पर खटमिठा होता है; पुं०-था; वै०-थि; सं० कपित्थ।

कइती सं० स्त्री० ओर, तरफ़; यहि-,इस तरफ; कउनो-,किस ओर, जौ० प्रत० प्रय०।

कइथऊ वि० कायस्थों का; वै० कय-।

कइथा सं० पुं० कइति (दे०) का बड़ा फल और पेड़; सं० कपित्थ।

कइथिनि सं० स्त्री० कायस्थ की स्त्री;-क डोला, बड़े विलंब की तैयारी; शादी के समय कायस्थों के यहाँ से दुलहिन का डोला (दे०) बहुत देर में निकलता है;-डोला करब, देर लगाना। सं० कायस्थ (कायथ, दे० + इनि)। सं०;

कइथी सं० स्त्री० वह भाषा जिसमें कायस्थ लोग प्रायः लिखते हैं। इसमें अक्षरों के ऊपर पाई नहीं लगती और यह शीघ्रता से लिखी जाती है। वै० -थथी, कै-। सं० कायस्थ।

कइदि सं० स्त्री० क़ैद, जेल;-होब,-करब,-जाब; अर० क़ैद।

कइदी सं० पुं० बंदी; क़ैद गया हुआ व्यक्ति; पकड़ा हुआ पुरुष या स्त्री; अर० क़ैद + सं० इन्।

कइनारा सं० पुं० शाखा;-फूटब, शाखा निकलना; वि०-नार,-इनियार, शाखोंवाला। स्त्री०-नि।

कइनि सं० स्त्री० बाँस की पतली टहनी;-अस, दुबला-पतला; 'कइनारा' का स्त्री०।

कइयाब क्रि० अ० काई से भर जाना; काई लग जाना; वै०-आब, कै-; दे० काई।

कइरी वि० स्त्री० कयर रंग की; दे० कयर; कयरा का स्त्री० ।

कइस वि० पुं० कैसा ; स्त्री०-सि०; वै०-सन,-नि;-कइस,-सन,-कइसन, कैसे-कैसे, किस-किस प्रकार के ।

कइसे क्रि०वि० कैसे, किस प्रकार; प्र०-सै;-कइसे, कैसे-कैसे;-सौ, किसी भी प्रकार; वै०-सय,-सो, -सौ ।

कइहा क्रि० वि० कब, किस दिन; वै० कहिया,-आ (दे०); प्र०-है,-हौ, कभी;-है न, बहुत दिन पूर्व ।

कउआ सं० पुं० कौआ;-हँकनी, कौओं को उड़ाने-वाली (एक स्त्री जिसकी कथा प्रायः देहात में कही जाती है); हँकनी, हाँकनेवाली । वै० कौआ,-वा सं० काक ।

कउआकमामा सं० पुं० एक जंगली लता और उसका फल जो पकने पर लाल हो जाता है; शायद यह नाम इसलिए है कि पकने पर इसे कौए बहुत खाते हैं । सी० ह०-बोड़ी ।

कउआब क्रि० अ० सोते हुए व्यक्ति का बड़बड़ाना; अंडबंड या निरर्थक बातें कहना ।

कउआरी सं० स्त्री० एक जंगली पौदा जो ज़हरीला होता है ।

कउआरोर सं० पुं० बड़ा शोर (जैसे कौए एकत्र होकर मचाते हैं); कौआ + रोर (पं० रोला, शोर-गुल),-मचाइब,-करब; अं० रोर, गर्जन ।

कउआली सं० स्त्री० एक प्रकार का गाना; इसके गानेवालों को कउआल कहते हैं और यह प्रायः कई गवैयों द्वारा एक साथ ज़ोर-ज़ोर से गाई जाती है । फ़ा० क़ौवाली ।

कउकिआब क्रि० अ० व्यर्थ चिल्लाना; बंदर की भाँति बोलना; काँयकाँय करना; क्रोध करना; वै०-उँ-,-याब ।

कउँची सं०स्त्री० पतली टहनी, विशेष कर अरहर के पेड़की जिसका टोकरी बनाने में उपयोग करते हैं ।

कउड़ी सं० स्त्री० कौड़ी जो पहले सिक्के की भाँति चलती थी;-काम कै नाहीं, किसी भी काम का नहीं, व्यर्थ; दुइ-क, किसी महत्व का नहीं; दुइ-क मनई, हलका मनुष्य, क्षुद्र पुरुष;-कउड़ी, थोड़ा-थोड़ा बचा करके, कठिनतापूर्वक (धन एकत्र करना);-क तीन, बेकार, निरर्थक, सस्ता, वै० कौड़ी ।

कउथाँ क्रि० वि० कौन सा बार, (जानवरों के ब्याने के लिए); स्त्री०-थीं, किस कला में, कौन सी ?

कउनि वि०स्त्री० किस, कौन-सी; प्र०-उ,-नी; तुल० कउनिउँ जतनि देइ नहिं जाना ।

कउनी क्रि० वि० किस मार्ग से, किधर, वि० किस; -ओर, किस ओर;-राहीं, किधर ?

कउने वि० पुं० किस, प्र०-उ, किसी भी ।

कउरब क्रि० स० 'खपरी' (दे०) में किसी अन्न को धीरे-धीरे भूनना (बिना घी तेल के);प्रे०-राइब,-उब,-वाइब,-उब; व्यं० जलाना, नष्ट करना, दुःख देना ।

कउरा सं० पुं० जाड़ों में तापने के लिए जलाई आग, अलाव;-करब,-बारब,-जराइब; मु०-लागब, बहुत गर्म हो जाना (ज्वर से शरीर का);-होब, गर्म हो जाना (क्रोध से); क्रि०-रब । सी० कुइरा ।

कउल सं० पुं० प्रतिज्ञा, वादा;-करब, वादा करना; -लेब, प्रतिज्ञा ले लेना;-क मनई,-क पक्का, अपनी बात का पक्का;-करार, शर्तें: फ़ा० कौल ।

कउलहा वि० पुं० देखने में निकृष्ट; स्त्री०-ही ।

कउली सं० स्त्री० दोनों बाहों को दोनों ओर से फैलाकर जितना घेरा बन जाता है उसके भीतर का स्थान;-भरब, हाथों से घेरकर पकड़ लेना; बँ० कोल (अंक); दे० कोरा, कोर; पं० कोल (पास); सी० -रयाब ।

कउस वि० पुं० गोरा पर देखने में बुरा; स्त्री०-सि, -सी; वै०-हा,-ही ।

ककई सं० स्त्री० राब की तरह की पतली मीठी द्रव वस्तु जो गन्ने के रससे तैयार की जाती है ।

ककऊ सं० पुं० 'काका' का व्यं० रूप; सर्वो० का भी रूप यहीं है । 'ऊ' लगाकर अनेक संज्ञाओं से घृणात्मक, दयाप्रदर्शक, व्यंग्यात्मक आदि रूप बनते हैं; प्रायः ऐसा किसी वर्णन में ही किया जाता है ।

ककना सं० पुं० कंगन; लोहे के कोल्हू की चूड़ियाँ जो 'मूड़ी' (दे०) के मत्थे पर होती हैं । दे०कोल्हू ।

ककनिआइब क्रि० स० हाथ से बहते हुए पानी के 'बरहे' (दे० बरहा) के दोनों ओर नीचे से गीली मिट्टी निकालकर ऊपर रखते जाना जिससे किनारों से पानी बहे नहीं और बरहा पुष्ट हो जाय । वै०-उब,-या ; प्रे०-वा , ककनियाने में सहायता देना ।

ककहरा सं०पुं०'क' से 'ह' तक के अक्षर; हिंदी वर्ण-माला पढ़ब,-घोखब, सारे अक्षर पढ़ना या याद करना । वै० के-सी० ह० ओनामासी ।

ककहा सं० पुं० कंघा; स्त्री०-ही; वै० कँ-;-करब, कंघा करना ।

ककही सं० स्त्री० एक घास जिसका फूल कंघी के आकार का होता है और जिसके पत्तों में लबाब होता है । रानी-, रानी कैकेयी; सं० कैकेयी का अपभ्रष्ट रूप ।

कका सं० पुं० काका, चाचा; प्रायः कविता में प्रयुक्त; उ० 'करति कका की सौंह'' । स्त्री० ककिआ; प्र०-क्का; । काका, काकी ।

ककिआ सं० स्त्री० काकी; यह पुकारने के ही लिए प्रायः कहा जाता है; उ० कहो ककिआ, खाब तैयार भा, कहो चाची, खाना तैयार हुआ ?-ससुर,-सासु, स्त्री या पति का काका या काकी ।

ककन सं० पुं० दोनों हाथों की उँगलियों को आपस में फँसाकर ज़ोर से चाहे अपने ही दोनों हाथों या किसी दूसरे के हाथ को पकड़े रहने की मुद्रा; -बोहब, ऐसी मुद्रा करना; सं० कंकण (क्योंकि इस प्रकार की स्थिति में कंकण की सी शक्ल बन जाती है); दे० ककनिआइब ।

कक्कू सं०पुं० काका या 'कक्का' का प्यार वाला रूप; ऐ प्यारे काका! कभी कभी काका के लिए परोक्ष में प्रयुक्त; उ० हमरे-आजु नाहीं आये, हमारे काकाजी आज नहीं आये।

कखउरी सं० स्त्री० काँख; वै०-खौरी, कँ-;-मु०-काँख के बाल, उ०-बनाइब,-बनवाइब, काँख के बाल बनाना या बनवाना।

कखरवारि सं० स्त्री० कखौरी में होनेवाली फुड़िया।

कगार सं०पुं० नदी या पहाड़ी का किनारा जो एकदम पानी या गड्ढे के पास ही हो। वै०-रा-।

कचकच सं० पुं० चिड़ियों के बोलने का शब्द; व्यं० कटु अथवा झगड़े वाले शब्द; वि० कुछ कुछ कच्चा; मु० अनुभवहीन।

कचकचाब क्रि० अ० किसी के ऊपर रुष्ट होकर या चिल्लाकर बोलना; डाँटना; 'कचकच' से।

कचकाइब क्रि० स० डंक मार देना; मु० मारना; वै० कु-; यह शब्द प्रायः बिच्छू के लिए बच्चों के संबंध में प्रयुक्त होता है।

कचड़ा सं० पुं० लड़ाई-झगड़ा; अशांति; वै० चकड़ा।

कचड़ा सं० पुं० कूड़ा-करकट; वि० गंदा, उ०-मनई, नीच प्रकृति का पुरुष; वै०-रा; सं० कचर(गंदगी)।

कचनार सं० पुं० एक पेड़ और उसका फूल जिसकी तरकारी बनती है। मु०-होब, हरा भरा होना।

कचपचिआ सं० स्त्री० सूक्ष्म तारों का एक समूह जो ठीक गिने नहीं जा सकते; वै०-ची; जा० "औ सो चंद कचपची गरासा"।

कचर सं० पुं० थोड़ा अपच; अधिक खाने के पश्चात् की दशा; धरब,-थाम्हब, अपच हो जाना।

कचरब क्रि० अ० बहुत खाना या मुफ्त का खाना; स० खूब खाना; हाथों, पैरों या गंभीर वस्तुओं से ज़ोर-ज़ोर दबाना; मु० बहुत मारना; प्रे०-वाइब,-उब,-राइब; भा०-राई,-रवाई।

कचाब क्रि० अ० हिम्मत न करना; शब्दतः इसका अर्थ है कच्चा सिद्ध होना; प्रे०-चवाइब, हिम्मत हारने में सहायता देना।

कचाहिन सं०स्त्री० अशांति; दुःख, निरंतर अशांति;-होब; वै०-नि,-हन,-हनि, कि-, दे० किचा; शायद 'कीच' से (अर्थात् कीचड़ की भाँति दुःखद)।

कचिआब क्रि० अ० दे० कचाब; इन दोनों क्रियाओं का भूतवाला रूप प्रायः बोला जाता है; उ० 'कचान' अथवा 'कचिआन' बाटैं, वे हिम्मत हार गये हैं; वै०-याब, कचु-।

कचूर सं० पुं० एक पौधा जिसकी जड़ सुगंधित और दवा के काम की होती है; हरियर-, खूब हरा (जैसे कचूर का पत्ता या उसकी जड़); इसकी जड़ सूखती नहीं और वही लगा दी जाती है।

कचेठ वि० पुं० कुछ-कुछ पक्का; पकने के निकट; स्त्री०-ठि।

कचेहरी सं० स्त्री० अदालत; बैठक; सभा;-लागब,-करब,-जाब। वि०-रिहा, कचेहरी करनेवाला (व्यक्ति) या,-संबंधी (कार्य)।

कचोरा सं० पुं० कटोरा; यह उच्चारण प्रायः स्त्रियों द्वारा किया जाता है; स्त्री०-री।

कचौड़ी सं० स्त्री० दाल भरी हुई पूड़ी (दे०); वह पूड़ी जिसमें आलू या और कुछ भरा हो।

कच्च सं० पुं० गिरने या टूटने की आवाज़;-सें,-धें, ऐसी आवाज़ के साथ।

कच्च-पच्च सं० पुं० भीड़; शोरगुल; 'कच्च' और 'पच्च' की अथवा जल्दी जल्दी बच्चों के बोलने की-सी आवाज़; बच्चों की बहुतायत; वै०-बच्च।

कच्चा वि० पुं० जो पका न हो (फल आदि); अपूर्ण (काम); अनुभवहीन (व्यक्ति);-पक्का, जैसा ही तैयार हो; जल्दी में तैयार की हुई वस्तु।

कच्ची वि० स्त्री० न पकी हुई; घी में न पकाई हुई (रसोई); अशिष्ट (बात); सं० पानी में पकाई रसोई; उ० हम यनके हाथे क कच्ची न खाब, मैं इसके हाथ की कच्ची (रसोई) न खाऊँगा; पूरी कचौरी आदि को पक्की कहते हैं।

कच्चै क्रि० वि० बिना पके या उबाले ही; मु०-खाब, देखकर जलना, देख न सकना; उ० मोकाँ देखिकै ऊ-खात है, मुझे देखकर वह बहुत जलता है। प्र०-कुच्चै, जैसा मिला वैसा ही।

कछनी सं० स्त्री० कमर से नीचे पहनने का कपड़ा; -काछब ऐसा कपड़ा पहनना; तुल०"कछनी काछे" जा० (अलंकार भूषित), पदु० १०, १२६।

कछार सं० पुं० नदी या झील का किनारा, ऐसे स्थान की भूमि या आबादी।

कछू सं० पुं० कुछ भी; वि० कुछ भी, कोई भी; 'कुछु' का प्र० रूप; प्र० कुच्छुइ, कुच्छ, कुच्छौ, वै० कुछू, कुछु।

कज सं० पुं० ऐब, दुर्गुण; वि०-जी; फा०, रक्स कर-दन खुद न दानद सहन रा गोयद कजस्त।

कजकई सं० स्त्री० चालाकी, 'कजाक' (दे०) होने का गुण या भाव, कज्ज़ाक का भा०, वै०-पन,-जाकी।

कजकपन सं० पुं० 'कजाक' से भा० सं० प्रायः 'कजकई' बोलते हैं।

कजरवटा सं० पुं० काजल रखने की ढक्कनदार डिब्बी जो टाँगी जा सकती है; स्त्री०-टी, वै०-रौ-, -टी; सं० कज्जल।

कजरहा वि० पुं० काजलवाला, काजल लगा हुआ, स्त्री०-ही, काजर+हा, ही; सं० कज्जल।

कजरार वि० पुं० काला, काजल की भाँति; स्त्री०-रि, काजर+आर (जैसे मटियार, बड़वार), सं०।

कजरी सं० स्त्री० दीपक से निकला हुआ कालिख; कालिमा, बादलों की घनी काली घटा;-बन, एक घना जंगल जिसका वर्णन कहानियों में आता है; -लागब, काली घटा छाना; सं० कज्जल।

कजरौटा सं० पुं० कजरवटा (दे०)।

कजा सं० स्त्री० अंत, मृत्यु;-आइब,-करब, मृत्यु आना, मर जाना;-होब; अर० कज़ा, मौत ।
कजाक वि० पुं० चालाक, स्त्री०-कि; भा० कजकई,-पन,-की; फ़ा० 'कज़ाक़' जो एक जंगली जाति का नाम है, ये बड़े चालाक तथा बेरहम होते हैं ।
कजिआयँ सं० स्त्री० झिकझिक, मीन-मेष, 'काज़ी' की भाँति बाल की खाल निकालने की क्रिया, -करब,-होब, छोटी छोटी बातों पर अड़ना । वै०-यावँ, अर० 'क़ाज़ी' ।
कजा त्रि० दुर्गुणवाला या वाली, ऐबी; फ़ा० कज, टेढ़ापन ।
कटक सं० स्त्री० लड़ाई, सं० कटक (फ़ौज), तुल० मरतिहु बार कटक संहारा ।
कटकटाब क्रि० अ० चिल्लाना, रुष्ट होना ।
कटघरा सं० पुं० लकड़ी का घर या घेरा, थोड़ी देर के लिए बनाया हुआ घर, वै०-र; कठ-; काठ+घर ।
कटच्छर सं०पुं०कटा अक्षर (लिखावट में), अशुद्धि ।
कटनी सं० स्त्री० घूमकर चलने या भागने की क्रिया;-कटाइब, पकड़ न जाने के लिए दूसरी ओर से निकल जाना ।
कटनवार सं० पुं० कटा हुआ टुकड़ा, बचा हुआ भाग; वै०-वर ।
कटब क्रि० अ० कटना; मरना; मरब-, लड़ना, मरना,-कुटब, कट जाना, प्रे० काटब, कटाइब,-वाइब,-उब ।
कटर-कटर सं० तथा क्रि० वि० किसी कड़ी चीज़ को दाँतों के नीचे काटने या दबाने की आवाज़; ऐसी आवाज़ के साथ; उ० चबाय लिहिस, उसने जल्दी-जल्दी चबा लिया; वै०कट्ट-कट्ट ।
कटरा सं० पुं० काठ का घेरा; मैदान; जिस मैदान से कोई चीज काटकर साफ कर दी गई हो; जंगल साफ करके अधिकार किया हुआ भाग ।
कटलहा वि० पुं० कटा हुआ; स्त्री०-ही; 'लहा' लगाकर क्रियाओं से 'भाग' का अर्थ देनेवाले शब्द बनते हैं; उ० फटलहा, फुटलहा; घृणा का भी भाव इससे प्रकट होता है ।
कटवाइब क्रि० स० कटाना; मरवा देना; काटने में सहायता देना; वै०-उब ।
कटवासी सं० स्त्री० कटे हुए बाँस का एक टुकड़ा; छोटा टुकड़ा; वै०-वाँ-; कट+बाँस । सं० वंश ।
कटहर सं० पुं० एक फल और उसका पेड़ जो गर्मियों में फलता है; पनस जिसे मालवा तथा महाराष्ट्र में फनस कहते हैं ।-हरी चंपा, एक चंपा जिसका फूल बड़ा होता है और जिसकी गंध पके कटहल की भाँति होती है ।
कटहरब क्रि० स० पीटना; खूब मारना; प्रे०-राइब, -वाइब,-उब ।
कटहा वि० पुं० काटनेवाला; स्त्री०-ही; सं० महा-ब्राह्मण जो मृत्यु-कार्य के दान लेता है ।
कटाँ वि० तन्मय; सब कुछ त्याग या कर देने वाला;-होब, किसी काम के लिए सब कुछ करने को तैयार हो जाना ।
कटाइब क्रि० स० कटाना; कटवाना; काटने के लिए आज्ञा देना, सहायता देना आदि ।
कटाई सं० स्त्री० काटने की क्रिया, मज़दूरी आदि;-करब,-लागब,-देब; प्रे०-वाई ।
कटा-कट्ट वि० बिना अन्न जल के, निराहार; क्रि० वि०बिना भोजन किये हुए, उ०कालही से-परा बाय, कल से ही निराहार पड़ा है ।
कटानि सं० स्त्री० काटने का दाँव; काटने की जगह । 'आनि' लगाकर 'दाँव' या 'समय' का निर्देश होता है, जैसे 'पहुँचानि' (दे०)=पहुँचाने या पहुँचने का अवसर, समय अथवा मौक़ा ।
कटार त्रि०पुं० काँटेवाला;स्त्री०-रि; वै० कँ-,सं० कंटक; छुरी-मारब,-मारि लेब, आत्मघात करना ।
कटारी सं० स्त्री० एक हथियार ।
कटासि सं० स्त्री० काटने की इच्छा; 'सि' लगाकर इच्छा प्रगट की जाती है; उ० हगासि, लिखासि, पियासि ।
कटिआ सं० स्त्री० (फसल के) काटने का मौसम, काटने की क्रिया;-परब,-होब,-करब; वै०-या;-बिनिया, काटकर तथा बीनकर (अनाज बटोरना) ।
कटील वि० पुं० काँटेवाला; स्त्री०-लि; अपत कँटीली डार (बिहारी); तेजधारवाला, काटनेवाला;-आँखि, पैनी आँख, काँटे की भाँति चुभनेवाली आँख ।
कटुआ वि० पुं०जिसके किनारे कटे हुए हों (गहना); स्त्री०-ई ।
कटुक त्रि० पुं० ज़रा सा भी अप्रिय;-बचन, तनिक अप्रिय शब्द; यह वि० केवल बात या शब्द के ही लिए आता है, उ०मैं तो वनकौं-बचन नाहीं कह्यों, मैंने तो उन्हें कुछ भी अप्रिय नहीं कहा ।
कटूसी सं० स्त्री० बचाने की कोशिश; कंजूसी; -करब, दबा लेना, आवश्यकता से अधिक बचा लेना; काट लेना (मज़दूरी, इनाम आदि); वि० कटुसिहा,-ही ।
कटेरा सं० पुं० काटनेवाला ।
कटैयाँ सं० पुं० स्त्री० काटने की इच्छा रखनेवाला या वाली; वै०-वैयाँ,-वइयाँ आदि; यह शब्द क्रिया के साथ ही प्रयुक्त होता है; उ०-चाहो,-होब,-चाहिन,-रहिन,-रहीं, काटनेवाले हो, काटना चाहा, काटनेवाले थे,-थी इत्यादि ।
कटैया सं० पुं० काटनेवाला; वै०-वैया,-इया,-वइया,-आ ।
कटोरा सं० पुं० कटोरा; स्त्री०-री,-रिया,-आ;-यस आँखि; कटोरा जैसी (बड़ी चौड़ी) आँखें;-यस मुँह बायें, कटोरे की तरह मुँह फैलाये ।
कटौती, सं० स्त्री० कमी; कम करने की बात; वै०-उती;-होब,-करब, कम होना, कम कर देना(वेतन, मज़दूरी अथवा मज़दूरों की संख्या) ।

कट्ट-कट्ट क्रि० वि० दे० कटर-कटर।
कट्ट-कुट्ट सं० पुं० काट-कूट (प्रायः लिखने में), इसी से कि० 'काटब-कूटब' भी बनती है।
कट्टू सं० पुं० (काल्पनिक) जन्तु जो काट ले; बच्चों को डराने के लिए प्रायः यह शब्द प्रयुक्त होता है, वि० भयावह; डरावना, [दोनों ही लिंगों में यह शब्द एक सा रहता है], वै० काट्टू।
कट्टा सं० पुं० भूमि के माप का एक अंश जो ५ हाथ होता है; मु०-देब, हटना, चलना, स्थान छोड़ना (अर्थात् एक कट्टा भी चलना), प्रायः यह मु० नकार के साथ बोलते हैं, वै०-न देहैं, वह चलेंगे ही नहीं।
कठई सं० स्त्री० मिट्टी का बरतन जिसमें गाय या भैंस दुही जाती है; यह नाम शायद इससे पड़ा हो कि प्रारंभ में यह बर्तन संभवतः काठ का रहता होगा। काठ+ई ? वै० (ल० सी० ह० आदि में) 'कछुई'; 'कच्छप' से ? सं० काष्ठ।
कठउता सं० पुं० काठ का बना थाल; स्त्री०-ती, कठवति वै०-ठौता,-ती।
कठऊ वि० काठ का बना; यह शब्द दोनों लिंगों में इसी प्रकार रहता है।-कोल्हू, लकड़ी का कोल्हू (जो पहले गन्ना पेरने के लिए प्रयुक्त होता था)।
कठकरेजी वि० बड़े दिलवाला; काठ+करेज (जिसका कलेजा लकड़ी का हो); दोनों लिंगों में यही रूप रहता है; भा० का रूप भी यही है। -करब, हिम्मत करना; सं० काष्ठ।
कठघर सं० पुं० दे० कटघरा; वै०-रा; काठ+घर (सं० काष्ठ+गृह)।
कठपुतरी सं० स्त्री० कठपुतली;-क नाचि, काठ की बनी पुतलियों का नाच;-होब, खूब काम करते रहना; सं० काष्ठ+पुत्तलिका।
कठबपवा सं० पुं० वह बाप जिसने किसी की विधवा माँ से ब्याह किया हो; प्रायः ऐसे ब्याह नीचे की जातियों में होते हैं और ऐसी अवस्था में पहले पति से उत्पन्न बच्चे माँ के साथ अपने 'कठबपवा' के घर आ जाते हैं। काठ+बाप (काठ का बाप, पिता जिसमें सच्चे पिता की भावनाएँ न हों); सं० काष्ठ।
कठमचवा सं० पुं०दे०खटमचवा; सं०काष्ठ+मंच।
कठाइन वि० जिसमें काठ की सी गंध या स्वाद हो; वै०-हिन;-आइब,-लागब। काठ+आइन (हिन); सं० काष्ठ।
कठिन वि० जो किसी की बात न समझे या न माने; मुश्किल; भा०-ई,-ता; सं०।
कठुआब क्रि० अ० (मिट्टी या दूसरे गीले पदार्थ का) कड़ा हो जाना; 'काठ' से (लकड़ी की भाँति कड़ा होना); सं० काष्ठ।
कठुला सं० पुं० कंठ में पहना जानेवाला गहना; सं० कंठ।
कठेठ वि० पुं० कड़ा; स्त्री०-ठि; सं० काष्ठ (लकड़ी की तरह);-होब,-करब (प्रायः गीली वस्तुओं का);
कठोर वि० पुं० कड़ा (शब्द, पुरुष); स्त्री०-रि; भा० -ई,-ता; सं०।
कठोली सं० स्त्री० लकड़ी की कटोरी; मु०-गढ़ब, देर तक निरर्थक बातें करते रहना; सं० 'काष्ठ'।
कठौता सं० पुं०काठ का बड़ा थाल जिसकी बारियाँ ऊँची होती हैं जिससे इसमें अधिक वस्तु रखी जा सके। सं० 'काष्ठ' स्त्री०-ती, कठवति। तुल० कठौता भरि लै आवा; वै०-उता (दे०)।
कठौवा वि० पुं० कठऊ (दे०); वै०-आ।
कड़कड़ाब क्रि० अ० 'कड़कड़' का शब्द करना; ज़ोर-ज़ोर से बोलना।
कड़कड़ाब क्रि० अ० घबराना; घबराकर चिल्लाना; प्रे०-ड़ाइब,-उब; भा० बड़ी;-बड़ी होब,-परब, घबराहट हो जाना।
कड़वाइब क्रि० स० काँड़ने (दे० काँड़ब) में सहायता करना, पिटवाना; भा०-ई; वै० कँड़ाइब,-उब।
कड़ा सं० पुं० पैर में पहनने का गहना;-छड़ा, दो चाँदी के गहने जो एक दूसरे के ऊपर पाँव में स्त्रियाँ पहनती हैं।
कड़ा वि० कठिन, कठोर, बहुत अधिक (दुःख या बीमारी);-होब; भा० -ई; स्त्री०-ड़ी; असंभव, उ०वनकै बचब-है, उसका बचना असंभव है।
कड़ाई सं० स्त्री० कड़ा होने का भाव; सख्ती;-करब,-होब।
कड़ाकुलि सं० स्त्री० एक प्रकार की पहाड़ी चिड़िया जो जाड़ों में मैदान की ओर सैकड़ों की संख्या में एकत्र उड़ती और बोलती हुई आती हैं। यह बहुत ऊँची उड़ती हैं और ज़ोर-ज़ोर से बोलती हैं; इसी से,-यस, शोर करनेवाला, मुहा० है।
कड़ाही सं० स्त्री० दे० कराही।
कड़ी सं० स्त्री० ज़ंजीर का एक भाग; लकड़ी का लंबा टुकड़ा जो मकान में लगता है; गाने का एक भाग; लकड़ीवाले अर्थ में वै०-री।
कड़ु वि० कड़वा या कडुई; वै०करू; सं० कटु।
कड़े-कड़े ध्व० कौवों को उड़ाने के लिए यह शब्द कहा जाता है; जैसे कुत्तों को बुलाने के लिए 'तूतू' (दे०) इत्यादि।
कड़ों-कड़ों ध्व०ज़ोर-ज़ोर से बोले या कर्णकटु शब्द; चिल्लाहट;-करब, शोर करना; शा० 'कर्ण' से संबद्ध (अर्थात् ऐसे शब्द जो कानों पर आक्रमण करें)।
कढ़ब क्रि० अ० निकलना; प्रे० काढब, कढ़ाइब,-वाइब,-उब; पं०।
कढ़ा सं० पुं० काढ़ा (दे०);-बनइब,-पियब।
कढ़ाइब क्रि० स० निकलवाना; ज़बरदस्ती करके निकालना; ज़ोर से निकालना; निकालने में सहा-

यता करना (कढ़ा, पहना गहना आदि)। वै०-उब; काढ़ा।

कढ़ाई सं० स्त्री० कड़ाही; दे० कराही।

कढ़ी सं० स्त्री० बेसन या अन्य आटे की बनी भोजन की सामग्री, जिसमें मसाले, गुड़ आदि पड़ते हैं और जो रोटी तथा भात दोनों के साथ खाई जाती है। महाराष्ट्रवाले इसमें और दाल में भी गुड़ डालते हैं।-चट्ट, मराठों का एक घृणात्मक नाम क्योंकि वे कढ़ी बहुत खाते हैं।

कढ़ुआ सं० पुं० ज़बरदस्ती किसी की कन्या का डोला (दे०) निकलवा कर उससे ब्याह कर लेने का रिवाज;-कढ़ाइब, ऐसा ब्याह कर लेना; 'काढ़ब' (निकालना) से। वि० पुं० निकाला हुआ; फेंका हुआ; घर से बाहर किया हुआ; निरर्थक; स्त्री० -ई।

कढ़ैआ सं० पुं० निकालनेवाला; नक्काशी करनेवाला, काढ़नेवाला या वाली। प्रे० कढ़वैआ; वै०-या।

कणजि सं० स्त्री० एक जंगली पौदा जिसकी छाल कड़वी होती है।

कत वि० पुं० कितने, कितना; बै०-रा,-तिक,-ना; स्त्री०-ति, प्र०-त्ती, केत्ती; कविता में 'केते' 'केती' प्रयुक्त होता है। प्र०-त्ता, केत्ता।

कतना वि० कितना, स्त्री०-नी; वै० के-,-रा,-री।

कतरन सं० पुं० कपड़े से कटे हुए छोटे-छोटे टुकड़े।

कतरनी सं० स्त्री० कैंची;-यस० जल्दी-जल्दी (जीभ चलना)।

कतरब क्रि० स० कतर लेना, काट लेना; मु० बात बनाना; वै० कु-, कुतु-(धीरे से); प्रे०-राइब,-वाइब,-उब; भा० -राई,-वाई।

कतर-ब्योंत सं० पुं० कठिनतापूर्वक प्रबन्ध; किसी प्रकार प्रबंध;-करब, किसी प्रकार पूरा करना या जुटाना; दे० ब्योंत, बेवँत; कतर (काट कूट) + ब्योंत (प्रबंध)।

कतराब क्रि० अ० किनारे चला जाना, अलग हो जाना; घबराना, डरना (किसी बात या व्यक्ति से)।

कतल सं० पुं० हत्या;-करब,-होब;-क रात, महत्त्वपूर्ण अवसर (मुहर्रम की कथा से); फ़ा० क़त्ल।

कतहुँ क्रि० वि० कहीं; किसी स्थान पर; सं० कुत्र; वै०-तौ; प्र०-हूँ,-तौं,-त्त-; चाहे-, चाहे कहीं;-न, कहीं नहीं।

कतवार सं० पुं० कूड़ा-करकट; खर-(दे० खर); वै० कनाउर।

कताइब क्रि० स० कतवाना, कातने में मदद करना; प्रे०-वाइब,-उब; वै० उब; भा० -ई,-वाई; कताई-बिनाई।

कताई सं० स्त्री० कातने की क्रिया, मज़दूरी आदि; -बिनाई, कातने और बुनने की कला।

कतिक वि० कितना, कितने, (यह शब्द संख्या तथा तौल आदि सब के लिए प्रयुक्त होता है)।

कतिकहा वि० कातिकवाला; कातिक में मस्त (कुत्ता); सं० कातिक।

कतौं क्रि० वि० कहीं; प्र०-त्तौं, कहीं भी; वै०-तहुँ,-त्तहुँ,-तहूँ; चाहे कहीं; चाहे जहाँ;-न, कहीं नहीं।

कतौ अव्य० या तो; वै० कि-।

कत्तई वि० निश्चित, पक्का; क्रि० वि० निश्चयपूर्वक (कहना, करना आदि); अर० क़तई।

कत्ती सं० स्त्री० एक प्रकार की बँधी-बँधाई पगड़ी जिसे सिर पर हाथ से फिर बाँधने की आवश्यकता नहीं पड़ती।-दार, कत्ती समेत,-वाला।

कत्थू वि० किसी भी; प्रायः यह शब्द निरर्थकता प्रगट करने के लिए प्रयुक्त होता है;-लायक नाहीं, किसी काम का नहीं;-काम कै न, निरर्थक।

कथक सं० पुं० नाचने और गाने का पेशा करनेवाला पुरुष; वै०-थि-,-त्थ-; सं० कथा (कथा गाकर सुनाने और नाटक करनेवाला); भा० -थिकई, कत्थक-पन,-ई।

कथरा सं० पुं० बड़ी मोटी कथरी (दे०); धृ० प्रयोग।

कथरी सं० स्त्री० फटी हुई बिछाने की (कई कपड़ों को एकत्र सीकर बनाई) वस्तु; पके कटहल का छिलका जिसका भीतरी भाग ग़रीब लोग खाते हैं;-गुदरी, फटा पुराना कपड़ा; प्र० कत्थर-गुदर; सं० कन्था; कहा०कत्थर गुदर सोवै मरजादू बइठि रोवै।

कथहा वि० कथा कहनेवाला (पंडित या ब्राह्मण); धृ० क्योंकि यह उन्हीं ब्राह्मणों के लिए आता है जो कथा कहकर ही अपना निर्वाह करते हैं।

कथा सं० स्त्री० सत्यनारायण की कथा; श्रीमद्भागवत की कथा; प्रथम अर्थ में पुंलिङ्ग भी बोलते हैं; पर दूसरे अर्थ में सदा स्त्री०;-कहब,-बैठब,-कहाइब, -बैठाइब, ऐसी कथा होना, या इसका कराना; -बार्ता, धार्मिक सम्मेलन या सत्संग; सं०।

कथिक दे० कथक, प्र०-त्थि।

कदम सं० पुं० पग, पैर, चरण;-उठाइब, चलने का कष्ट करना,-धरब, चलना, यक-, चारि-, थोड़ी दूर, फा० क़दम।

कदम सं० पुं० एक पेड़ और उसका फूल जो गोल पीले रंग का होता है और फल में परिवर्तित हो जाता है; साहित्य तथा गीतों में इसका विशेष वर्णन है, प्रायः कृष्ण संबंधी कथाओं में; सं० कदंब; वै०-भि, कभी-कभी स्त्री० में भी बोलते हैं, जैसे-मियाँ के तरें, कदम के नीचे।

कदर सं० स्त्री० मूल्य, आदर;-करब,-होब, बे-, नकदर, निकृष्ट (वि०), वै०-रि, वि०-री, क़द्र करने वाला; फा० क़द्र।

कदरई सं० स्त्री० दे० कादर, वै०-पन।

कदराब क्रि० अ० हिम्मत हारना, डरपोक हो

जाना, किसी काम में हिचक करना, कार्य प्रारंभ करके पीछे हटना; कादर (दे०) से।

कधवँ क्रि० वि० कौन जाने, शायद; वै०-धौं, -दहुँ,-धौं।

कन सं० पुं० कण; चावल, गेहूँ आदि अन्न के छोटे टुकड़े, अन्न का मैल;-खुदी, अन्न का फेंक देनेवाला भाग, निकृष्ट भाग या भोजन, वै०कना, स्त्री०-नी, सं० कण।

कनइल सं० पुं० एक फूल जो लाल तथा पीला होता है और जिसका पेड़ बड़ा होता है; कनेर, जिसका दूध आक के दूध की भाँति विषैला होता है। सं० कणेरु।

कनई सं० स्त्री० कीचड़,-होब, ठंडा हो जाना।

कनउज सं० पुं० कन्नौज जिसका आल्हा (दे०) में बहुत वर्णन है;-जिआ, कन्नौज का,-बाभन, कान्यकुब्ज ब्राह्मण।

कनऊ सं० पुं० काना व्यक्ति, 'काना' या 'कनवा' का आदरप्रदर्शक या व्यंग्यात्मक रूप, स्त्री० कानी।

कनखिआ सं० पुं० आँख का कोना, क्रि० वि० तिरछे (देखना, ताकना), वै०-आँ,-या, कोन+आँखि (आँख का कोना);-ताकब,-देखब;-अन, चुपके से या जल्दी (देखना)।

कन्चन वि०हरा-भरा,-होब; हरिअर-, खूब हरा-भरा (पेड़, बाग आदि); सोना,-बरसब, संपत्ति होना, सं० कंचन।

कन्चित क्रि० वि० शायद, सं० कदाचित् से।

कनचोदा वि० पुं० बदमाश, हरामी; कन (काना)+चोदा=काने (पिता) का जन्माया हुआ, स्त्री०-दी।

कन्छट सं० पुं० स्त्रियों का कोई गुप्तांग; यह शब्द केवल गाली में प्रयुक्त होता है; उ० तोरे-में, तेरे···, जैसे "तोरी गाँड़ी में···।"

कनछेदन सं० पुं० कान छेदने का संस्कार; वै०-नि, स्त्री०।

कनटोप सं० पुं० जाड़ों में पहनने की टोपी जिससे कान ढके रहते हैं; कन (कान)+टोप (टोपी) या तोप (दे० तोपब, ढकना); वै०-पा।

कनटाइन सं० स्त्री० झगड़ालू स्त्री; वि० लड़ाका (स्त्री); वै०-नि।

कनपटी सं० स्त्री० कान के पास का मत्थे का भाग; वै०-टा; कन (कान)+पटी (पट्टी=टुकड़ा)।

कनफटा सं० पुं० वह साधु जिसके कान फाड़ दिये गये हों; ऐसे साधू कुछ कबीरपंथी और कुछ गोरखनाथ के अनुयायी होते हैं।

कनफोर सं० पुं० ज़ोर का कर्णकटु शब्द जो बराबर होता रहे;-करब,-होब; कन (कान)+फोर फोरब=फोड़ना; दे० फोरब।

कनबोजा सं० पुं० कान के दोनों किनारे का भाग कान+बोजा।

कनमइलिया सं० पुं० कान से मैल निकालनेवाला व्यक्ति, जिसका यही पेशा होता है। ऐसे लोग अपने औज़ार आदि लिये घूमा करते हैं। कन (कान)+मइलि (दे०), मैल।

कनमनाब क्रि० अ० सोते से जग जाना; बुरा मानना; बड़बड़ाना; किसी बात को बुरा मानकर कुछ कहना या दौड़-धूप करना। कन (कान)+मन; कान से सुनकर मन में (किसी बात को) लाना।

कनरब क्रि० अ० किनारे से कटता जाना (फल, पत्ता अथवा पेड़, पशु या व्यक्ति का अंग); किनारा (दे०) से, यद्यपि 'किनराब' (दे०) एक दूसरी क्रिया भी है।

कनवा सं० पुं० काना पुरुष; यह घृ० रूप है और आदरप्रदर्शक रूप है 'कनऊ'। सं० काणः; यह शब्द वि० के रूप में भी प्रयुक्त होता है।

कनाब क्रि० अ० काना हो जाना; काने की भाँति व्यवहार करना; न देख सकना। सं०काणः (व्यं०)।

कनिआ सं० स्त्री० गोद; वै०-या,-आँ;-म, गोद में;-लेब, गोद में लेना; कभी कभी यह शब्द पुं० में भी बोला जाता है।

कनिआर वि० पुं० योग्य; दूसरों के लिए कुछ करनेवाला; स्त्री०-रि; वै०-न्हि-;-होब; सं० स्कंध (कंधेवाला); संस्कृत में पुरुषों के बड़े कंधों को समर्थता का सूचक कहा गया है-"व्यूढोरस्कः वृषस्कंधः शालप्रांशुः महाभुजः" (कालिदास); अथवा 'कनी' (दे०) से, जिसमें बहुमूल्य टुकड़े हों या होसकें।

कनी सं० स्त्री० छोटा टुकड़ा; प्रायः हीरे या अन्य बहुमूल्य रत्नों के टुकड़ों के लिए प्रयुक्त।

कनुआब क्रि० अ० गंदा हो जाना (पानी का); बरसात के बाद अथवा सफाई होने पर (कुएँ या तालाब के पानी का) गदला रहना; प्रे०-इब, मु० जिउ-, तबियत हट जाना, ऊब जाना।

कनुई वि० स्त्री० दे० कानी (उँगली, स्त्री)।

कनेठी सं० स्त्री० कान पकड़ने की क्रिया, या दंड;-लगाइब,-देब, कान ऐंठना; इस प्रकार दंड देना; सं० कर्ण+एंठब (दे०)

कनौजिया वि० पुं० कन्नौज का; दे० कनउज; अवध की कई जातियों में कनौजिया तथा अन्यान्य भेद होते हैं; सं० कान्यकुब्ज।

कन्जड़ सं० पुं० एक नीच जाति जिसके पुरुष गीदड़ आदि का शिकार करते हैं। ये लोग बहुत लड़ाके और प्रायः जंगली होते हैं। इसी से शोरगुल एवं झगड़ों के लिए इनका उदाहरण दिया जाता है; का-यस लड़त हौ, क्या कंजड़ों की भाँति लड़ते हो?

कन्जहा वि० पुं० जिसकी आँखें कंजे (दे०-जा) की भाँति भूरी हों; स्त्री०-ही; आ०-हऊ, घृ०-हवा,-हिआ; वै०-जा,-जी; कहा० करिया बाभन गोरिया सूद, कंजा तुरुक भुवर रजपूत।

कन्जा सं० पुं० एक कटीला जंगली पेड़ जिसमें काँटे होते हैं। इसकी झाड़ी होती है और इसके फल भूरे रंग के होते हैं जो कई ओषधियों में काम आते हैं।

कन्ना वि० पुं० कीड़ा लगा हुआ (फल, गन्ना आदि) स्त्री०-न्नी; क्रि०-ब, कीड़े से खराब हो जाना।

कन्यादान सं० पुं० कन्यादान;-देब,-लेब,-होब।

कन्नी सं० स्त्री० औज़ार जिससे राज काम करते हैं;-बँसुली, दोनों औज़ार।

कन्हावरि सं० स्त्री० वह कपड़ा जो वर की ओर से बधू के भाई (प्रायः छोटे) के लिए ब्याह में आता है; इसी को कंधे पर रखकर वह विवाह संस्कार में भाग लेता है; सं० स्कंध (कन्धे पर रखने के कारण)।

कन्हैया सं० पुं० श्रीकृष्ण जी;-होब,-बनब मौज करना; सं०।

कपछई सं० स्त्री० विपत्ति; कष्ट;-करब,-होब; सं० कफक्षय (जो रोगों का राजा कहा जाता है); वै०-पु,-फ।

कपट सं० पुं० धोखा, छल,-करब;-राखब; छल-; वि०-टी, कपट करनेवाला, सं०; मु० काट-कपट, अस्पष्ट व्यवहार।

कपटब क्रि० स० काट लेना; बचा लेना; काटब-चुराना; वै० कुपु-; प्रे०-टवाइब, कुपु-।

कपड़-छान सं० पुं० कपड़े से छानने की क्रिया या नियम;-करब, जैसे दवा आदि को करते हैं; कपड़ (कपड़ा) + छान (दे० छानब)।

कपड़ा सं० पुं० वस्त्र; लत्ता;-से रहब,-होब, ऋतुमती होना;-ही, कपड़े की दूकान या व्यापार;-ढ़हा, कपड़ेवाला;-ढ़ही करब, कपड़े की दूकान करना; कपड़ाही और कपड़ही दोनों रूप प्रचलित हैं।

कपार सं० पुं० सिर; तोहार-, तुम्हारा सिर (अस्वीकृति प्रकट करने का प्रबल रूप) अर्थात् तुम मूर्ख हो, तुम्हारी बात ग़लत है। सं० कपाल, कर्पर;-फोरब,-पीटब,-खाब, परेशान करना।

कपास सं० स्त्री० रुई; सं० कार्पास।

कपिला वि० स्त्री० काले और लाल के बीच के रंग की; प्रायः गाय के लिए ही यह वि० आता है; सं०।

कपूत सं० पुं० नालायक पुत्र; योग्य पिता का अयोग्य पुत्र; सं० कुपुत्र;-होब,-जनमब,-जनमाइब।

कपूर सं० पुं० कपूर; सं० कर्पूर।

कपूरा सं० पुं० बकरे का अंडकोष; स्त्री०-री; एक सुगंधमय जंगली बूटी;-जमाइब।

कपूरी सं० स्त्री० एक बूटी जिसके जड़ में कपूर सी सुगंध होती है। इसकी पत्ती साँप की दवा के काम आती है।

कफ सं० पुं० खाँसने पर भीतर से निकलनेवाला सफेद मैल;-करब;-धरब,-होब; सं०।

कब क्रि० वि० किस समय, प्र०-ब्बै,-ब्बौं,-हुँ, -हुँ,-बों;-ब्बै न, बहुत देर पहले;-ब्बौं त, कभी तो;-ब्बौं न,कभी नहीं।

कब न क्रि० वि० बहुत पहले; प्र० कब्बै न, कबय न; कब्बौं न (कभी नहीं)।

कबरा वि० पुं० काले और लाल रंग का; स्त्री० -री; चित-,काले और सफेद धब्बों वाला;-री; वै० काबर, चित-।

कबलै क्रि० वि० कब तक; वै०-लौं।

कबाइति सं० स्त्री० नियमानुकूल चलने, उटने बैठने आदि की क्रिया,-करब,-होब,-लेब,-देब; मु० नियमों का अत्यधिक पालन; कष्ट; वै०-वा-;अर० क़ायद (कायदः का बहुवचन)।

कबाब सं० पुं० भुना हुआ मांस का छोटा टुकड़ा जिसमें मसाला मिला होता है और जिसे लोहे के सिकचे पर रखकर सेंकते हैं;-होब, भुन जाना, बहुत अप्रसन्न होना; भीतर ही भीतर रुष्ट होना। अर०।

कबाला सं० पु० लिखित बिक्री-पत्र;-करब,-लिखब, -होब; अर० क़बाल:।

कबाहति सं० स्त्री० परेशानी; झंझट;-करब,-होब; वै०-ट,-टि।

कबिताई सं० स्त्री० कविता;-करब; मु० तरकीब, प्रयत्न;-लागब,-न लागब, तरकीब सफल होना या न होना। उ० "कवि कहँ देन न चहै बिदाई, पूछै केसव की कबिताई।"

कबित्त सं० पुं० छंद का एक भेद जिसे प्रायः पढ़े-लिखे देहाती भी याद रखते और गाते हैं। सं० कवित्व।

कबिरा सं० पुं० कबीर का नाम जो प्रायः इनकी बानियों में आया है। उ० "खरी-खरी कबिरा कही और कह्यो सब झूठ।"

कबिराज सं० पुं० अच्छा कवि; कविता सुना कर भीख माँगनेवालों की एक मुसलमान जाति का व्यक्ति।

कबीं वि० राजी;-होब,-रहब,-करब।

कबीर सं० स्त्री० एक प्रकार का गीत जो देहाती फागुन में गाया करते हैं और जिसमें प्रायः गाली-गलौज होता है। इसके अंत में "कबीर अरर..." होता है; वै०-रि;-बोलब,-गाइब, ऐसा गीत गाना। अर० कबीर (बड़ा)।

कबीसन सं० पुं० कमीशन;-देब,-लेब,-खाब; अं० कमिशन।

कबुज सं० पुं० अपच; कब्ज़;-होब,-धरब,-थाम्हब -करब; वि०-जी,-जिहा, जिसे कब्ज़ हो, अपच करने-वाला (पदार्थ); अर० क़ब्ज़।

कबुजा सं० पुं० क़ब्जा, अधिकार; यह शब्द दर-वाज़े में लगनेवाले उस लोहे के पेंच के लिए भी आता है जो लकड़ी में ठोंक दिया जाता है;-लगाइब; दे० क़ब्जा।

कबुर सं० स्त्री० कब्र; वै०-रि; अर० क़ब्र।

कबुलवाइब क्रि० स० स्वीकार कराना,कबूल कराना "कबूलब" से प्रे०; वैं०-उब,-लाइब,-लाउब ।
कबुली सं० स्त्री० एक प्रकार की सफेद मटर; दे० काबुली; इस प्रकार की मटर को "कबुली केराव" भी कहते हैं । दे० केराव ।
कबूतर सं० पुं० प्रसिद्ध चिड़िया; फ़ा० ।
कबूल वि० स्वीकृत;-करब,-होब; फ़ा० मक़बूल; क्रि०-ब, मानना, अर० कबूल ।
कबेलू सं० पुं० एक रंग; खपरैल ।
कबोधनि सं० स्त्री० व्यर्थ की बात;-गढ़ब,-करब, बकवास करना; सं० बोधय (बतलाना, वर्णन करना) ।
कबों क्रि० वि० कभी; प्र०-व्बौं; दे० कब; वैं०-बौं ।
कब्ज़ा सं० पुं० अधिकार;-करब,-होब,-लेब, -पाइब,-देब; वैं० कब-,-बुज़ा;-दखल, पूरा अधिकार, वास्तविक अधिकार, दे०-बुजा ।
कम वि० थोड़ा;अधिक नहीं यह शब्द संख्या तथा परिमाणवाचक दोनों है; भा०-मी,-ती फ़ा० कम;-तर, कुछ कम ।
कमकर सं० पुं० नीची जाति का व्यक्ति; वि० नीच जिसके माँ बाप का ठीक पता न हो; शूद्र; कम (काम)+कर (करनेवाला) अर्थात् खेती बारी या मज़दूरी का काम करनेवाला । भा०-ई ।
कमगर वि० पुं० काम का; लाभदायक; स्त्री०-रि; फ़ा० 'कारगर' का अनुकरण करके यह शब्द बना लिया गया है । दे० कामगीर ।
कमजोर वि० पुं० निर्बल; वैं०-ड़; भा० -री; पं० नाजोड़,-ढ़ी, फ़ा० कमज़ोर ।
कमती सं० स्त्री० कमी, आवश्यकता, टोटा; वि०, कुछ कम; फ़ा० कम ।
कमबुझ वि० पुं० कम बुद्धिवाला; बेसमझ; स्त्री०-झि; कम+बूझ (बुद्धि का बूझ हो गया है); सं० का ध प्राकृत में झ हो जाता है । भा०-ई, बुद्धि-हीनता ।
कमरा सं० पुं० कंबल; स्त्री०-री, छोटा कंबल; वैं० कम्मर; कहा० कम्मर पर जब परै पिछौरी जाइ बेचारा करै चिरौरी । (दे०)
कमवाइब क्रि० स० काम लेना; मज़दूरी कराना; भा० -ई; वैं०-उब; सं० कर्म ।
कमहृगि सं० स्त्री० काम करने की अवधि; मज़दूरी; परिश्रम;-करब,-होब; सं० कर्म ।
कमाई सं० स्त्री० उत्पन्न की हुई वस्तु; आमदनी; -खाब,-करब,-होब; सं०कर्म; फा०कमाईगर ।
कमाऊ वि० कमाई करनेवाला या वाली; मेहनती,-पूत, परिश्रमी पुरुष, सं० कर्म, फ़ा० कमाईगर ।
कमान वि० पैदा किया हुआ, उपार्जित,-खाब, निर्भर रहना; सं० कर्म ।
कमानी सं० स्त्री० लचनेवाली लोहे या अन्य धातु की स्प्रिंग; फा० कमान ।
कमाब क्रि० अ० काम करना, मज़दूरी करना, स० परिश्रम करके ठीक करना (खेत आदि), प्रे०-वाइब, -उब; सं० कर्म ।
कमासुत सं० पुं० काम करके दूसरों को खिलाने वाला व्यक्ति; कमा (कमाकर सहायता करनेवाला)=कमाऊ + सुत (पुत्र); वि० योग्य, श्रमी ।
कमिआगिरी सं० स्त्री० तरकीब या चालाकी से कुछ बचा लेने की आदत, कम कर देने की चाल, कमी + फ़ा० गीरी (ले लेना)=कमी करके (स्वयं) ले लेना, वैं०-यागीरी; अर० कीमिया (रसायन) ।
कमी सं० स्त्री० न्यूनता;-करब,-होब ।
कमीचि सं० स्त्री० छोटा नये ढंग का कुर्ता, कमीज़; अर० क़मीज़, लै० केमीसिया ।
कमीना वि० पुं० नीच, दुष्ट, स्त्री०-नी, भा०-पन, -मिनई,-मिनपन; अर० कमीनः ।
कमीसन दे० कबीसन ।
कमेटी सं० स्त्री० सलाह, कई व्यक्तियों की बैठक, -करब,-होब, वैं० कु-, अं० कमिटी ।
कमेरा वि० पुं० कमानेवाला ।
कमोरा सं० पुं० बड़ा घड़ा, मटका, स्त्री०-री ।
कम्मर दे० कमरा, कंबर ।
कय वि० कितने,-ठूँ,-ठें, संख्या में कितने, वैं०-इठूँ, -ठें,-ठौं, कै;-जने, कितने पुरुष,-जनी, कितनी स्त्रियाँ । प्र० कइउ, कइयउ,-अउ, कई । सं० कत
कर सं० पुं० कल;-पुर्जा; घाँट, तरकीब ।
कर संबोध-सूचक शब्द, का, की, उ० यन-,वन-, जेकर बिटिया, जिसकी बेटी, स्त्री० कभी-कभी -रि ।
करइल सं० पुं० बाँस का कोपल, बाँस की नई डाल,-यस, ख़ूब लंबा ।
करक सं० पुं० पेट का दर्द;-थाम्हब,-पकरब,पेशाब रुकने के कारण दर्द होना, सं० कर्क ।
करकच सं० पुं० बार बार का झगड़ा,-करब,-होब वि०-हा,-ही,-करनेवाला,-ली, झगड़ालू ।
करकट सं० पुं० कूड़ा, कचड़ा, कूरा- ।
करकब क्रि० अ० दर्द करना (काँटा आदि) ।
करकस वि० पुं० सख्त काम लेने में कड़ा, स्त्री०-सि, भा०-ई; सं० कर्कश ।
करछ सं० पुं० नमकीन एवं कटु स्वाद,-मारब, वैं०-र्छ, क्रि०-छाब, ऐसा लगना ।
करछुलि सं० स्त्री० कलछी, पुं०-ला, वैं० कल- ।
करजा सं० पुं० ऋण,-देब,-लेब, वैं०-जि, अर० क़र्ज़; वि०-जी, ऋणी,-जिहा, ऋण लेनेवाला ।
करनी सं० स्त्री० बुरा काम, वैं० कनी; कुल-करब, -होब, सब कुछ करना या होना (बुराभला सब) ।
करब क्रि० स० करना, प्रे०-राइब,-वाइब,-उब ।
कराइब क्रि० स० करवाना, करब का प्रे०, वैं०-उब, प्रे० करवाइब,-उब; सं० क्रि ।

करा सं० पुं० सन (दे०) या मूँज (दे०) का टुकड़ा; दो करे मिलाकर रस्सी बटी जाती है। उ० यक करा पेटुआ (दे०), एक टुकड़ा सन, मूँज, यह शब्द पुं० और स्त्री० में तथा बहुवचन में भी एक सा ही रहता है, चारि करा इत्यादि।

करायल सं० पुं० एक प्रकार का गोंद या लासा जिसमें खुशबू होती है। इसे देहाती स्त्रियाँ माँग सँवारने में लगाती हैं।

करार सं० पुं० समझौता, वादा, किनारा (दे० करारा);-करब,-होब,-मदार, एक दूसरे से किया हुआ निश्चय: फा० करारदाद।

करारा वि० पुं० सख्त, बलवान, स्त्री०-री, सं० पुं० किनारा (नदी या ताल का); वै०-र, "माँगत नाव करार पै ठाढ़े"-तुल०।

करारी क्रि० वि० अवश्य, निःसन्देह, करार के अनुसार।

कराल वि० कठोर, निर्दय; सं०।

कराह सं० पुं० लोहे का बड़ा बर्तन, जिसमें गन्ने का रस आदि पकता है; कड़ाह; स्त्री०-ही; सं० कटाह।

कराही सं० स्त्री० कड़ाही:-मानब,-देब,-चढ़ाइब, देवी देवताओं के स्थान पर (कड़ाही में) पकवान बनाकर अर्पित करना; सं० कटाह।

करवँट सं० पु० करवट,-लेब,-करब,-बदलब।

करिंगा सं० पुं० आल्हा में वर्णित प्रसिद्ध पुरुष जिसे करिया, करिंगाराय आदि भी कहते हैं।

करिआ वि० काला या काली, यह शब्द भी दोनों लिंगों में एक सा रहता है, उ०-मरद,-मेहरारू (दे०); कड़ा०-अच्छर भइँस बराबर; करिआ बाभन गोरिया सूत; करिंगन, खूब काला (जामुन)।

करिआइब क्रि० स० भीतर कर देना, बंद कर देना (पशु, मनुष्य आदि को); बंदी करना; प्रे०-वाइब; करिआब का प्रे०। सं० कारा।

करिआब क्रि० अ० भीतर बंद होना, क़ैद हो जाना, प्रे०-आइब,-उब, सं० कारा से, भू० करिआन। (भीतर बंद या घुसा हुआ)।

करिआरी सं० स्त्री० एक जंगली पौदा जिसमें विष होता है।

करिक्का वि० पुं० काला; स्त्री०-क्की।

करिखहा वि० पुं० कालिख लगा हुआ; काला; शर्मिंदा; बेशर्म, स्त्री०-ही।

करिखा सं० पुं० कालिख,-देब,-लागब,-लगाइब, मुँह काला कर लेना, (शर्म अथवा बदनामी के कारण)।

करिगइ सं० पुं० जुलाहे का औज़ार जिससे बुनाई होती है, कहा० करिगइ छाँड़ि तमासे जाय, नाहक चोट जोलाहा खाय।

करिना सं० स्त्री० कन्या; अविवाहित लड़की;-दान,-देब;-खवाइब, कन्याओं को भोजन कराना (प्रायः नवरात्रों में या मानता में);-कुँआरि, कुँआरी कन्या।

करिया वि० दे०-आ;-भुजंग, साँप जैसा काला;-बादर होब, बादलों की भाँति एकत्र हो जाना।

करियाइब क्रि० स० बंद करना, क़ैद कर देना; वै० करिआ-; प्रे०-वाइब,-उब; सं० कारा।

करिवाइब क्रि० स० जेल करा देना, बंद करने में सहायता करना (पशुओं को); वै०-उब; सं० कारा।

करिहाँव सं० स्त्री० कमर;-भर (पानी), कमर तक गहरा: प्र०-हाईं भर; सं० कटि।

करी सं० स्त्री० दे० कड़ी: यह शब्द प्रायः लकड़ी वाले अर्थ में ही आता है; जंज़ीर और गानेवाले अर्थ में 'ड़ी' रहता है। दे० कड़ी।

करीना सं० पुं० तरीक़ा, आदत, व्यवहार; अर० करीन:।

करीब वि० निकट;-बी,-निकट का (नातेदार); अर० करीब।

करील सं० पुं० एक जंगली पेड़ जो ब्रज में बहुत होता है और जिसका ब्रज-काव्य में प्रायः वर्णन है।

करुआई सं० स्त्री० कड़आपन; वै०-आई; सं० कटु।

करुआर सं० पुं० लोहे का काँटा,-लगाइब,-लागब।

करुआब क्रि० अ० कड़आ लगना, कड़ुआ हो जाना, सं० कटु।

करुई वि० स्त्री० थोड़ी देर पूर्व लगी हुई (नींद); इसका अर्थ शायद यों हो गया कि ऐसी नींद का टूटना बहुत बुरा लगता है। सं० कटु।

करुख वि० कटु (शब्द),-बोलब,-कहब, कड़ा शब्द कह देना; वै० कु-; सं० कटु, करुष, कर्कश; फ़ा० करख्त।

करेंठा वि० पुं० काला; काला (व्यक्ति); घृ०, स्त्री० -ठी, बदमाश काली स्त्री।

करेज सं० पुं० कलेजा; हिम्मत; दिल;-करब,-होब; बड़ा-, बहुत हिम्मत; कठ-जी, हिम्मतवाला (जिसका कलेजा लकड़ी का सा हो);प्र०-जा,स्त्री०-जी।

करेजी सं० स्त्री० बकरे आदि के कलेजे का नरम भाग जो खाया जाता है; कठ-,दे० करेज।

करेर वि० पुं० सख्त; कड़ा; अधिक अवस्था का (जवान); स्त्री०-रि; मु० पुष्ट, बलवान;-करब,-परब, सख्ती से व्यवहार करना; भा० -री,-रई।

करैआ सं० पुं० करनेवाला; वै०-या;-धरैआ, परिश्रम करानेवाला: सहायक।

करैला सं० पुं० करेला; स्त्री०-ली; वै० करइ-; कहा० यकता-दुसर नीम चढ़ा।

करैया सं० पुं० करनेवाला; "करैआ" का प्र० रूप।

करोइब क्रि० स० नीचे से पोंछ या खुरच लेना; अच्छी तरह पोंछना।

करोनी सं० स्त्री० जिस मिट्टी के बर्तन में दूध खौलाया जाय उसके भीतर से खुची हुई मलाई जो सोंधी

होती है और प्रायः छोटे-छोटे बच्चों को दी जाती है। सी० ह०-रवावनि,-वनी,-चनि।
करोर सं० पुं० करोड़; सं० कोटि; वै० कि-।
करोरब क्रि० स० खुरचना; प्रे०-रवाइब,-उब।
करौनी सं० स्त्री० कुछ करने की मज़दूरी।
करब क्रि अ० शाप देते रहना, दाँत-,ईर्ष्या करना, बुरा चाहना।
कलँगी सं० स्त्री० पगड़ी के ऊपर निकला हुआ अंश; चिड़ियों के सिर पर उठा हुआ भाग, जुलफ़ी।
कल सं० पुं० कुशल, ठीक हालत;-कुसल, अच्छा समाचार;-से;-परब;-पाइब; आराम पाना।
कलई सं० स्त्री० क़लई;-करब,-होब; फ़ा० क़लई।
कलऊ सं० पुं कलियुग; सं० कलि।
कलक सं० पुं० हृदय की अपूर्ण इच्छा;-होब,-रहब, -मिटब,-मिटाइब; अर० क़िल्क़।
कलकलाब क्रि० अ० (खौलते घी या तेल की) 'कलकल' आवाज़ करना; प्रे०-इब,-उब, खौलाना।
कल-कुसल सं० पुं० आनंद, मंगल, कल्याण।
कलजुग सं० पुं० कलियुग;-हा, कलियुग की (बुरी) बातें जानने या करनेवाला; स्त्री०-ही, वि०-गी, कलियुग का; सं०।
कलझब क्रि० अ० दुःख या वियोग से तड़पना; प्रे०-झाइब,-उब,-वाइब,-उब।
कलपब क्रि० अ० हार्दिक इच्छा करना; तरसना; प्रे०-पाइब,-उब; सं० कल्प।
कलबली सं० स्त्री० खुजली की एक उपजाति; -होब।
कलम सं० स्त्री० लेखनी; प्रायः-मि; सं० कलम, फ़ा० क़लम; लै० कैलमस।
कलसा सं० पुं० पानी का घड़ा; स्त्री० सी, सं० कलश; सी० ह०-सु।
कलह सं० पुं० झगड़ा;-ही, झगड़ालू; कभी-कभी स्त्री० में भी बोला जाता है। वै० कल्ला, झगरा-कल्ला;-होब,-करब; सं०।
कलाँ वि० उम्दा, बढ़िया,-रासि, बहुत बढ़िया (वस्तु, जानवर); प० कलारास, स्वागत; फ़ा० कलान (बड़ा)।
कला सं० स्त्री० चाल, चतुरता, चालाकी;-करब, -आइब,-पढ़ब;-वंत, चालाक।
कलाई सं० स्त्री० हाथ की कलाई;-घड़ी, हाथ पर बाँधने की घड़ी।
कलाक सं० पुं० घंटा; यह शब्द प्रायः बम्बई, कलकत्ते आदि से नौकरी करके लौटे हुए देहाती बोलते हैं; अं० क्लाक, ओ'क्लाक (बजे)।
कलाबाजी सं० स्त्री० ऐसे खेल जिसमें शरीर को मोड़ने का अवसर आता हो;-करब,-देखाइब; सं० कला+फ़ा० बाज़ी।
कलाम सं० पुं० शब्द, बात; ज़रा सी बात; एक-, ज़रा सी बात; अर० कलाम।
कलि सं० स्त्री० आराम, सुख, छुटकारा, (बीमारी से) फ़ुरसत;-होब,-पाइब; वै०-ल।
कलिआ सं० स्त्री० मांस;-खाब,-बनइब (दे०); अर० क़लियः (मांस-खंड): "हाज़िर है जो कुछ दाल दलिया, समझिये उसको पुलाव क़लिया" -अकबर।
कली सं० स्त्री० बंद फूल; खटाई का टुकड़ा (एक-खटाई); मिरजई (दे०) या कुरते के किनारे का तिकोना भाग, जिसे कल्ली भी कहते हैं।
कलील वि० थोड़ा, कम; अर० क़लील।
कलेवा सं० पुं० सबेरे का पहला भोजन; विवाह का एक रस्म: वै०-ऊ; -करब।
कलेस सं० पुं० कष्ट, दुःख. सं० क्लेश,-होब,-देब, -करब, दुःख उठाना,-सित, दुखित, दुःख में।
कलोरि सं० स्त्री० वह गाय जिसके बच्चा न हुआ हो; वि० के रूप में भी प्रयुक्त।
कलोल सं० पुं० खेल, आनंद, स्त्री-प्रसंग;-करब; वै० कि-; सं० कल्लोल।
कल्ला सं० पुं० पेड़ का नया अंग; मनुष्य की कलाई,-फूटब,-पकरब; झगरा-,लड़ाई-झगड़ा। स्त्री० -ल्ली (दे० कली)। दे० गद्दा।
कल्लाब क्रि० अ० घिसने के कारण दर्द करना (जैसे चलते-चलते पैर का)।
कल्हारब क्रि० स० घी या तेल में खूब भूनना; मु० जलाना, तंग करना, दुःख देना; प्रे०-ल्हरवाइब, -उब।
कवर सं० पुं० नेवाला, ग्रास; वै० कौर; सं० कवल।
कवरा सं० पुं० रोटी का टुकड़ा जो प्रायः कुत्ते को दिया जाता है; वै० कौ-;-देब,-माँगब, भीख में भोजन माँगना,-पाइब; सं० कवल।
कवल सं० पुं० कमल, कमल का फूल; वै० के-, कँ-,-ला; सं० कमल।
कवलहा वि० पुं० दे० कउलहा।
कवही सं० स्त्री० दरवाज़े के पीछे का भाग जहाँ से बाहर की बात सुनाई दे।-लागब, चुपके से सुनना।
कवाइति सं० स्त्री० दे० कबाइति।
कस वि० पुं० कैसा; स्त्री०-सि; कस, कैसे-कैसे; म०-स, किस प्रकार; वै० क्यस, केसस, केस-केस; सं० कः।
कसक सं० स्त्री० अपूर्ण इच्छा; हार्दिक इच्छा; वै०-कि;-मिटाइब,-रहब।
कसकुट सं० पुं० काँसा और पीतल मिला हुआ; वि०-हा, ऐसे मिलावट का बना हुआ (बर्तन); कस (काँसा)+कुट (कुटा हुआ); सं० कांस्य।
कसद सं० पुं० इच्छा, निश्चय;-करब,-होब; वि० -दी; अर० क़स्द।
कसनि सं० स्त्री० कस देने की क्रिया; कसने की बात; कसने का तरीका।
कसब क्रि० स० कसना; मजबूत करना; कस

देना; मु० ताकीद कर देना; डाँट देना; प्रे०-साइब, -वाइब,-उब ।

कसब सं० भा० वेश्या वृत्ति;-करब,-कराइब, ऐसी वृत्ति करना या कराना । अर० ।

कसबा सं० पुं० छोटा नगर; बड़ा गाँव । फ़ा० ।

कसबी सं० स्त्री० वेश्या ।

कसम सं० स्त्री० शपथ;-खाब,-धराइब; वै०-मि; अर० क़सम ।

कसयपन सं० पुं०कसाई का काम; निर्दयता;-करब, निर्दयी होना: अर० क़स्साबी: वै०-सै -।

कसरि सं० स्त्री० कमी:-रहब,-करब,-होब,-पाइब, -देखब; भोजन की कमी, इच्छित काम की अपूर्ति, -काढ़ब,-लेब,-निसारब, बदला लेना,-निकालना; अर० कसर ।

कसा वि० पुं० कड़ा किया हुआ, सख्त बँधा हुआ, मज़बूत फँसा हुआ, स्त्री०-सी ।

कसाई सं०पुं०पशुओं की हत्या करनेवाला, मु० वि० निर्दय, कठोर (पुरुष);-क काम, निर्दयता; कसयपन, कसाई की वृत्ति, कठोरता;-करब, अर० क़स्साब ।

कसाब क्रि० अ० (किसी पदार्थ का स्वाद) खराब हो जाना, काँसे का सा स्वाद हो जाना, पीतल के बर्त्तन में रखी हुई (दही आदि की तरह की) वस्तु का स्वाद-भ्रष्ट हो जाना; "काँसा" से; प्रे० कसवाइब,-उब । सं० कांस्य ।

कसाला स० पुं० कष्ट; बहुत परिश्रम;-करब,-होब; सं० कष्ट ।

कसि वि० स्त्री० कैसी, किस प्रकार की; 'कस' का स्त्री०; दे० 'कस' ।

कसूर सं० पुं० अपराध,-करब,-होब,-पाइब, -देखब,-रहब;-दार,-वार, अपराधी (पुं०),-रि (स्त्री०), अर० क़ुसूर ।

कसेर सं० पुं काँसे (और पीतल) का काम करने-वाला, कँसेरा;-पन,-ई, कसेर का काम या व्यापार, सं० कास्य ।

कसैपन सं० पुं० कसाई का काम या उसका सा व्यवहार, निर्दयता; दे० कसयपन ।

कस्तूरी सं० स्त्री० कस्तूरी; वि० चालाक; चलता हुआ;-होब, चतुर हो जाना; वै०-ह· सं० ।

कहँ क्रि० वि० कहाँ, कविता में प्रयुक्त, प्र०-वाँ ।

कहँरई सं० स्त्री० कहार का काम या उसका सा व्यवहार, वै०-पन ।

कहँरब क्रि० अ० कहरना, कराहना, दुःख के मारे धीरे-धीरे चिल्लाना;वै०-रहब,-लहब(सी०ह०) प्रे० -रवाइब ।

कहँरवा सं० पुं० कहारों द्वारा गाया जानेवाला एक गीत और उसका राग ।

कहकहा सं० पुं० ज़ोर की हँसी,-मारब,-लगाइब, अर० क़हक़हः (खन्दये क़हक़हः) ।

कहकुति सं० स्त्री० जनश्रुति, व्यर्थ की बात, -सुनब,-होब, सं० कथ् ।

कहनी सं० स्त्री० कहानी, वै० कि-, किहि-,-हि-, -कहब,-सुनब,-सुनाइब; सं० कथ् ।

कहब क्रि० स० कहना, सूचना देना, प्रे०-हाइब,-उब,-हवाइब,-उब, सं० कथ् ।

कहवाँ क्रि० वि० किस स्थान पर; 'कहाँ' का प्र० रूप ।

कहवाइब क्रि० स० कहलाना, सूचना भेजना; वै० -उब ।

कहाँ क्रि० वि० किस स्थान पर,-कहाँ, किस-किस स्थान पर, जहां-, यत्र तत्र, थोड़ा-बहुत;-है; क्या बात करते हो,-कहब ।

कहाउति सं० स्त्री० मृत्यु की सूचना,-देब,-जाब; लाइब,-कहब,-आइब, वै०-वति ।

कहानी दे० कहनी ।

कहार सं० पुं० एक उपजाति जो पानी भरने, बर्तन माँजने आदि का सेवा-कार्य करती है, तुल० भरि-भरि भार कहारन आना;-री, पालकी उठाने की कहारों की मज़दूरी: भा०-हराई,-पन, वै०-हाँर ।

कहावति दे० कहाउति ।

कहासि सं० स्त्री० कहने की अनावश्यक इच्छा या आदत,-लागब,-होब. 'कहब' से ।

कहिआ क्रि० वि० किस दिन, कितने दिन पर, वै०-या, प्र०-औ, जहिआ-, कभी-कभी, यदा-कदा, कहिओ न, कभी भी नहीं; सं० कदा ।

कहुँ क्रि० वि० कहीं; वै० प्र० कहूँ; जहँ-,जहाँ कहीं, कहुँ-कहुँ, कहीं-कहीं (तुल० कहुँ-कहुँ वृष्टि सारदी थोरी), कहुँ न, कहूँ न, कहीं नहीं;-नाहीं, कहीं भी नहीं ।

कहें क्रि० वि० कहने पर, धोबी गदहा प नाहीं चढ़त, कहने से धोबी गधे पर नहीं चढ़ता । सं० कथ् ।

कहैआ सं० पुं० कहनेवाला, बोलनेवाला, टोकने या रोकनेवाला, प्र०-वैया, वै०-या, कहइआ,-या । सं० कथ् ।

कहो संबो० क्यों; कहिये, उ०-भैया, क्यों भाई, कहो, बाति ठीक है न, कहिये, यह बात ठीक है न ? वै०-हौ; सं० कथ् ।

काँकर सं० पुं० कंकड़, पाथर, कूड़ा-करकट (भोजन का रद्दी सामान) ।

काँकरि सं० स्त्री० ककड़ी; अं० कुकुम्बर ।

काँखब क्रि० अ० काँखना, दर्द के कारण धीरे-धीरे कराहना;-पादब, दुःख के कारण धीरे-धीरे चलना-फिरना मु०बहाना करना, हिचकिचाना ।

काँखा-सोती क्रि० वि० एक काँख के नीचे से ले जाकर दूसरे कंधे के ऊपर से, जैसे दुपट्टा बाँधा जाता है । तुल० ।

काँखि सं० स्त्री० काँख, कँखौरी ।

काँच सं० पुं० शीशा ।

काँजी सं० स्त्री० खटाई; पानी में डालकर कुछ फलों या गाजर आदि के टुकड़ों से बनी खटाई

जो पाचक रूप से पी जाती है। "दूध दही ते जमत है, काँजी ते फटि जाय।"

काँटा सं० पुं० काँटा, लोहे का एक औज़ार जिससे कुएँ में गिरे हुए बर्तन फँसाकर निकाले जाते हैं; कुछ देहाती लोग (प्रता०, सु० आदि में) 'काँट' भी बोलते हैं। राहि क-,बाधा,-काढ़ब,-रून्हब (दे०);-होब, बहुत दुबला हो जाना, सूख जाना (व्यक्ति का); सं० कंटक।

काँड़ब क्रि० स० पैर से दबाना; खूब मारना; पीटना; प्रे० कँड़ाइब,-उब,-वाइब,-उब।

काँड़ी सं० स्त्री० दे० कँड़िआ।

काँपब क्रि० अ० काँपना; डरना, बहुत भय खाना; प्रे० कँपाइब,-उब,-कँपवाइब,-उब; सं० कम्प।

काँपी सं० स्त्री० लिखने के लिए कई पन्नों की एक बही जो किताबनुमा हो; अं० कापी बुक।

काँवरि सं० स्त्री० बहँगी, जिसके दोनों ओर मनुष्य बैठाये जायँ जैसा श्रवण ने किया था;-खेइब,-बहब, पार करना, कष्ट उठाना।

काँसा सं० पुं० पीतल और ताँबे की मिलावट।

का सर्व० क्या, वै० काव, द्वि० का-का, क्या-क्या, काव-काव, कौन-कौन सी वस्तु या बात, सं० का (वार्त्ता); संबो० क्यों, क्यों जी, कहिये; इसके आगे संबोधित व्यक्ति का नाम जोड़ देते हैं; पश्चिम में "कै, कै हो" बोलते हैं। दे० कै।

काई सं० स्त्री० काई,-लाग,-होब, वि० कइआन (काई लगा हुआ), कइआहा,-ही।

काउँ-काउँ सं० पुं० काउँ-काउँ;-करब,-होब, व्यर्थ की बातें करना,-होना; वै०-वँ।

काकजंघा सं० पुं० एक घास जो दवा में काम आती है। इसके छोटे पौदे की शाखायें कौए की टाँगों की भाँति होती हैं, इसी से इसका यह नाम पड़ा है। वै० ग-, सं०।

काका सं० पुं० चाचा, पिता का छोटा भाई; स्त्री०-की;-लागब,-कहब, सं०।

काकुनि सं० स्त्री० एक अन्न जिसके दाने गोल-गोल सुनहले रंग के होते हैं। माल-, एक जंगली लता जिसके बीजों से तेल निकाला जाता है जो ओषधि के काम आता है।

काची-कूची सं० कचड़ा; प्रायः मातायें छोटे बच्चों का मुँह धोते समय कहती हैं-"काची-कूची कौआ खाय, दूध भात मोर (बतासा) भैया खाय।"

काछब क्रि० स० बर्तन या द्रव वस्तु को पोंछ लेना, साफ़ करना, प्रे० कछवाइब,-उब;कछनी,-विशेष प्रकार से धोती पहनना, तुल०।

काज सं० पुं० काम; काम-,सं० कार्य;-करब,-होब, -आइब,-जें आइब, समय पर सहायक होना,-जें कामें, अवसर विशेष के समय, राज-, संपत्ति, काम-काजी, परिश्रमी, काम में लगा रहने वाला।

काजर सं० पुं० काजल;-पारब, काजल तैयार करना, आँखि क-काढ़ब, चतुरतापूर्वक ले लेना; चालाकी करना;-देब, विवाह की एक रस्म जिसमें बहिन या बुआ दूल्हे की आँख में काजल लगाती है। सं० कज्जल।

काजी सं० पुं० मुसलमानों के धार्मिक व्यवस्था-दाता; वि० काम करनेवाला; काम-, परिश्रमी; अर० क़ाज़ी।

काट सं० पुं० तरकीब; किसी चाल या कठिनाई के विरोध में दूसरी चाल या तरकीब; प्रभाव; -करब,-निकारब; कूट,-छाँट।

काटब क्रि० स० काट देना, मिटाना (दुःख आदि); विरोध करना, न मानना (बात), बीच में बोल देना (दूसरे की बात में); प्रे० कटवाइब, कटाइब, -उब;-छाँटब,-कूटब, राह-, शुभ काम के लिए जाते समय, लोमड़ी, गीदड़ आदि का मार्ग में आ जाना। मु० पीटना, मुफ़्त में खूब खाना।

काटि सं० स्त्री० तेल, घी आदि द्रव पदार्थों की मैल: वै०-टु (सु०, फ़ै०)।

काटू सं० पुं० डरावना जीव; कोई डराने की बात; डरानेवाला व्यक्ति; हौवा:। काटनेवाला (पशु, व्यक्ति)।

काठ सं० पुं० लकड़ी;-क उल्लू, अकर्मण्य, मूर्ख; काठे क जगरूप, नाम के लिए मालिक; काठें मारब, एक प्रकार का दंड जिसमें नैपालवाले अपराधी के एक या दोनों पैर एक लकड़ी में फँसा देते हैं; सं० काष्ठ।

काठी सं० स्त्री० घोड़े या ऊँट के ऊपर रखने की गद्दी; मनुष्य की बनावट या ढाँचा; सं० काष्ठ से (शायद पहले काठियाँ लकड़ी की बनती थीं)।

काढ़ब क्रि० स० निकालना; उतारना; कपड़े पर चित्रादि बनाना;-बीनब, सीयब-, कढ़ाई-बुनाई या सिलाई आदि करना; आँखि-;(नदी का) बहुत बढ़ना; रुष्ट होना। प्रे० कढ़ाइब,-ढ़वाइब,-उब; सं० कर्ष।

काढ़ा सं० पुं० किसी दवा को पानी में उबालने के बाद जो क्वाथ बनता है; (सत) निकाला हुआ; वास्तव में इस शब्द का अर्थ ही "निकाला हुआ" है; 'काढ़ब' से; सं० कर्ष।

कातब क्रि० स० कातना;-बिनाइब, सब कुछ करना; झंझट करना; प्रे० कतवाइब, कताइब, -उब। सं० कात

कातरि सं० स्त्री० लकड़ीवाले तेल पेरने या गन्ने के कोल्हू में लगी एक पटरी; सन-,वि० अधपगली; पुं० सनकातर (दे०), सी० ह० कतरी।

कातिक सं० पुं० क्वार के पीछे आनेवाला मास;-लागब, (कुत्तों के) मैथुन का समय होना; क्रि० कतिकाब, (कुत्तों का) मस्त होना।

कातिब सं० पुं० दस्तावेज़ या दूसरा क़ानूनी काग़ज़ लिखनेवाला, अर०।

कातिल सं० पुं० हत्यारा; वि० परेशान करनेवाला; सख़्त, निर्दय; अर० क़ातिल।

कादर वि० पुं० डरपोक, निकम्मा, सुस्त: वै० खादर (सी० इ०),गादर (दे०): क्रि०कदराब; भा०कदरई; कदरपन; सं० कायर ।

कादहुँ क्रि० वि० क्या सचमुच ; शायद; का (क्या ?)+दहुँ (दे०)=धौं; वै० काधौं, कधौं ।

कान सं० स्त्री० सूरन ।

कान सं० पुं० कान;-देब,-करब,-लगाइब;कानौं-कान;ज़रा भी, उ० खबर न मिली; सुनना, ध्यानपूर्वक सुनना; सं० कर्ण ।

काना सं० पुं० जिसकी एक आँख न हो; स्त्री०-नी । भा०-राम, कवऊ,-नउनू, स्त्री० कानौ,-नो, कनुई ।

कानि सं० स्त्री० लज्जा; अपने व्यक्तित्व अथवा मर्यादा आदि का ध्यान:-करब,-होब, ध्यान और लज्जापूर्वक सोचना: कुल-,अपने कुल की लज्जा ।

कानू सं० पुं० बनियों की एक उपजाति ।

कानौ सं० स्त्री०कानी स्त्री: "कानी" कनुई (सी०) का भा०रूप,जैसे 'काना' से कनउ (दे०)। वै०-नो ।

कान्ह सं० पुं० कंधा: डेहरी (दे०) के ऊपर का किनारा;-देब, शव की टिकठी (दे०) में कंधा लगाना; वै० काँधु(सी०ह०) सं० स्कंध ।

कान्हा सं० पुं० कृष्णजी:वै० कान्ह,कन्हाई, कन्हैया (प्रायः गीतों में प्रयुक्त); सं० कृष्ण ।

काफी वि० पर्याप्त:-होब,-रहब: फ़ा० काफ़ी ।

काबर वि० पुं० कबरा (दे०) स्त्री०-रि; चित, काला और सफ़ेद बूटीवाला; पं० चिट्टा (सफेद)+काबर। सं० कर्बुर ।

कावा सं० पुं० टेढ़ा मार्ग;-काटब, इधर उधर घूमना; फ़ा० कावः खुदाई; इस नाम का ईरानी इतिहास में एक लुहार है जो जुहाक राजा को मारता है ।-काटि जाब, टाल देना ।

काबिल वि० योग्य, उपयुक्त; सं०-लियत;-होब,-रहब; फा० काबिल ।

काबुली सं० पुं० काबुल का निवासी;-चना,-केराव, बड़े-बड़े सफेद चने और मटर के दाने; इस प्रकार की मटर को प्रायः 'कबुली' कहते हैं। कहा० "काबुल गये मोगल बनि आये बोलै मोगली बानी, आब आब करि मरि गये मुड़वारी धरा पानी ।"

काम सं० पुं० कार्य, आवश्यकता; मरने के बाद का ब्रह्म-भोज,-काज, काज-;-में आइब,-में-काजें; दे० काज;-काजी, व्यस्त । सं० कर्म, पं ज० कम ।

कामिल वि० पुं० अच्छा, बढ़िया; भा० कमिलई,-पन; फा० कामिल, पूरा ।

कायर वि० डरपोक, निकम्मा; भा० कयरई, कयरपन; सं० ।

काया सं० स्त्री० शरीर; इच्छा, पेट;-भरब, इच्छापूर्ति होना; सं० ।

कार सं० पुं० काम, आवश्यकता; फ़ा० कार, सं० कार्य;-बार, व्यापार, स्थिति ।

कारन सं० पुं० कारण, झगड़ा;-करब, रोना, किसी के मर जाने पर रोना, बुरी तरह रोना या चिल्लाना । सं० कारण; वि०-नी, झगड़ा करानेवाला ।

कारपरदाज़ सं० पुं० जो किसी दूसरे का काम करे; नौकर; फा० ।

कारबारी वि० परिश्रमी; कुछ करनेवाला; व्यापारवाला । फा० कार+बार ।

काराराति सं० स्त्री० कालीरात; प्रायः यह शब्द स्त्रियों द्वारा प्रयुक्त होता है या सौगंध खाने के लिए;उ०-वेधी अहै, मैं कुछु नाहीं जानत हौं, रात का समय है, सचमुच मैं कुछ भी नहीं जानता ।

कारीगर सं० पुं० बारीक काम करनेवाला व्यक्ति; भा०-री; फा० ।

काल सं० पुं० समय; मृत्यु; अंत-,मृत्यु का समय; अकाल;-परब, अकाल होना; सु-,अच्छा समय, फसल आदि; सं०;प० कल. (हर कला=रासे= जो प्रति क्षण स्वागत पावे) ।

कालिका सं० स्त्री० काली का छोटा रूप; छोटी काली; -देबी,-माई; सं० ।

काली सं० स्त्री० देवी;-माई, कालीमाता,-चौरा, देवी का स्थान; सं० ।

कावँ-कावँ दे० काउँ-काउँ ।

काव सर्व० क्या; सं० किं ।

कासि सं० स्त्री० एक जंगली और लंबी घास जो बरसात में होती है; तुल० फूली कासि सकल महि छाई; वै० काँ-,काँस ।सं० काश ।

कासी सं० स्त्री० काशी;-पुरी,-धाम,-करवट; सं० काशी ।

काह सर्व० क्या; प्राय: कविता में प्रयुक्त; दे० का ।

काही सं० स्त्री० हरा लिए हुए काला रंग; फा० काह, घास, भूसा ।

काहू सर्व० किसी: वै० केउ, केहु, प्र०-हु,केऊ; -मनई,-जगहा,-चीजि,-बाति ।

किंगिरी सं० स्त्री० एक बाजा, जिसे प्रायः भिखमंगे बजाते हैं;-रिहा, ऐसा बाजा बजानेवाला; वै०-ङ्गिरी,-ङिरि- ।

किचकिच सं० स्त्री० कीचड़ की अधिकता; कहासुनी, व्यर्थ की बातें, बहस; वै०-पिच;खिचखिच ।

किचाहिन सं० स्त्री० दे० कचाहिन; 'कीच' (कीचड़) से ।

किचिर-किचिर सं० पुं० थूकने या बेमतलब की बात की आवाज़;-होब,-करब; वै०-पिचिर, घिचिर- ।

किछु वि० सर्व० कुछ; जा०, दे० कुछु ।

किटकिटाब क्रि० अ० छोटे छोटे पत्थर या कंकड़ के टुकड़ों की भाँति दाँत में गड़ना; 'किट-किट' आवाज़ से ध्व० ।

किटाब क्रि० अ० किसी बात पर बुरी तरह तुल

जाना, अनावश्यक हठ करना; जान बूझकर झगड़ा करने पर तैयार होना।

कित क्रि० वि० कहाँ, किधर; कविता में प्रयुक्त; सं० कुत्र।

कितना दे० केतना।

किताबि सं० स्त्री० पुस्तक; फा० किताब।

कितारा दे० केतारा।

कितौ या तो, कहाँ तो।

कियाँ सं० पुं० कीड़ा;-परब,-लागब, क्रि०-ब; -कियाँ क,-यस,-भरे क, छोटे-छोटे, बहुत छोटे (बच्चे); सं० कृमि, फा० किर्म।

कियाब क्रि० अ० कीड़ा पड़ना (फल आदि में); सं० कृमि। वै० कि-,-आ-।

किरतन सं० पुं० कीर्तन;-करब,-होब; सं० कीर्तन; वि०-निहा।

किरपा सं० स्त्री० कृपा;-करब,-होब;-निधान सं० कृपा।

किराब क्रि० अ० कीड़ा पड़ जाना; वै० कियाब।

किरोध सं० पुं० क्रोध;-करब; वि०-धी,-धिहा; सं०।

किलकब क्रि० अ० खिलखिला कर हँसना; प्रे०-काइब,-उब।

किलकारी सं० स्त्री० हर्ष की हँसी;-मारब।

किलना सं० पुं० गोल मोटे कीड़े जो प्रायः जानवरों के बदन पर चिपके रहते हैं; स्त्री०-नी।

किला सं० पुं० दुर्ग, अर० क़लअ।

किल्ली सं० स्त्री० दरवाज़ों को भीतर से बंद करने के लिए लकड़ी की छोटी चीज़,-मारब,-देब;- प० कीली (चाभी); सं० कीलक।

किसनई सं० स्त्री० किसान का काम; परिश्रम; तरकीब;- करब,-लागब; 'किसान' से भा०; सं० कृषक।

किहनी सं० स्त्री० कहानी, छोटा सा किस्सा,-कहब, -सुनाइब,-सुनब,वै०-हि-,सं० कथा, कथानक।

कीच सं० स्त्री० कीचड़; वै०चु-,-चि; "मीचु है भली पै न कीचु लखनऊ की"।

कीचर सं० पुं० आँख से निकलनेवाला मैल; -लागब,-निकरब; वि० किचरहा,-कुचरहा, गंदा।

कीटि सं० स्त्री० दाँत या दूसरे अंगों पर जमी मैल; प्र०-टी।

कीना सं० पुं० लज्जा, शर्म, पछतावा;-करब,-होब, -आइब;-दार, शर्मदार, फा० कीनः (द्वेष)।

कीरति सं० स्त्री० कीर्ति, यश;-करब,-होब सं० कीर्ति।

कीरा सं० पुं० कीड़ा; साँप;-परब,-लागब,-काटब, -मारब,-निकारब,-झारब; वै० ड़ा, किरवा; क्रि० किराब; सं० कीट।

कीरी सं० स्त्री० छोटे-छोटे कीड़े (प्रायः पानी के); चींटी; कबी० साईं के सब जीव हैं कीरी कुंजर दोय। सं० कीट; कृमि।

कीलब क्रि० स० बंद करना; (देवता भूत आदि) स्थापित कर देना (कील गाड़ कर); प्रे० किलाइब, -वाइब,-उब।

कीला सं० पुं० चक्कियों अथवा जाँत के बीच में लगा लकड़ी का खूँटा, स्त्री०-ली, प० कीली अं० की (चाभी); प्र० किल्ला।

कुँअना सं० पुं० कुआँ, छोटा कुआँ; इस शब्द में छुटाई के अतिरिक्त स्मृति तथा स्नेह भी सन्निहित है; कवि० तथा गीतों में प्रयुक्त; सं० कूप।

कुँआर वि० पुं० क्वाँरा, अविवाहित,स्त्री०-रि, सं० कुमार,-री। भा०-अरई, अरपन।

कुँचवाइब क्रि० स० (पशुओं के) अंडकोश निकलवाना: 'कूँचब' (दे०) का प्रे०रूप; वै०-चाइब,-उब, मु० पिटवाना या दंड दिलाना, पशुओं के अंडकोश निकालनेवालों को 'कुँचबन्हिया' कहते हैं।

कुचाइब क्रि० स० पिटवाना, दे०-वाइब।

कुँड़िआइब क्रि० अ० 'कूँड़ि' बोना (दे० कूँड़ि); स० (खेत) इस प्रकार बोना; प्रे०-वाइब,-उब।

कुंड सं० पुं० नदी या तालाब का गहरा स्थल; सं०।

कुंडल सं० पुं० कान में पहनने का आभूषण, जिसे मर्द भी पहनते हैं।

कुंडलिया सं० स्त्री० प्रसिद्ध छंद;-कहब,-पढ़ब,-लिखब। सं० कुंडली।

कुंडली सं० स्त्री० जन्मपत्री;-बनाइब,-देखब, -बिचारब; पुरानी पद्धति से यह पत्री कुंडलित करके रखी जाती है, इसी से इसका यह नाम पड़ा है। सं०।

कुंजा सं० पुं० एक रोग जिसमें शरीर भर में दाने पड़कर खुजली होने लगती है।

कुंजी सं० स्त्री० चाभी; असली उपाय, रहस्य;- देब,-भरब,-अइँटब, उकसाना; किसी झगड़े आदि के लिए उकसाना।

कुंदा सं० पुं० मोटी लकड़ी का भारी भाग;-यस, बहुत मोटा; स्त्री०-दी; फा० कुंद, मोटा, मुड़ा हुआ, तेजहीन।

कुंभ सं० पुं० एक राशि; महत्वपूर्ण पर्व जिसमें प्रयाग, हरद्वार आदि स्थानों पर मेला होता है; स्त्री०-भी, छोटा कुंभ जो ६ वर्ष पर लगता है; बड़ा प्रति १२ वर्ष पर;-लागब:-नहाब; सं०।

कुंभी सं० स्त्री० छोटा कुंभ, जो ६ वर्ष पर आता है:-पाक, एक प्रकार का नरक।

कुआँ सं० पुं० कुवाँ,-इनारा लेब,-ताकब;-धरब,-डूब मरना,-क बियाह, देहात में दो कुओं का ब्याह भी होता है; दे० बियाह। सं० कूप।

कुआर सं० पुं० क्वार का महीना,-री, क्वार में होनेवाली फसल;-रा, क्वार का, उ०-घाम, क्वार की कड़ी धूप।

कुइआँ सं० स्त्री० छोटा सा कुआँ, वै० कुईं-, -याँ।

कुकरम सं० पुं० बुरा काम,-करब,-होब, सं० कुकर्म; वि०-मी।

कुकुर-छिनारा सं० पुं० बुरी तरह फँस जाने की स्थिति, क्योंकि कुत्तों के मैथुन में दोनों बहुत देर तक फँसे रहते हैं, कुकुर (कुक्कुर दे०)+छिनारा (दे०); सं० कुक्कुर।

कुकुरदंता वि० (वह व्यक्ति) जिसके दाँतों के ऊपर दांत हों. कुकुर (कुक्कुर)+दंता (दाँतवाला), सं० कुक्कुर+दंत।

कुकुर-निनिया सं० स्त्री० कुत्ते की नींद, बीच-बीच में टूट जानेवाली नींद, जल्द टूट जानेवाली निद्रा; सं० कुक्कुर+निद्रा; सोइब, जागब, ऐसा सोना या जगना।

कुकुर-मुत्ता सं० पुं० एक सफेद छतरीदार घास जो प्रायः वर्षा में होती है। विश्वास यह है कि जहाँ कुत्ते मूतते हैं वहीं यह होती है। सं० कुक्कुर+मूत्र।

कुकुरहौ सं० स्त्री० कुत्तों के बार-बार भूँकते रहने की क्रिया -होब; सं० कुक्कुर।

कुकुराब क्रि० अ० कुतिये का गाभिन होना, उसका कुत्ते से संगम कराना; सं० कुक्कुर।

कुकुसब क्रि० अ० (फल या अनाज के दाने अथवा फली आदि का) बिना पके सूखकर खराब होना, वै०-मु-,प्रे०-साइब,-उब।

कुकुही सं० स्त्री० रोने की क्रिया;-कढ़ाइब, कूँ कूँ करके रोना प्रारंभ करना; ही अथवा हौ लगाकर ताँता सूचित करनेवाले शब्द प्रायः अवधी में बनते हैं।

कुचकुचवा सं० पुं० उल्लू; इस नाम का एक इतिहास है। कहते हैं कि जब लक्ष्मणजी को शक्ति लगी और हनुमान दवा के लिए पर्वत ही उठा लाये तो बहुत विलंब हो गया और सारी रात बीत गई। उल्लू पक्षी बोला—"काच-कूच काच-कूच" अर्थात् जल्दी 'कुच-कुचा' (दे०-इब) कर दवा लगाओ। तभी से इस पक्षी का यह नाम पड़ा।

कुचकुचाइब क्रि० स० पत्थर से छोटे-छोटे टुकड़े करके कुचल देना (पीसना नहीं); ध्व० कुच-कुच' से।

कुचरा सं० पुं० बड़ा झाड़ू, स्त्री० री, कुचरी-बदनी, बुहारी; प्रायः कुचरा अरहर के सूखे पेड़ों से बनता है; सं० कूर्चिका।

कुचाब क्रि० अ० (महुए का) फूलना; दे० कूच,-चा।

कुचाल सं० स्त्री बदचलनी, बुरा व्यवहार, वै०-लि, सं० कु+चाल (चल्, चलना)।

कुचिला सं० पुं० एक विष; जहर-खाब, विष खाना।

कुचुर-कुचुर क्रि० वि० बेशरमी से या दूसरों की भावना का ध्यान किये बिना (ताकना); आँख फैलाकर, ध्व०।

कुचुरा वि० पुं० जिसकी आँखें बंद सी हों, जो ठीक देख न सके; जिसकी आँखें साफ न हों, स्त्री०-री, वै० कुचुर।

कुचुराइब क्रि० स० कुछ मूँद लेना (आँख), जल्दी-जल्दी बंद करना; दर्द के मारे बंद करना।

कुच्छ वि० कुछ का प्र० रूप प्र०-च्छुइ।

कुछ-बुछ वि० क्रि० वि० थोड़ा सा, थोड़ा-थोड़ा; कुछ न कुछ, कोई न कोई वस्तु या बात। प्र० कुच्छ, कुच्छुइ,कुछु।

कुछु वि० कुछ; प्र०-इ,-च्छुइ,-छु। वै० कि-।

कुजगहाँ क्रि० वि० बुरे स्थान पर; शरीर के ऐसे स्थान पर जहाँ पर चोट, फोड़ा आदि शीघ्र ठीक न हो सके। सं० कु+जगह (दे०), फा० जाय, गाह, बँ० जायगा, स्थान।

कुजगुति सं० स्त्री० निंदा, छुपके-छुपके की हुई विरोध या समालोचना की बातें; सं० कु+युक्ति अथवा उक्ति; वै०-जु, दे० जुगुति; क० "कुजुगुति करत रहनियाँ"-समीर।

कुजाति सं० स्त्री० नीच जाति; जाति-, अनजान लोग, कोई भी, चाहे जो। सं० कु+जाति; मु० कुजाती क (अजाती) भात, गर्हित वस्तु।

कुजूनि सं० स्त्री० कुबेला, विलंब (भोजन, स्नान आदि के लिए)-होब,-करब; जूनि-, समय पर, चाहे जिस समय; सं० कु+जूनि (दे०), क्रि० वि०-नीं,विलंब से।

कुटइआ सं० पुं० कूटनेवाला; वै०-या,-टैया; भा० कूटने का पेशा, कूटने की मजदूरी।

कुटना-पिसना, सं० पुं० कूटना-पीसना; घर का काम; गृहस्थी।

कुटनी सं० स्त्री० दूती, स्त्रियों को पराये पुरुषों के लिए बहकानेवाली स्त्री; पुं०-ना।

कुटम्मस सं० पुं० बुरी तरह की मार; घोर दण्ड; कुटाई; 'कूटब' से;-होब,-करब; स्वं०।

कुटवइआ दे० कुटइआ।

कुटवाइब क्रि० स० कुटवाना, पिटवाना, मरवाना; भा०-ई; वै०-उब।

कुटाइब क्रि० स० कुटाना, कूटने में मदद देना; भा०-ई, कूटने की मजदूरी; वै०-उब।

कुटानि सं० स्त्री० कूटने की मिहनत या आवश्यकता।

कुटासि सं० स्त्री० कूटने की इच्छा।

कुटिआइब क्रि० अ० हँसी करना; योंही कहना; स० छेड़ना; दे० कूटि; वै०-याइब,-उब।

कुटिहा वि० पुं० मजाकिया; हँसी करनेवाला; स्त्री०-ही; कूटि+हा।

कुटी सं० स्त्री० कुटिया; प्र०-टी; सं०।

कुटुक वि० पुं० जरा भी कठोर नहीं; तनिक भी कटु नहीं; शब्दों अथवा वाक्यों के लिए ही प्रयुक्त; सं० 'कटु'।

कुटुम सं० पुं० परिवार, बालबच्चे;-पलिवार, खान्दान; सं० कुटुंब।

कुटुर-कुटुर क्रि०वि०धीरे-धीरे (चबाना, काटना या खाना); ध्व० ।
कुटुराइब क्रि० स० धीरे-धीरे और आराम से खाना; बिना परिश्रम किये खाना; अ० मौज करना; "कुटुर-कुटुर" से (अर्थात् 'कुटुर-कुटुर' की आवाज़ करते रहना) ।
कुटेम सं० पु० अतिकाल; विलंब;-करब,-होब; सं० कु+टेम (अं० टाइम) समय ।
कुटेव सं० पुं० बुरी आदत;-परब,-होब; सं० कु+टेव (दे०) ।
कुट्ट वि० समाप्त (बात-चीत, समझौता आदि);-करब,-होब; प्रायः बच्चे अपने खेल में प्रयुक्त करते हैं । प्र०-ट्टै ।
कुट्टी सं० स्त्री० कटा हुआ चारा;-काटब ।
कुठाँव सं० पुं० बुरा स्थान; शरीर का ऐसा भाग जहाँ, घाव, फोड़ा आदि अधिक दुःख दे; ठाँव-क्रि० वि० किसी भी स्थान पर । सं० कु+ठाँव ।
कुठार सं० पुं० कुल्हाड़ी; तु०उ० धरहु दंत तृन कंठ कुठारा; सं० ।
कुठिला दे० कोठिला ।
कुड़ुक दे० कुरुक ।
कुड़की दे० कुरकी (दे०) =स्थान ।
कुड़िया सं० स्त्री० छोटी कूँड़ी (दे०); वै०-आ; सं० कुंड ।
कुढंग सं० पुं० बुरा ढंग, बुरी स्थिति; वि०-गी, -गा, बेशऊर, मूर्ख ।
कुढ़ब क्रि० अ० भीतर ही भीतर रुष्ट होना (किसी के ऊपर); (हृदय का) निराश हो जाना; प्रे०-ढाइब,-उब ।
कुण्डनी सं० स्त्री० छोटा कूँड़ा (दे०); बड़ा मिट्टी का बर्तन; वै० कुँड़नी; सं० कुंड ।
कुतरक सं० पुं० कुसमय अथवा अव्यवस्थित भोजन स्नान आदि;-होब;-करब; सं० कुतर्क; दे० तड़क, ताव-तड़क ।
कुतवाइब क्रि० स० कूतब का प्रे० रूप; वै०-उब; भा०-ई, कूतने की क्रिया या उसकी मज़दूरी ।
कुतुआ वि० पुं० अंदाज से निश्चित; बिना गिना या तोला, स्त्री०-ई; दे० कूतब; वै०-वा ।
कुदराब क्रि० अ० कूदकर चला जाना (वि० बच्चों का); कूदब, से; प्रे०-रवाइब,,-उब (?)
कुतुनब क्रि० स० काट लेना, थोड़ा सा कतर लेना; वै०-रब; प्रे०-नाइब,-राइब ।
कुदानि सं०स्त्री० कूदने लायक स्थिति;-होब; कूदने की क्रिया, चतुरता आदि ।
कुदाइब क्रि० स० कुदाना; कूदने में सहायता करना; प्रे०-दवाइब,-उब; 'कूदब' का प्रे०; भा० -ई ।
कुदारि सं० स्त्री० कुदाल; कुल कै-,बड़ा कपूत; पुं० -दरा,-दारा; सं० ।
कुनकुनाब क्रि० अ० कुछ कहना जगना; बुरा मानना, कुछ कहना (बुरा-भला); चेतना, उत्तेजित होना ।
कुदासि सं० स्त्री० कूदने की प्रबल इच्छा;-लागब;
कुनह सं० पुं० ईर्ष्या, द्वेष,-करब,-राखब; वि०-ही, -दार; वै० कुंस; फा० कीनः ।
कुंस सं० पुं० ईर्ष्या, द्वेष;-राखब; वै० कुनह खुंस; वि० सी,-हा,-ही, दे० कस,-नही ।
कुनाई सं० स्त्री० सूखी पत्तियों का चूरा; भूसे का बारीक भाग ।
कुनीति दे० कुनेति; सं० 'कुनीति' को 'कुनेति' समझ लिया गया है; देहातियों को इन दोनों का भेद नहीं ज्ञात होता ।
कुनेति सं० स्त्री० बुरी नीयत;-होब,-चलब (मन माँ, जिउ माँ); सं० कु+अर० नीयत; वि०-ती, -तिहा,-हौ, बुरी नीयतवाला या वाली ।
कुपित वि० अप्रसन्न; प्रायः पण्डित लोग ही इसे बोलते हैं; या व्यं०अथवा प्र० में साधारण लोग; वै० को-; सं० ।
कुपुटब क्रि० स० थोड़ा सा काट लेना; ऊपर से ज़रा सा काटना; मु० बीच में बात काट लेना; वै०-पटब; प्रे०-टाइब,-वाइब,-उब ।
कुपूत दे० कपूत ।
कुपेंच सं० पुं० बुरा दाँव, ऐसी स्थिति जिसमें दोनों ओर गड़बड़ हो;-चें परब, पशोपेश में पड़ जाना; सं० कु+पेंच (दे०) ।
कुप्पा सं० पुं० बड़ी पीपी; पीपा; चमड़े का बर्तन; -होब, रुष्ट होकर मुँह फुला लेना; स्त्री०-पी; सं० कूपक, कूप ।
कुफार सं० पुं० व्यंग्य; कटु वाक्य; सं० कु+फार (दे०) ऐसी बात जो फार की भांति चुभे या हृदय को फाड़ दे;-कहब, बोलब ।
कुफुति सं० स्त्री० आंतरिक वेदना;-करब,-होब; फा० कोफत ।
कुफुर सं० पुं० भीषण परिवर्तन; घोर तथा अवांछनीय स्थिति;-करब,-होब अर० कुफ्र (धार्मिक अविश्वास) ।
कुबजा सं० स्त्री० प्रसिद्ध कुबड़ी स्त्री जिससे कृष्ण जी का प्रेम था । सं०-ब्जा ।
कुबरहा वि० पुं० जिसके कूबड़ हो; स्त्री०-ही; घृ०-हवा -हिया ।
कुबरी सं० स्त्री० कुबजा का दूसरा नाम; टेढ़ी लकड़ी जो छड़ी की जगह प्रयुक्त हो ।
कुबाच सं० पुं० बुरा बचन;-कइब,-बोलब; वै० -च्य; सं० कुवाच्य ।
कुमसब क्रि० अ० (फल का) पकने के स्थान में सूख जाना; मु० (व्यक्ति का) सूख जाना; प्रे०-सवाइब, -साइब,-उब; सं० 'उष्म' से = (गर्मी के कारण) बुरी तरह (कु) पकना । वै०-मु- ।
कुमारग सं० पुं० बुरा मार्ग; वि०-गी,-र्गिहा,-ही, तुल०-गामी; सं० कुमार्ग ।

कुमेटी-सं० स्त्री० सलाह;-करब, षड्यंत्र करना; अं० कमिटी।
कुरंग सं० पुं० बुरा रंग, बुरी स्थिति;-होब,-देखब; सं० कु + रंग; क्रि० वि०-गँ, बुरी स्थिति में।
कुरइब क्रि० स० (द्रव, अनाज आदि को) बरतन से बाहर गिरा देना; प्रे०-वाइब,-उब; वै०-उब।
कुरउनी सं० स्त्री० ढेरी; पृथ्वी पर रखी हुई राशि (अन्न, फल आदि की);-लागब,-लगाइब, ढेर हो जाना, लगाना; पं० कूरा (दे०) वै०-रौ-।
कुरक-अमीन सं० पुं० कुर्की करनेवाला अफसर; वै०-रुक,-डु-, अर० कुर्क़-अमीन।
कुरकी सं० स्त्री० कुर्क करने की आज्ञा या क्रिया; -आइब,-होब,-करब; वै०-रु-,-ड्-प्र०-डुकी।
कुरता सं० पुं० लंबी कमीज़ की तरह का कपड़ा जिसकी बाहों में प्रायः बटन नहीं होतीं और दोनों ओर जेबें होती हैं; स्त्री०-ती, बंगाली-, जिसकी बाहों में बटन लगती हैं। फ़ा० कुर्त:।
कुरबान सं० पुं० चढ़ावा;-करब,-होब;-नी, भेंट, त्याग;-नी देब,-करब, चढ़ा देना, मार डालना; फ़ा० कुर्बान।
कुरमियाना सं० पुं० कुर्मियों का मुहल्ला; उनकी बस्ती; वै०-आ-।
कुरमी सं० पुं० खेती करनेवाली जाति का हिंदू; स्त्री०-मिनि, क्रि०-मियाब, कुर्मी सा व्यवहार करना।
कुरसी सं० स्त्री० बैठने की चौकी, जिसमें कभी-कभी बेत की बुनाई होती है; अफसर की जगह; -पाइब,-देब,-लेब, आदर पाना, देना, लेना,।
कुरान सं० पुं० मुसलिमों की धार्मिक पुस्तक; -कसम, कुरान की सौगंध; अर० क़ुरआन।
कुरिआ सं० स्त्री० झोंपड़ी;-धरब; वै०-या; अर० क़रिया (गाँव)।
कुरिआइब क्रि० स० कूरी (दे०) लगाना; छोटी-छोटी ढेरी लगाना; एकत्र करना; वै०-उब;-याइब।
कुरिआब क्रि० अ० एकत्र होना, ढेर हो जाना; प्रे०-आइब,-वाइब।
कुरी सं० स्त्री० डुडुआ (दे०) और कबड्डी के खेलों में खिलाड़ियों की पारी;-बदलब,-बान्हब,-बनइब।
कुरील सं० पुं० एक शूद्र जाति।
कुरुई सं० स्त्री० छोटी हल्की टोकरी या मौनी (दे०)।
कुरुक दे० कुर्क;-करब,-होब। दे० कुरकी।
कुरुख वि०पुं० कठोर (शब्द);-कहब,-बोलब; वै० कुरु-; सं० कटु, करुष।
कुरुब सं० पुं० पड़ोस;-जवार, आस-पास के गाँव; अर० क़ुर्ब, निकटता; वै० क़ुरब-; अर० जवार, पड़ोस।
कुरुर-कुरुर क्रि० वि० चुर्र-मुर्र आवाज़ करते हुए (चबाना या खाना); ध्व०; वै०-मुरुर; क्रि०-राइब।
कुरूप वि० बदसूरत; सं०; भा०-ता।
कुरौनी सं० स्त्री० दे० कुरउनी; प० क़ुर:; वै० -ना (फै० सु०)।
कुल सं० पुं० वंश;-कै कुदारि, नालायक;-मरजाद, कुल की मर्यादा;-बोरन,-नी, कुल को डुबाने-वाला या वाली; क० चलीं-नौ गंगा नहाय; सं०।
कुलफा सं० प० एक साग जो गर्मियों में होता है; फ़ा० ख़र्फ़ा।
कुलफी सं० स्त्री० मीठा बरफ जिसमें दूध आदि मिला हो।
कुलबोरन दे० कुल।
कुलही सं० स्त्री० बच्चों की टोपी जिससे कान भी ढका रहता है; फा० कुलाह (टोपी)।
कुलाँच सं० स्त्री० छलाँग; वै०-चि;-मारब,-भरब; तुर० कुलाच (कुदान)।
कुलामनाय सं० स्त्री० वह बात जो किसी के कुल भर में मना (निषिद्ध) हो; सं० कुल + अर० मनअ;-होब,-करब।
कुलिआना सं० पुं० कुली की मज़दूरी; तुर० कुल (नौकर)।
कुली सं० पुं० सामान ढोनेवाला;-गीरी, कुली का काम; तुर० कुल (नौकर)।
कुलीन वि०पुं० अच्छे कुल का; श्रेष्ठ; स्त्री०-नि; सं०।
कुलुफ सं० पुं० ताला;-लगाइब,-मारब; क़ुफ़्ल।
कुल्थी सं० स्त्री० एक अन्न, जिसके पत्तों का साग और बीज की दाल बनाते हैं। सं० कुलत्थ:, नै० कुर्थि।
कुल्ला सं० पुं० कुल्ली;-करब,-कराइब, हाथ धुलाना; सं० चुलुक।
कुस सं० पुं० कुश;-पहिती, तर्पण करने का सामान; लव-, राम के दोनों प्रसिद्ध पुत्र; वै० -सा; वि०-हा,-ही; सं० कुश।
कुसल सं० स्त्री० कल्याण;-करब,-होब;-पूछब;-छेम, कल-;-मनाइब; सं० कुशल; क० कुसलाई,-लात (ता) तुल०।
कुहीकाल वि० पुं० स्त्री० तेज़, चतुर, चालाक;-होब।
कुहुक सं० पुं० दे० कूक; क्रि०-ब, मीठे स्वर से गाना; दोनों शब्द एक ही जान पड़ते हैं, पर एक गाने के लिए, दूसरा सुरीले रोने के लिए भी आता है; दोनों में कभी-कभी अंतर भी कम होता है यदि आवाज़ मीठी हो।
कुहेसा सं० पुं० कुहरा;-परब; वै०-ही-,-हिरा,।
कूँच सं० पुं० यात्रा, सफ़र का प्रारंभ;-करब,-होब; मु०-कइ जाब, मर जाना।
कूँचब क्रि० स० तोड़कर छोटे-छोटे टुकड़े कर देना; किसी वस्तु को दूसरी वस्तु या पैर आदि से पिचल देना; चबाना; पान-,आराम करना; मु० खूब पीटना, मारना; प्रे० कुँचाइब,-वाइब,-उब।
कूँचा सं० पुं० गली, मुहल्ला; गली-; प्रायः बहुत

कम प्रयुक्त; फा० कूच:; बड़ा झाड़ू; झाड़ू का अग्र भाग; कुश वृक्षों के फूल, जैसे महुए का।

कूँची सं० स्त्री० चित्र बनाने का छोटा ब्रुश; दातून का अगला भाग जिससे दाँत साफ होते हैं; पुं०-चा।

कूँटा सं० पुं० डंठल के टुकड़े जो अन्न तैयार हो जाने पर खलियान में पड़े रहते हैं; स्त्री०-टी, छोटे-छोटे ऐसे टुकड़े जो जानवरों को खिलाये जाते हैं; वि० कुँटहा।

कूँटी सं० स्त्री० तंबाकू के छोटे निकम्मे टुकड़े या नाज के डंठलों के छोटे-छोटे टुकड़े जो दँवाई के बाद बचते हैं।

कूँड़ा सं० पुं० मिट्टी का बड़ा घड़ा; स्त्री० कुँड़नी; सं० कुंड।

कूँड़ि सं० स्त्री० खेत की जुती हुई गहरी पंक्ति; पानी चलाने का खुले मुँह का लोहे या मिट्टी का बर्तन जिसे 'बरेत' में बाँध कर सिंचाई के लिए काम में लाते हैं;-बरेत (दे०);-खाइब, पंक्ति में बीज बोना, 'छिटुआ' (दे०) नहीं; सं० कुंड; 'कूँड़ा' का स्त्री०।

कूँड़ी सं० स्त्री० एक खुले मुँह का मिट्टी या पत्थर का बर्तन;-सोंटा, भाँग घोंटने का सामान; सं० कुंड।

कूँथब क्रि० अ० ठहर ठहर कर दर्द करना (पेट का)।

कूआँ सं० पु० कुआँ का प्र० रूप। सं० कूप।

कूक सं० स्त्री० रोने की आवाज; स्त्रियों के भेंटने की उतनी आवाज जो एक साँस में रोने पर हो; एक-, दुइ-रोइब; "कुहुक" का वै० रूप।

कूकब क्रि० स० (घड़ी में) कूक देना; प्रे० कुकाइब,-खाइब,-उब।

कूकुर सं० पुं० कुत्ता; स्त्री०-रि; सं० कुक्कुरः।

कूच सं० पुं० (महुए का) फूल;-लेब, फूल लेना; वै०-चा; क्रि० कुचाब (दे०)।

कूचुर वि० पुं० जिसकी आँख मुलमुलाती हो; दे० कुचुरा; स्त्री०-रि; क्रि० कुचुराब; प्र०-रहा।

कूटब क्रि० स० कूटना, मारना; प्रे० कुटवाइब, -उब; काटब-, कम करना, काट-, काट-छाँट।

कूटि सं० स्त्री० हँसी, मज़ाक़;-करब,-होब; वि० कुटिहा; क्रि० कुटिआइब (दे०)।

कूदू सं० पुं० एक अनाज का सा दाना जो फलाहार के काम आता है।

कूत सं० पुं० अनुमान, अंदाज़;-होब,-करब,-लगाइब; अन-, असंख्य; क्रि०-ब, अनुमान लगाना; वि० कुतुआ।

कूत-कूत ध्व० छोटे कुत्तों को बुलाने का शब्द; 'कुत्ता' से लघु० रूप।

कूतब क्रि० स० (संख्या अथवा तौल आदि का) अनुमान लगाना; प्रे० कुताइब,-तवाइब,-उब।

कूद-फाद सं० पुं० कूद-फाँद;-करब,-होब; पू०-दि-दि।

कूदब क्रि० अ० कूदना; प्रे० कुदाइब,- दवाइब, -उब; मु० जल्दी करना, घबरा जाना, बेसमझी करना, राज़ी न होना;-फानब, उछरब।

कूबति सं० स्त्री० शक्ति;-होब,-करब,-देखब; अर० कूबत; प्र० कुब्बति; वि० कुब्बती,-दार।

कूबर सं० पु० कूबड़;-निकरब,-होब; वि० कुबरहा, -ही।

कूबा सं० पुं० जिसकी पीठ टेढ़ी हो; स्त्री०-बी।

कूरा सं० पुं० ढेर, हिस्सा;-लगाइब,-करब,-देब, -लागब; स्त्री०-री; क्रि० कुरिआइब; लघु० कुरौनी, -रउनी; अर० कूर: (पजावा दे०)।

कूरी सं० स्त्री० छोटी ढेरी;-चलाइब, साँप या अन्य विषैले जंतुओं के विष उतारने के लिए सरसों की "कूरी" पर मंत्र पढ़कर फूँक मारने की क्रिया करना जिससे रोगी के रखे हुए हाथ जंतु विशेष की कूरी पर रेंगते-रेंगते स्वयं पहुँच जाते हैं। इसी से विष के प्रकार की सूचना मिल जाती है और वही पीले सरसों पीस कर विष-व्याप्त अंग पर मले जाते हैं। क्रि० कुरिआइब; जूरी-, अवशेष वंश, नाम व निशान; वै० प्र०-दी।

कूला सं० पुं० दिल के नीचे का भाग, पीठ के पीछे कमर के दोनों ओर का निचला भाग; वै० -ल्हा।

कूवाँ सं० पुं० 'कुआँ' का प्र० रूप; सं० कूप।

केंचुआ सं० पुं० प्रसिद्ध कीड़ा; मु० बहुत असहाय और निर्बल;-परब, पेट में रोग के कारण केंचुए पड़ना।

केंचुलि सं० स्त्री० साँप की केंचुल,-छोड़ब।

केउ सर्व० कोई; प्र०-ऊ,-हू; वै०-व, को-,क्यउ; केउ-कोई कोई,-न, कोई नहीं; सं० कोऽपि।

केकर सर्व० किसका; स्त्री०-रि,-रे, किसके; वै० -हकर; प्र०-हि-,-हूकै (नायँ); मुस०-का,-की।

केकरहा सं० पुं० केकड़ा; वै० कें—।

केकहरा दे० ककहरा।

केकही सं० स्त्री० कैकेयी. रानी-, महाराणी कैकेयी; वै० क-,-ई; सं० कैकेयी।

केकाँ सर्व० किसको; ल० सी० ह० हिकाँ।

केठईं क्रि० वि० किस स्थान पर। वै० क-,-ठाईं; -ठाँवैं,-ठाहर,-हिर,-ठाहर, सं० किं स्थानं,-ने।

केतत वि० पुं० कितना बड़ा; स्त्री०-ति, प्र०-हत।

केतना वि० पु० कितना; स्त्री०-नी; वै०-रा,-री, क-, कतिक, केतिक; सं० कत।

केतब क्रि० वि० या तो; वै० कितौ, के-, कतब; प्र०-त्त-, कित्तौ।

केतहँत क्रि० वि० कहाँ तक; दे० यतहँत, वत-।

केतहाँ क्रि० वि० कहाँ; वै०-हँ; सं० कुत्र।

केताढ़ा सं० पुं० मोटा गन्ना; स्त्री०-ढ़ी, छोटा या कम मोटा गन्ना; वै०-रा।

केतिक दे० केतना; प्र०-त्ति-, कत्तिक, कतेक।

केतौ दे० केतब।

केथा सं० पुं० किस (वस्तु); स्त्री-थी; वै०-थुश्रा; प्र०-थू,-थौ, किथौ; सं० कः।

केथू वि० किसी, किसी भी; प्र०-थू,-थौ,-थौ।

केदहुँ दे० किदहुँ; क० किधौं।

केर कारक चिन्ह का, की वै० का; स्त्री०-रि।

केरमुआ सं० पुं० पानी में होनेवाला एक साग; लघु०-ई; वै०-वा; फ्रा० करम; तु० करम-कल्ला वै० के -।

केरुआ सं० पुं० एक जंगली फल जो काँटेदार झाड़ी पर होता है; इसका साग विशेषत: जेठ, दशहरे के दिन खाया जाता है।

केरा सं० पुं० केला; स्त्री० लघु०-री, सं०कदली।

केराना सं० पुं० किराना, अनाज;-करब, नाज की दूकान रखना; दे० केराइब क्रि० स०।

केराया सं० पुं० किराया; वै०-वा; भारा-,-भारा; अर० किराय:।

केराव सं० स्त्री० मटर; संबंधकारक के साथ इसका रूप 'केराई,-ये' हो जाता है;-ई,-ये क खेत; -क दालि कि० इब, सूप में अनाज अलग करना।

केरी सं० स्त्री० छोटे-छोटे जंगली केले; सं०कदली।

केलि सं० स्त्री० खिलवाड़, मज़ेदारी;-करब; सं०।

केवला दे० कवल।

केव वि० सर्व० कोई;-केव, कोई कोई; वै०-उ, कोई; सं० कोऽपि।

केवट सं० पुं० एक जाति जिसके लोग मछली मारने, नाव चलाने आदि का काम करते हैं; स्त्री० -टिन,-नि; तुल०;-हिया, केवटों का मुहल्ला।

केवटी सं० स्त्री० कई अन्नों की मिली दाल; वै० केउटी, क्व-।

केवाँचि सं० स्त्री० एक जंगली पेड़ जिसकी फलियों की सुंदर तरकारी होती है, पर उनके ऊपर के बालों से खुजली उठती है; इन्हें एक दूसरे पर फेंककर स्त्रियाँ एक दूसरे से हँसी करती हैं; "छतीसी के छेद केवाच करावती"-समीर; वै० कवाँचि,-च।

केवाँर सं० पुं० किवाड़; स्त्री०-री; वै०-रा;-देब, -मारब,-बठँगाइब (दे०)।

केस वि० क्रि० वि० कैसा; वि० स्त्री०-सि;-केस, कैसे-कैसे;-स, कैसे, किस प्रकार; वै० क्यस, क्यसस, कस, कसस।

केसरि सं० स्त्री० केसर, ज़ाफ़रान; बहुमूल्य पदार्थ, अलभ्य वस्तु; मु०-फरब,-होब, अद्भुत वस्तु देना (किसी व्यक्ति या वस्तु का); वै०-र; सं०; वि० -या,-आ।

केहर क्रि० वि० किधर, वै० क्य-।

केहाँ-केहाँ ध्व० छोटे बच्चे के चिल्लाने या रोने की आवाज़,-करब; क्रि० केहाँब; वै० क्यहाँ-; भो०, मै० क्य-,-क्य -।

केहि सर्व० किस? इसमें कारक लग जाते हैं, उ० -कर,-पर,-से,-काँ; सं० कः।

केहू सर्व० किसी भी; इसमें भी ऊपर की भाँति सभी कारक संयुक्त कर दिये जाते हैं; के या केहि का प्र० रूप।

कै संबो० क्यों जी, क्यों भाई,-हो, इसके आगे प्राय: संबोधित व्यक्ति का नाम जोड़ दिया जाता है; सी० लखी, ल० ह०; पू० अ० में 'का'।

कै सर्व० कितना, कितने;-ठूँ,-ठीं,-ठें, कितने,-जने, -जनी, कितने व्यक्ति;-ठू,-ठें लगाकर संख्या की स्पष्टता की जाती है; प्र०-यो,-यौ,कई, कितने ही।

कैर वि० पुं० सफेद्दी लिए हुए; स्त्री०-रि; वै०कैरा, -रहा, कयर; अं० फ्रेयर।

कैसन वि० पुं० कैसा, स्त्री०-नि; वै० कइ-, कइस; प्र०-नौ, चाहे जैसा।

कैसे क्रि० वि० कैसे; वै० कइ-, कइसय;-कैसै, कैसे-कैसे; प्र०-सेव,-स्यो, चाहे जैसे।

कैहा क्रि० वि० कब, किस दिन, वै० कहिआ (दे०) यह शब्द वास्तव में 'ह' और 'अ' के विपर्यय से बना है। प्र०-है, बहुत दिन पूर्व; सं० कदा।

कोंखि सं० स्त्री० गर्भ, पेट;-में, गर्भ से (उत्पन्न), -खीं, पेट से; सं० कुक्षि; वै० को-; मै०भो०।

कोंचब क्रि० स० कोंचना, छेद करना; प्रे०-चाइब, -चवाइब,-उब; सं० कुच्।

कोंछ सं० पुं० (स्त्रियों का) अंचल; वै०-छा;-पूजब, एक संस्कार जिसमें नई बहुओं और सधवाओं के विदाई के अवसरों पर उनके आँचल चावल गुड़ आदि से भरे जाते हैं;-छे क चाउर, ऐसा दिया हुआ चावल, गुड़ आदि। सं० कुक्षि, मै०, भो० खोइँछा।

कोंछि सं० स्त्री० फलों का गुच्छा जो पेड़ पर हो; सं० कुक्षि।

कोंछी सं० स्त्री० ऊँचे पेड़ों से फल तोड़ने के लिए लंबी लग्गी में लगी हुई एक जाली जिससे फल साबित मिल सकें।

कोंड़िलाचब क्रि० अ० आनन्द के मारे नाचना; कोंड़ (दे०)+नाचब?

कोंड़ सं० पुं० आनंद; हँसी;-करब, मज़ाक करना, आनंद लेना, हँसी करना; सं० क्रीड़ा?

को सर्व० कौन; वै० के, कवन,-नि (स्त्री०); सं० कः; ल० सी० ह०।

कोइना सं० पुं० महुए का फल; वै०-या (जौ० प्रत०); स्त्री०-नी, भो०।

कोइरी सं० पुं० एक हिन्दू जाति के लोग जो कंठी पहनते और मांसादि नहीं खाते; स्त्री०-रिनि; वै०-यरी, क-; ये लोग शाक पैदा करते और बेचते हैं; दे० कोयर।

कोइल सं० स्त्री० कोयल; वह पका आम जो किनारे सूख कर विशेष सुगंध देता हो। कहते हैं ऐसे फल पर कोयल पाद देती है तभी यह ऐसा हो जाता है; वै०-लि, कइलि। क्वैलिया, क्वइलरि;-जो, काली स्त्री (स्त्रियों द्वारा गाली में प्रयुक्त)।

कोइला सं० पुं० कोयला;-होब, जल जाना, क्रोध करना, जल कर राख हो जाना; वै० क्व०-; क्रि० -ब, जलती लकड़ी का-होना या बनना।
कोई सर्व० कोई; वै०-उ, केव,-उ; प्र०-ई;-ऊ, केऊ; सं० कोऽपि।
कोई सं० स्त्री० (पशु के) पेट के दोनों किनारे जो खाने पर भर जाते हैं;-उपराब।
कोउ सर्व० कोई;-कोउ, कोई कोई; तुल० कोउ कोउ पाव भक्ति जिमि मोरी; सं० कोऽपि; प्र० -ऊ।
कोकसास्त्र सं० पुं० कामशास्त्र;-पढ़ब; सं० कोकशास्त्र।
कोका वि० मूर्ख, उल्लू;-बाई, बेवंगा;-दास, निरा उल्लू; वै० को-।
कोट सं० पुं० पहनने का कोट; अं०; स्त्री०महल; बड़े आदमी का मकान;-टें, राजदरबार में; मालिक के घर, दूसरे अर्थ में; वै०-टि।
कोटर सं० पुं० रहने का स्थान; अं० क्वार्टर; वै० क्व-।
कोटि सं० स्त्री० करोड़ों यत्न।
कोठरी सं० स्त्री० छोटा कमरा; सं० कोष्ठ।
कोठा सं० पुं० मकान के ऊपर का तल्ला; छत के नीचे बना हुआ वह स्थान जिसमें वस्तुएँ सुरक्षित रखी रहें; सं० कोष्ठ;-रि, भंडार का रक्षक।
कोठी सं० स्त्री० माल रखने या बेचने का बड़ा स्थान; महाजन का घर; नये प्रकार का बँगला; -चलब, कारबार होना; सं० कोष्ठ।
कोड़ा सं० पुं० चाबुक;-मारब,-लगाइब।
कोड़ी सं० स्त्री० बीस की राशि; दुइ-,चालीस;
कोढ़ सं० पुं० कुष्ट, कोढ़ी का रोग; क्रि०-ढ़ियाब, -आब, कोढ़ी हो जाना; सं० कुष्ठ।
कोढ़िकस सं० पुं० कोढ़ का प्रारंभ; कुष्ठ का फैलाव; वि०-हा,-ही।
कोढ़ी सं० पुं० (व्यक्ति) जिसे कोढ़ हो; वि० घृणित; बुरी आदतों वाला; सं० कुष्ठी; क्रि० -ढ़िआब,-याब।
कोतल वि० पुं० खाली (सवारी), मु० खाली हाथ; क्रि० वि० बिना कार्य सिद्ध किये; फ़ा०।
कोतवाल सं० पुं० पुलीस का अफ़सर जो एक नगर की शांति का उत्तरदायी होता है; वै० कु-; भा०-ली; गी० सैयाँ भये-अब डर काहे कै?
कोतहगरदनिआ वि० जिसकी गर्दन छोटी हो; फा०कोताह+गर्दन; ऐसे लोग चालाक और दीर्घजीवी माने जाते हैं।
कोताह वि० कम, तंग; भा०-ही, कमी;-ही करब, बचाना, कंजूसी करना; फा० कोताह; कुताही (कमी); भो०।
कोंतिआ वि० दुबला-पतला और ऐसे बैठक का जो शीघ्र बूढ़ा न हो (बैल, व्यक्ति); वै०-या,-ती; मै० कांत।
कोदई सं० स्त्री० कोदो का चावल या भात; सं० कोद्रु; वै० क्व-।
कोदव सं० पुं० कोदो का पेड़, चावल या बीज आदि; वै०-दो,-दौ; भो०; सं० कोद्रु।
कोन सं० पुं० कोना, कोण;-आरी, खेत का कोना और किनारा;-गोड़ब, जुताई के बाद खेत के किनारे, कोन आदि के बचे हुए भागों को गोड़ना; स्त्री०-निया, मकान की छत का कोना,-का घर, कोनेवाला कमरा; स-, कोने की ओर; वै०-ना क्रि०-नाब, कोने में जाना;-नियाब,-निआइब, कोने में छिपना; छिपाना;-कस, वि० कोने की ओर; -सै, प्र०।
कोप सं० पुं० क्रोध;-करब; क्रि० ब; राम क-, भगवान की कुदृष्टि (यह किसी बुरे अवसर का वर्णन करते समय प्रारंभ में कहा जाता है);-भवन, वह स्थान जहाँ क्रोध करनेवाला व्यक्ति जाकर बैठे।
कोमर सं० पुं० नदी के कटाव का वह कोना जहाँ घास आदि बहुतायत से हो।
कोमल वि०पुं० नरम,आराम-तलब; भा०-ई; सं०।
कोय सर्व० कोई; कविता में प्रयुक्त: "जाको राखै साइयाँ मारि न सकिहै कोय"; सं० कोऽपि।
कोयर सं० पुं० जानवरों के खाने का चारा;-राही, चारे की कटाई, उसकी कमी आदि।
कोयरी सं० पुं० यह जाति शायद साग भाजी की खेती करने के कारण ही (कोयर की) ऐसा कहलाती है। वै०-इरी, क्व-,दे०; स्त्री०-रिनि; कोयरवाली।
कोरचा सं० पुं० छिपा हुआ धन, चुराकर बचाया हुआ पैसा;-करब,ऐसी बचत करना; वै० क्व-,वि० -चहा,-ही, इस प्रकार पैसा जोड़नेवाला या वाली। मै० कोंसल, भो० कोसिला?
कोरट सं० पुं० रियासत की सरकार द्वारा देखरेख; कोर्ट (ऑव वार्ड);-होब, (किसी के इलाक़े की) सरकार द्वारा देख रेख होना,-करब; अं० कोर्ट।
कोरमब क्रि० अ० लटक कर मर जाना; रस्सी से लटककर आत्मघात करना; मु०किसी के यहाँ खाने के लिए पड़े या लटके रहना; प्रे०-माइब दे० वरमब,-माइब।
कोरव सं० पुं० छत में लगनेवाला लकड़ी या बाँस का टुकड़ा; वै०-रौ,-रो; मु०-गनब, भूखा रहना; रात को भूखा रहने पर यदि नींद न आवे तो छत के नीचे लेटा व्यक्ति लकड़ियाँ गिनकर ही समय काट सकता है।
कोरवर वि० पुं० सूखा (पकौड़ा), गीले को भिजवर (दे०) कहते हैं; मु०-करब,-होब, भूखा रह जाना; कोरा ही रहना, दे० कोरै।
कोरा सं० पुं० गाढ़े का थान; वि० न धुला हुआ (नया कपड़ा); उपयोग में न आया हुआ; स्त्री० -रि,-री (धोती); प्र०-रै,-रिहि,-रिनि।

कोरा सं० पुं० गोद;-लेब, गोद में लेना;-मँ हुवाब, शरण लेना, मदद माँगना. पं० कोल (पास), द० कौली (भरना): क्रि०-इब, दे०,-रौं, गोद में;-होब, गोद में होना, छोटा होना (बच्चे का)।

कोराइब क्रि० अ० (गाय भैंस का) ब्यानेवाली होना; ऊपर के ही शब्द से यह क्रिया बनी जान पड़ती है अर्थात् गोद, अंक या पेट (गर्भ से या बच्चे से) भरा होना। वै०-उब; भो०-इराइब, मै० कुम्हरायल।

कोरान सं० पुं० कुरान;-कसम, कुरान की सौगंद; वै० कु-;अर०।

कोरि सं०स्त्री० किनारा, धार;-मारब, धार को मोड़ देना, छाँट देना;-निकरब, किनारा निकलना या निकला रहना;-कसरि, कमी-बेशी, दुर्गुण;-होब; मै०-र।

कोरी सं० पुं० शूद्रों की एक उपजाति; शायद 'कोल' से इस शब्द का संबंध हो।

कोरै क्रि० वि० कोरा ही; बिना काम किये हुए ही: -लौटब,-लौटाइब।

कोरो दे० कोरव; वै० कोरौ;-बाती, छप्पर छाने का सामान, मै०-बत्ती; भो०।

कोलवा सं० पुं० खेत का छोटा टुकड़ा: छोटा सा खेत; यक-, दुइ-;वै० कव-।

कोलिआ सं० स्त्री० छोटी सी गली; वै०-या।

कोल्हार सं० पुं० कोल्हू (गन्ने का) का घर: गुड़ पकाने का स्थान: मै० कल्हुआर, भो०कोल्हवाड़ी।

कोल्हू सं० पुं० तेल या गन्ना पेलने का पेंच, -चलब,-चलाइब,-पेरब,-हाँकब।

कोवा सं० पुं० कटहल के फल के भीतर के मीठे बीज; साँप के छोटे बच्चे; वै०-आ पो-(प्रत०जौ०) मै०-आ।

कोसा सं० पुं० मिट्टी का छोटा कटोरा; स्त्री०-सिआ,-या; सं० कोष।

कोह सं० पु० क्रोध;-करब; क्रि०-हाब, क्रोध करना; वि०-ही (क०) सं० क्रोध। तुल० बाल ब्रह्मचारी अति कोही।

कोहबर सं० पुं० विवाह के समय का वह स्थान जहाँ वर-वधू एकत्र बैठाये जाते हैं; तुल०; सं०कोह (क्रोध)+वर, जहाँ वर कभी-कभी क्रोध करे या रूठे; विवाह में कई बार दूल्हा रूठता और मनाया जाता है। मै० कोबरा,-घर।

कोहँड़ी सं०स्त्री०बर्तन आदि गृहस्थी के सामान;-करब, सामान लेकर गाँव छोड़ जाना; शा० 'कोहा' (दे०) से-।

कोहँड़ा सं० पुं० कुम्हड़ा; सं० कुष्मांड।

कोहँड़ौरी सं० स्त्री० सफेद कुम्हड़े से बनी बड़ी।

कोहाँर सं० पुं० मिट्टी का बर्तन बनानेवाला: स्त्री०-रिनि, इनि,-इन; भा०-हँरई,-पन, सं० कुंभकार;-हाँरी: जा० "मोहि का हँसेसि कि कोहँरहि?" मै० कुम्हार, भो० कोहाँर।

कोहा सं० पुं० मिट्टी का बड़ा कटोरा; बोये खेत का एक छोटा खंड; सं०कोष, मै० भो०।

कोहाइन सं० स्त्री०, कुम्हार की स्त्री; कहा० हौ-हानि-चुतरे प आवाँ, जल्दी-जल्दी में कुम्हार की स्त्री ने आवाँ अपने चूतड़ों पर ही लगा लिया।

कोहाब क्रि० अ० रूठ जाना, क्रोध करना, रूठ जाना; सं० क्रोध।

कौंसल सं० पुं० सलाह, राय;-करब,-होब; अं० काउंसिल।

कौआ सं० पुं० दे० कउआ; सं० काक।

कौआब दे० कउआब।

ख

खँखारब क्रि०अ० खाँस देना (सूचनार्थ), वै० खें-, दे० खखार।

खँघारब क्रि० स० पानी से धोना (बर्तन को); मु० नष्ट कर देना;-घारि उटब, नष्ट हो जाना, झट से नष्ट होना।

खँचिआ सं० स्त्री० छोटी टोकरी (घास आदि के लिए);-भर, बहुत से; पुं० खँचवा, खाँचा; इन टोकरों में अनाज नहीं रखा जा सकता, क्योंकि इनमें बड़े-बड़े छेद होते हैं। लघु०-चोली,-ला; वै०-या।

खँचुहा सं० पुं० कछुआ; स्त्री०-ही; वै० खें-; सं० कच्छप।

खँझड़ी सं० स्त्री० एक छोटा-सा बाजा जो एक हाथ से पकड़कर दूसरे हाथ से बजाया जाता है;-ड़िहा, ऐसा बाजा बजानेवाला।

खंझर वि० पुं० मिला हुआ (अन्न), खालिस नहीं; प्र०-रा; अंझर-, रद्दी।

खंड सं० पुं० भाग, (मकान का) पूरा अंश, उ० दुइ खंड कै मकान, सं०;मु०-खै-खंड, टुकड़े-टुकड़े।

खंडब क्रि० सं० टुकड़े करना; तोड़ देना; तुल० अजगौ खंडेउ ऊख जिमि"'; सं० खंड।

खँड़हर सं० पुं० खँडहर;-परब,-होब; सं० खंड।

खँड़सरी सं० स्त्री० खाँड बनाने की दूकान; खँड़साल; वै०-सारि,-र।

खँड़िआ सं० स्त्री० टुकड़ा (मछली, मांस का); सं० खंड; क्रि०-इब, टुकड़े करना।

खँड़ुवा सं० पुं० हाथ का कड़ा; वै०-आ।

खँढ़उली सं० स्त्री० ईंट के टुकड़े; वै०-ढौ-, खँड़-; सं०खंड+अवलि (टुकड़ों की पंक्ति)।

खइँचड़ सं० पुं० कच्चर; वि० फसाद, भिन्न-भिन्न करनेवाला, रद्दी; वै० खैं-, खच्चड़।

खइँचब क्रि० स० खींचना, ले लेना; प्रे०-चाइब, -वाइब,-उब।

खइँतड़ वि० पुं० निकृष्ट (व्यक्ति), भगड़ालू; स्त्री० -ड़ि; वै० खैं-,-यँ-।

खइनी सं० स्त्री० खाने का तंबाकू; पीनेवाला तंबाकू 'पियनी' (दे०) कहलाता है; 'खाब' (दे०) से; सं० खाद्।

खइर सं० स्त्री० कुशल: खैर; होब, अच्छा होना, -मनाइब,-माँगब,-करब: वै०-रि, खैर: अर० ख़ैर: कबी० "कबिरा खड़ा बजार में सब की माँगै खैर"

खइरात सं० स्त्री० दान, मुफ़्त में देना;-करब, दान करना,-लेब: वि०-ती, मुफ़्त, वै०:-ति,-य-; अर० ख़ैरात।

खइरियत सं० स्त्री० कुशल,-करब,-पूछब,-होब; वै०-य-, ति:

खइरी वि० स्त्री० खैर रङ्ग की; पुं० खयर (दे०)।

खइलरि सं० स्त्री० रई: मट्ठा बनाने की लकड़ी की बनी चीज़; मुड़-, चक्कर में डालनेवाली बात, परेशानी;-करब, तंग करना: मुड़ (मूड़ = सिर) + ख-, सिर को मथनेवाली (बात)।

खइहँस सं० पुं० झंझट: (हृदय या मस्तिष्क को) खा डालनेवाला? 'खाब' से (खइ + हँस);-होब, -करब,-रहब, जिउ कै-, परेशानी; अथवा क्षय (खंय-खइ) + हस (हास-हस) स्थिति जिसमें क्षय तथा ह्रास हो? या जिसमें 'हँसी' (सुख) का क्षय हो।

खउँखिआब क्रि० अ० झुँझलाकर बोलना, जल्दी से चिल्ला उठना: फ़ा० ख़ूँख़्वार से? अर्थात् डरावना होना; दे० कउकिआब।

खउकब क्रि० अ० चिल्लाना; स० डाँटना, डराना: प्रे०-कवाइब; वै० ख-।

खउफ सं० पुं० ध्यान, डर, चिंता,-लागब,-होब, -करब,-खाब,-रहब; वै० खौ-,-फि: अर० ख़ौफ़।

खउरा सं० पुं० खुजली (प्रायः पशुओं, विशेषतः कुत्तों की);-होब; क्रि०-ब, खुजली से क्लिष्ट हो जाना; वि०-रहा,-ही: कहा० गाँड़ि ही मखमले क भगवा! प्रे०-इब, खुजलाना।

खउलब क्रि० अ० खौलना, उबलना, प्रे०-लाइब, -उब।

खउहटि सं० स्त्री० खाने के लिए दी हुई मज़दूरी, अनाज आदि;-लेब,-देब; वि० फूहड़ (स्त्री०)।

खकसी सं० स्त्री० एक जंगली फल जिसकी तरकारी होती है; वै० खे-,-खसी।

खखरहा वि० पुं० पुराना, बीच-बीच में छेदवाला (टोकरा); स्त्री०-ही, (झउली, दउरी दे०) वै० खाँखर, खँ-।

खखराब क्रि० अ० पुराना होना, छेदवाला हो जाना; 'खाँखर' हो जाना।

खखाब क्रि० अ० जोर से हँसना, प्र०-खखा-; खखाय क हँसब, ठट्ठा मार के हँसना।

खखार सं० पुं० जमा हुआ थूक, गले के नीचे से निकाला हुआ थूक; वै० खे-,खँ-, क्रि०-ब, आवाज़ करके थूकना; वै० खे-,खँ- (दे०)।

खखुण्डी सं० स्त्री० भुट्टे का डंठल जिसमें से दाना निकल गया हो; वै० खु-।

खग सं० पुं० पक्षी; केवल क० कहावतों आदि में प्रयुक्त;-'खग जानै खग ही की भाषा'; सं०।

खटब क्रि० अ० घटना, कम पड़ना सं० क्षय से?

खड़का सं० पुं० पशुओं का एक रोग जिसमें खुर सड़ने लगता है; क्रि०-हाब, खाइब, ऐसे रोग से ग्रसित होना।

खचाखच क्रि० वि० पूरी तरह (भरा रहना); प्र० -च्च-।

खँचोला दे० खँचिआ।

खजनची सं० पुं० कोषाध्यक्ष: रुपया रखनेवाला।

खजाना सं० पुं० कोष: मु० बहुत सा माल: व्यं० कुछ नहीं,-होब,-धरब,-धरा रहब, अर० ख़ज़ानः; -नची (अर०-नःदार)।

खजुआब क्रि० अ० खुजाना, खुजलाना, प्रे०-इब, -उब,-वाइब: मु० चूतर खजुआइब, पछताना, देखते रह जाना; खाज (दे०) से।

खजुलहा वि० पुं० जिसे खुजली हुई हो: स्त्री० -ही।

खजुली सं० स्त्री० खुजली, खाज; दे० खाज।

खजूर सं० स्त्री० खजूर का पेड़ और उसका फल; मु० बहुत लंबा; कहा० सरग से गिरा-मैं अटका। अर्थात् छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवंति।

खटइहा वि० पुं० खटाई का शौक़ीन: जिसमें खटाई रक्खी गई हो (बर्तन); स्त्री०-ही।

खटक सं० पुं० संदेह, चिंता; बे-,नि-; वै०-का, खुटका; प्र० खुटुक,-का;-करब,-होब,-रहब।

खटकीरा सं० पुं० खटमल; कहा० कायथ औ खट-ये का जानैं पराई पीरा; खट + कीरा (दे०) कीड़ा, खाट का कीड़ा।

खटलुस वि०पुं० थोडा खट्टा, ज़रा खट्टा; स्त्री०-सि।

खटपट सं० स्त्री० अनबन, मन-मुटाव,-रहब,-होब, कोशिश, दौड़ धूप,-करब, वि०-टी,-टिहा; दौड़-धूपवाला, तिकड़मी।

खटपटी सं० स्त्री० पैर में पहनने की खड़ाऊँ; वि० खटपट करनेवाला, तिकड़मी; वै०-टिहा।

खटमचवा सं० पुं० छोटी-सी चौकी या खाट जिस पर रोगी आदि को उठाकर या बैठाकर ले जायँ: खट (खाट) + मचवा (दे०): वै०-चिआ (दे०)।

खटमल दे० खटकीरा।

खटरस वि० कई रसोंवाला, मज़ेदार; सं० षट्रस।

खटर-पटर सं० पुं० खट-पट की आवाज़; थोड़ा बहुत गड़बड़; अनबन, ठहर-ठहर के लड़ाई झगड़ा;-लाग रहब, झगड़ा लगा रहना।

खटराग सं० पुं० झंझट; -करब,-होब;-रहब; षट्राग (छः राग जिसको जानने में समय तथा परिश्रम चाहिए)।

खटखट सं० पुं० समाज में स्थान, रोब, मान: -होब; वास्तव में इस शब्द के अर्थ हैं "खट-खट की आवाज़" अर्थात् समाज में नाम-कीर्त्ति।

खटाई सं० स्त्री० खटाई;-परब,-डारब: -मिठाई अच्छाई-बुराई।

खटाऊ वि० खटानेवाला, बहुत दिन तक रहनेवाला: दे० खटाब।

खटाक सं० पुं० जल्दी;-से, तुरंत, वै० खट से, प्र०-ट्ट-,-का।

खटाब क्रि० अ० चलना (वस्तु का), बहुत दिन तक टिकना या खराब न होना।

खटारा वि० पुराना या पुरानी (गाड़ी, मोटर आदि), बेकार, रद्दी।

खटासि सं०स्त्री० खट्टापन, थोड़ी खटाई, वै०-स।

खटिआ सं० स्त्री० खाट:-निकरब, मर जाना (तोरि-निकरै, तू मर जा, प्रायः यह शाप स्त्रियों के मुँह से सुना जाता है।) वै०-या,-मचिआ, घर का सामान। पुं०-टवा, सं० खटवा।

खटिक सं० पुं० एक जाति जो सुअर पालते, पत्थर आदि का काम करते हैं, स्त्री०-किन,-नि, भा०-कई,-पन।

खटोला सं० पुं० बच्चों की छोटी खाट, उड़न-, छोटा सा वायुयान; स्त्री०-ली।

खट्टा वि० पुं० खट्टा; स्त्री० ट्टी;-होब,-करब, (हृदय, मन आदि) फिर जाना, उदासीन होना; क्रि० -ट्टाब।

खड़ंजा सं० पुं० टूटी हुई ईंट; वै०-रजा, स्त्री० -जी।

खड़कब क्रि० अ० खड़ की आवाज़ करना; प्रे० -काइब,-उब।

खड़काइब क्रि० स० खड़खड़ करना, खड़खड़ाना, खोलने के लिए ढकेलना, वै० खु-उब; खड़कब का प्रे० रूप।

खड़खड़िया सं० स्त्री० गाड़ी जिसके पहिये खड़-खड़ करते हों; पुरानी गाड़ी; बच्चों के खेलने की गाड़ी; वै०-या।

खड्ग सं० पुं० तलवार; कहा० या गीत में प्रयुक्त, वै -गि।

खड़बड़ सं० स्त्री० घबराहट, परेशानी; होब, -मचब,-परब,-मचाइब; वै०-ड़ी-ड़ी में परब, क्रि० -ड़ाब, खलबली में पड़ना, गिर पड़ना, खराब होना, नष्ट हो जाना।

खड़बड़ाइब क्रि०स०खराब कर देना, (स्थिति आदि) खलबली में डालना, परेशान कर देना।

खड़बिड़हा वि० पुं० टेढ़ा-मेढ़ा; वै०-बीहड़, खिड़-; स्त्री०-ही; सं० षट् + हिं० बीहड़, छः (कोण का) और भारी।

खड़मंडल सं० स्त्री० नाश; गड़बड़;-होब,वै० खर-, -लि; खर (गदहा) + मंडल (मंडली) = मूर्खों का समाज या षट् (छः) (जैसे षट्यंत्र में) + मंडल; अथवा खल (दुष्ट) + मंडल।

खड़ा वि० पुं० उठा हुआ; स्त्री-ड़ी; क्रि०-ढ़िआब, खड़ा करना, वै० ठढ़िआइब (दे०)।

खढ़िआइब क्रि० स० खड़ा करना; वै० ठ-(दे०), -उब।

खत सं० पुं० पत्र;-पत्र, समाचार;-आइब,-मिलब;-लिखब; फ़ा० ख़त।

खतम वि० समाप्त;-होब,-करब; मु० मृत; फ़ा० ख़त्म।

खतरा सं० पुं० भय, भयानक स्थिति;-खाब, धोका खाना (प्र० आ,-त-);-होब: फ़ा०।

खतहा सं० पुं० गड्ढा, छोटा गढ़ा: करब,-खनब; मु० पेट,-भरब, पेट पालना,-भरना, जीना; स्त्री०-ही।

खता सं० पुं० कसूर, ग़लती, अपराध;-करब,-होब; वै०-ताँ वि० वार: फ़ा०-त:।

खतिआइब क्रि० स० खतियाना, क्रम से सूची बनाना: खाता बनाना; वै०-या,-उब; खाता (दे०) से।

खतिऔनी सं० स्त्री० रजिस्टर जिसमें खेतों का ब्योरा हो; खेतों का खाता; वै०-अउ-।

खदरब क्रि० अ० खराब हो जाना; प्रे०-राइब, -रवाइब,-उब: खादर (दे०) से, क्योंकि नदी की बाढ़ के कारण प्रायः खादर की भूमि खराब हो जाती है और फ़सल भी नष्ट हो जाती है; वै०-राब

खदरबदर सं० पुं० गड़बड़;-होब,-करब; ध्व० खदर (दे० खद्दर) + बदर, निरर्थक; द्वि० शब्द, 'खादर' से, जैसे खादर का भाग कभी सूखा कभी जलमय रहा करता है, शायद 'खद्दर' भी इसी से हुआ है।

खदराउर वि० पुं० खादवाला, उपजाऊ; स्त्री०-रि: -रें, उपजाऊ स्थान में: वै०-दि-,-गर,-हा ,-गउर।

खदानि सं० स्त्री० खोदने की जगह; खान; वै०-न; सं० खन् (खोदना)।

खदिगर वि० पुं० खादवाला; स्त्री०-रि,-रें, ऐसे स्थान में; खादि + गर (फ़ा० प्रत्यय); प्र०-गौर, -गउर।

गभुरई सं० भा० गर्व; मुँह फुला कर बोलने की प्रवृत्ति; इस शब्द से अनुमान होता है कि "गभुर" कोई विशेषण होगा, पर ऐसा शब्द बोला नहीं जाता; शायद पहले रहा हो;-सं० गह्वर? तु० गब्बर।
गभुराब क्रि० अ० मुँह फुला कर बोलना; ऐंठ के बोलना; रुष्ट होना; वै०-भ्राब।
गभ्भ सं० पुं० डूबने या पानी में गिरने का शब्द; -सें,-दें; वै०-ब्भ,-ब्ब; ध्व०।
गभ्भा दे० गब्भा;-छाँटब।
गभ्रू दे० गबरू।
गम सं० पुं० धीरज, शान्ति;-खाब, धीरज धरना, सहना;-करब, कुछ न करना, चुप रहना; अर०ग़म (शोक)।
गमक सं० स्त्री० महक;-देब; क्रि०-ब।
गमकब क्रि० अ० महकना; प्रे०-काइब।
गमगमहटि सं० स्त्री० खुशबू का ताँता; महक; -मचब; 'गमक' का प्र० रूप।
गमछा सं० पुं० अँगोछा; पू० अ०।
गमला सं० पुं० मिट्टी का बर्तन जिसमें फूल लगाया जाता है।
गमाक सं० पुं० गिरने की आवाज; प्र०-का, जोर की आवाज;-चें,-सें, जोर से;-का होब, बड़ी आवाज होना (गिरने की); क्रि०-ब, उ० गोला-; ध्व०; दे० धमाक,-का।
गमागम दे० घमाघम।
गमी सं० स्त्री० शोक का अवसर; मृत्यु; प्र०-म्मी; सादी-, हर्ष एवं शोक के अवसर;-होब,-परब; अर० ग़म।
गम्हीर वि० पुं० भारी, वजनवाला; गंभीर; कम बोलनेवाला; गरू-, आदरणीय, व्यं० गर्भवती; स्त्री० रि; सं० गंभीर; भा०-हिरई; वै० गहूँ-, दे० गरू।
गयतल वि० पुं० बहुत पुराना, बेकार; स्त्री०-लि; गय (गया, समाप्त)+तल (तल्ला) जिसका तल्ला

फट गया हो (वह जूता); वै० गै-,-हा,-ही; प्रायः निर्जीव वस्तुओं के लिए प्रयुक्त;-खाता, बेकार वस्तुओं का ढेर।

गयबुआ वि० योंही आया हुआ; जिसका पता न हो; जिसका ठिकाना न हो; स्त्री०-बुई, पर दोनों लिंगों में यों भी एक सा प्रयुक्त होता है। शा० अर० गायब से।

गयर वि० पुं० दूसरा, पराया, बाहरी स्त्री०-रि; अर० ग़ैर: दे० अनगयर।

गयल सं०स्त्री० राह, गली, प्रायः कविता में प्रयुक्त, जहाँ यह प्रेमियों की गली के लिए या "प्रेम-मार्ग" के लिए आता है। वै० गैल।

गयस सं० पुं० गैस, गैस की रोशनी; अं० गैस; वै० गैस,-जरब,-जराइब।

गया सं० पुं० गयाधाम, प्रसिद्ध तीर्थ:-करब, गया जाकर पितरों का श्राद्ध आदि करना: सं०।

गर सं० पुं० गला:-काटब, (किसी वस्तु का खाने पर) गले में चिरमिराना जैसे जमीकंद आदि:-दबाइब, जबर्दस्ती करना; फ़ा० गुलू, लै० गुल।

गरक वि०डूबा, नष्ट:-करब,-होब, अर० ग़र्क़ शायद 'गड़प' भी इसी से संबद्ध है (दे०)।

गरगज वि० मोटा, फूला हुआ;-होब, तगड़ा हो जाना; फूलि कै होब, खा पीकर मोटा होना; प्रसन्न हो जाना: फा० करगस गिद्ध (जो पतला लंबा होता है पर मुर्दा खाकर मोटा बन जाता है।)

गरगराब क्रि०अ० जोर से और क्रोधपूर्वक बोलना; चिल्लाना; झगड़ा करना, ध्व० 'गरगर': दे० गुर्र, अर० गर, फा० गुलू (गले पर जोर देकर बोलना): अर० गरगरा, गले में कुल्ली करने की दवा।

गरज सं० स्त्री० स्वार्थ, काम, आवश्यकता;-होब, -रहब:-बावला, स्वार्थांध, अपने काम से पागल, स्वार्थसिद्धि में व्यस्त; वै० गर्जि,-जि, गर्ज; वि०-जू; अर० ग़र्ज़।

गरजब क्रि० अ० गरजना; जोर से बोलना, गर्व या क्रोध से डाँटना, झगड़ना, पहे० तर गरजै उपर चमकै (हुक्का)।

गरजि दे० गरज।

गरजी वि०गर्जवाला; जिसे आवश्यकता हो; अल-जिसे आवश्यकता न हो या जिसकी बहुत पूछ हो, अलगरजी क सौदा, बिना स्वार्थ का काम, वह काम जिसमें किसी की रुचि न हो; कहा० तीन जाति अलगरजी, नाऊ धोबी दरजी; यह शब्द कम प्रयुक्त होता है, प्रायः "गरजू" या "गरजूँ" बोलते हैं। अर० ग़र्ज़।

गरजू वि० गर्जवाला, जिसे आवश्यकता हो; वै० -जूँ; अर० गर्ज (स्वार्थ) से।

गरब सं० पुं० घमण्ड, वि०-बी,-बिहा; वै०-भ; सं० गर्व;-करब,-होब।

गरभ सं० पुं० गर्भ;-रहब,-गिरब,-गिराइब,-गिरवाइब; सं० गर्भ; तुल० गर्भक के अर्भक दलन"'।

गरभी वि० गर्ववाला, घमंडी; वै०-बी,-बिहा, -भिहा।

गरम वि०गर्म, क्रुद्ध;-करब,-होब, क्रि०-माब,-माइब, -उब; फा० गर्म।

गरमाइब क्रि० स० गर्म करना; वै०-उब, प्रे०-मवाइब; फा० गर्म।

गरमागरम वि० ताजा, गर्मगर्म; फा० गर्म।

गरमागरमी सं०स्त्री० क्रोध से भरी बातें: दो तरफ से गरम-गरम बातें:-होब, वै० गरमीगरमा।

गरमाब क्रि०अ० गर्म होना, क्रुद्ध हो जाना; कामातुर होना; प्रे०-इब,-उब,-मवाइब,-उब।

गरमिहा वि० पुं० जिसे गर्मी या सूजाक आदि रोग हो; स्त्री०-ही।

गरमी सं० स्त्री० गर्म होने का भाव; सूजाक आदि की बीमारी:-होब,-करब; फा०गर्मी:-गरमा, गरमा-; क्रि०-मिआब, गर्म हो जाना (व्यक्ति का), गर्मी में थक या परेशान हो जाना।

गरमें क्रि० वि० गरमी में, गर्मी के समय; धूप में; फा० 'गर्म'।

गरर सं०पुं० 'गर-गर' का शब्द; बार-बार 'गर-गर' की आवाज;-गरर;-होब,-करब; ध्व०; क्रि०-राब।

गरसहा दे० गोरस।

गरसी सं० स्त्री० दे० गोरसी।

गरह सं० पुं० ग्रह, कष्ट; होब-रहब,-कटब, -काटब:-गोचर, ज्योतिषीय गणना; सं०ग्रह।

गरहन सं० पुं० ग्रहण;-लागब,-क छाया, जन्म-जात चिह्न जो किसी के शरीर पर हो, जिसे गर्भस्थित शिशु पर ग्रहण का प्रभाव बताते हैं।

गरहित वि० ग्रह से प्रभावित: कष्ट में; सं० ग्रहित, गृहीत।

गरही वि० ग्रह द्वारा क्लिष्ट; गरह + ई; सं० ग्रह + इन्।

गराम-सुधार सं० पुं० सरकार का "ग्रामसुधार" विभाग; सं० ग्राम-सुधार।

गरार वि० पुं० तगड़ा, ज़ोरदार; स्त्री०-रि।

गरारा सं० पुं० गले को ठीक करने के लिए दवा, नमक आदि का कुल्ला;-करब, अर० गरगरा।

गरारी सं० स्त्री० पत्थर या ईंट आदि पर रस्सी का चिन्ह;-परब; कुएँ की गराड़ी जिससे रस्सी लटकाई जाती है।

गरास सं० पुं० ग्रास, कवर; एक-,दुइ-, क्रि०-ब, खाना, थोड़ा सा खाना, सं० ग्रास।

गराह सं० पं० दे० ग्राह।

गरिआइब क्रि० स० गाली देना; प्रे०-वाइब, वै० -या:,-उब; 'गारी' (दे०) से क्रिया।

गरिबई सं० स्त्री० गरीबी, दरिद्रता; अर० ग़रीब (दरिद्र); वै०-ता।

गरिबऊ वि०दारिद्र्यपूर्ण, गरीबीवाला; अर०ग़रीब + ऊ जैसे "अमिरऊ" (दे०)।

गरिबता सं० स्त्री०गरीबी, दरिद्रता; अर० गरीब+सं० ता; वै०-री-।
गरिबाब क्रि० अ० गरीब हो जाना, गरीब बन जाना; अर० गरीब से क्रि०।
गरियाइब दे० गरिआइब।
गरी सं० स्त्री० गिरी, नारियल का गूदा।
गरीब वि० पुं० दरिद्र, धनहीन; स्त्री०-बि०, भा०-बी,-रिबई,-रिबता, वि०-रिबऊ दे०: अर० गरीब।
गरीब-नेवाज सं० जो गरीब का पालन करे; वि० गरीब पर दयालु: तुल०-जू; अर० गरीब+फा० नवाज़ (कृपालु)।
गरीब-परवर सं० पु०जो गरीब की सहायता करे; बड़े अफ़सरों या महानुभावों को संबोधन करने का पुराना शब्द; वि०परम दयालु: अर० गरीब + फा० परवर (पालक)-परवरदन, पालना।
गरीबी सं० स्त्री० दरिद्रता;-बूझब,-समझब, गरीबी का ध्यान या ख्याल करना: अर० गरीब + ई।
गरुआई सं० स्त्री० वज़न, बोझ, शांति: वै०-आई; सं० गुरु+अई।
गरुआब क्रि० अ० बोझ के कारण थकना: असह्य होना; "गरू" से क्रि०; सं० गुरु+आब; प्रे०-वाइब,-उब।
गरुई दे० गेरुई।
गरुका वि० पुं० वजनी, भारी; स्त्री०-क्की: "गरू" का प्र० रूप; सं० गुरु+का: दूसरे वि० में भी यह अवधी प्रत्यय 'का' या 'क्का' लगता है, उ० 'बड़का' 'छोटका' आदि।
गरुड़ सं० पुं० प्रसिद्ध गरुड़ जी जो विष्णु के वाहन हैं; वै०-ड़र,-रुर; सं० गरुड; आ०-महराज, -भगवान।
गरुहर वि० पुं० गुरुतर, अधिक वज़नी, अधिक प्रभावशाली: सं० गुरुतर=गरु+हर: यह 'हर' प्रत्यय कभी-कभी 'हन' हो जाता है, जैसे 'छोट-हन' बड़हन (दे०): स्त्री०-रि।
गरू वि० भारी: शांत;-गँभीर, गर्भवती; परम शांत; सं० गुरु+गंभीर; भा०-रुआई।
गरे क्रि० वि० गले (में);-लगाइब सिर मढ़ना, ज़बरदस्ती (किसी का कुछ) देना; वै०-रें ('गर' में); फ़ा० गुलू।
गरेछब क्रि० स०घेरना, तंग करना, फँसाना; प्रे०-छवाइब,-उब: सं०ग्रस्, गृह्: वै०-सब।
गरेड़ी सं० स्त्री० गन्ने के छोटे-छोटे टुकड़े; वै०-डेरी, गँ—।
गरैआ दे० गौरैया।
गलइचा सं० पुं० गलीचा, कालीन; वै०-लैचा; फा० कालीचः (छोटा): कालीन (बड़ा) कालीन; "गुलगुले गिलिम गलीचे हैं गुनीजन हैं···"।
गलइब क्रि० स० गलाना, वै०-उब, प्रे०-लाइब, -लवाइब,-उब; 'गलब' का प्रे०।
गलका सं० पुं० खट्टे या कच्चे फल का शकर तथा मसालों के साथ बनाया हुआ अचार;-बनाइब।
गलगल वि०नरम, भीगा, पका हुआ; परम प्रसन्न, द्रवीभूत; कहा०"गलगल नेवुआ औ घिउ तात"; -होब,-करब।
गलचउर सं० पुं० मजे की बातें, लंबी-लंबी बातें, व्यर्थ की बातें;-करब,-होब; गल (गाल)+चाउर (चावल) जैसे नरम चावल धीरे-धीरे आराम से खाये जाते हैं वैसी ही बढ़िया, बेकाम की बातें। प्र०-चभ्भौ (चाभब, दे०)चवा-चबाकर की हुई बातें; वै०-चौर,-चब्भौ।
गलछा सं० पुं० नई शाखा,-फूटब,-फोरब; दे० गँछाब।
गलत वि० पुं० अशुद्ध;-करब,-होब; स्त्री०-ति; वै०-ल्त,-ल्ति; अर० गलत (अशुद्धि); भा०-ती।
गलता वि० पु० बहुत पुराना, फटा हुआ, गला (दे० गलब) हुआ; दे० गँतल, गयतल।
गलती सं० स्त्री० अशुद्धि, चूक, भूल;-होब,-करब, -खाब, धोका खाना; अर० ग़लत से 'ई' लगाकर भा० बना यद्यपि अर० में वह शब्द स्वयं भा० है।
गलफर सं० पुं० गाल के भीतर का भाग; गल (गाल)+फर (फारब ?)=फल; तु० स्त्री० गाल, गिल (अं)=पानी के जन्तुओं के श्वास के अंग।
गलफा सं०पुं० अफवाह, गप, जनरव;-होब;-करब, -उड़ब,-उड़ाइब; शा० गलफर से संबद्ध जैसे पं० गल (बात) दे० गाला।
गलफुलना वि० पुं० जिसका गाल फूला हो, मोटे मुँह का: स्त्री०-नी; वै०-नहा,-ही: गल (गाल)+फुलना (दे० फूलब)।
गलब क्रि० अ० गलना, पिघलना; खर्च होना, नीचे जाना (कुएँ की दीवार आदि का): लगना; रुपया-,पैसा-; पसीजना, दयालु हो जाना; प्रे०-लाइब,-वाइब,-उब।
गलबा सं० पुं० आंदोलन, गड़बड़;-होब; फा०गुल-गुल (शोरगुल);-करब,-होब, शा० यह शब्द और 'गलफा' एक ही हैं।
गलबाहीं सं० स्त्री० गले में बाँह डालने की क्रिया;-देब, आलिंगन करना: गल+बाँह, क०-हियाँ, वै०-हँ।
गलसटब क्रि० अ० बातें करना, गप मारना; व्यर्थ की और लंबी बातें करते रहना; पं० गल (बात)+साटब (दे०)=सटहरब (मारना) दे०।
गलहंस सं०पुं० निःसंतान की संपत्ति का अधिकार।
गला सं० पुं० गला, कंठ;-चलब,-बैठब; प्रायः 'गटई'; फा० गुलू।
गलाइब क्रि० स० गलाना; वै-उब, प्रे०-लवाइब, -उब; मु० पहला-(किसी काम में पहले) द्रव्य खूब खर्च कर देना, भा०-ई,-लवाई।
गलानि सं० स्त्री० ग्लानि, दुःख, अफ़सोस;-होब, -करब; सं० ग्लानि।
गलार वि० पुं० बहुत या जोर से बोलनेवाला,

गुस्ताखी से बोलनेवाला; स्त्री०-रि; 'गल' या 'गर' से।

गलारा सं०पुं० पानी बहने का बड़ा रास्ता जो पानी स्वयं काटकर बना लेता है;-होब,-करब; प्र० घ।

गलिआइब क्रि० स० जबरदस्ती मुँह या गले में (भोजन आदि) डाल देना; वै०-उब, प्रे०-वाइब, -उब; 'गर' या 'गल' से।

गलिआरा सं०पुं० तंग और दो दीवारों या मकानों के बीच का रास्ता; 'गली' से 'आरा' प्रत्यय लगाकर।

गलिआँ सं० स्त्री० गली; क्रि० वि०-गलिआँ, गली-गली (गी०); वै०-याँ।

गली सं० स्त्री० छोटी तंग सड़क;-गली, बहुत सी गलियों में।

गलीज सं० स्त्री० गंदगी; गंदी वस्तु; वि० गंदा, अपवित्र, अर० ग़लीज़ (जमी हुई वस्तु)।

गलुआ सं० पुं० मोटे या फूले हुए गाल;-निकरब, मोटा हो जाना; 'गाल' से; वै०-वा,-हा।

गलुका सं० पुं० छोटा गाल, बच्चे के गाल, जिसे डाँटना या मारना हो उसके गाल;-निकरब, -काढ़ब,-चीरब; 'गाल' (दे०) का घृ० रूप।

गलूबंद दे० गुलू-।

गलैया सं० पुं० गलनेवाला, पसीजनेवाला, दया करनेवाला; प्रे०-लवै-, वै०-आ; भा०गलाई,-करब, -होब।

गलोना दे०घ-;शायद शब्द 'गलब' या 'घुलब' से बना है।

गल्ला सं० पुं० अनाज; दूकान का रुपया (जो एक स्थान पर रखा हो); ऐसे रुपये का स्थान;-पानी, माल; अर०ग़ल्ल: (अनाज); प्राचीन काल में अनाज ही मुख्य धन था।

गवँखा सं० पुं० दे० गउँखा; सं० गवाक्ष।

गवँगोर वि० पुं० चालाक; समय का लाभ उठानेवाला; गवँ, दाँव, + फ़ा० गीर (पकड़नेवाला); वै० गौं-, गउँ-(दे०)।

गवँरई सं० स्त्री० सीधापन, मूर्खता;-करब; सं० 'ग्राम' से भा० संज्ञा।

गवँरऊ वि० गाँव का, सीधा, असभ्य; सं० 'ग्राम' से; गवाँर+ऊ।

गवँरपन सं० पुं० सिधाई; मूर्खता; सं० ग्राम।

गवमाँस सं० पुं० गोमांस;-खाब,महापाप करना; वै०-उ-; सं० गोमांस।

गवसाला सं० स्त्री० गोशाला; वै० गउ-; सं० गोशाला।

गवहिआ सं० पुं० मेहमान, अतिथि।

गवहीं सं० स्त्री० मेहमानी, ससुराल के रिश्ते में पहले-पहल जाने की पद्धति; ऐसे समय का उपहार;-करब।

गवइआ सं० पुं० गानेवाला; वै०-या,-वै-; प्रायः दोनों लिंगों में प्रयुक्त; सं०।

गवई सं० स्त्री० देहात, गाँव; गाँवों का समूह; "गवई गाहक कौन ?"-बिहारी; क्रि० वि० गाँव में; सं० ग्राम।

गवकसी दे० गउ-।

गवचर दे० गउ-।

गवन सं० पुं० विवाह के पश्चात् बहू का पति के घर जाने का रस्म;-करब,-देब,-होब,-लेब,-आनब; सं० गमन (जाना);-ने क दुलहिन, शर्मीली, लजीली, धीरे-धीरे बोलने या चलनेवाली; वै० गौन,-ना।

गवनब क्रि० स० सूझना; दे० अवगतब; विपर्यय से 'वग' का 'गव' होकर प्रारंभिक 'अ' का लोप हो गया है।

गवनई सं० स्त्री० गाने की क्रिया; गीत; सं० गायन।

गवनहरि सं० स्त्री० गानेवाली; कभी पुरुषों के लिए '-हर' प्रयुक्त होता है। सं० गी + हिं० हर।

गवाँइब क्रि० स० खोना, गँवाना; वै०-उब।

गवाँर सं० पुं० गाँव का रहनेवाला, वि० सीधा, शहर के नियम न जाननेवाला; मूर्ख; भा०-वरई, -पन।

गवाँरू वि० गँवारों का सा; देहाती; गँवार+ऊ; सं० ग्राम।

गवा सं० पुं० दो उँगलियों के बीच का चमड़े-वाला भाग; बेल का नया टुकड़ा;-फेंकब, -फूटब।

गवाह सं० पुं० साक्षी; फ़ा० जिसमें यह शब्द 'गवाही' के भी अर्थ में आता है। भा०-ही।

गवाही सं० स्त्री० गवाह होने या बनने का भाव, क्रिया आदि;-देब,-लेब; फ़ा०;-साखी, सबूत, -लागब, सबूत की आवश्यकता होना,-हेरब, सबूत खोजना; यह समास फ़ा० तथा सं० (साक्षी) की मिलावट का सुंदर नमूना है।

गवैआ दे० गवइआ।

गस सं० पुं० बेहोशी; बेहोश होने की क्रिया या स्थिति;-आइब;-अर० ग़शी (बेहोशी)।

गसइआ सं० पुं० डाँटनेवाला; गाँसनेवाला या वाली; दे० गाँसब; वै० गँ-,-वइआ,-वैया।

गस्त सं० पुं० चक्कर, घूमने की क्रिया;-लगाइब, -करब,-घूमब; फ़ा० गश्त, घूमना; वै०-हत, (देहाती लोग); हजार-गस्ता, वह (स्त्री) जो हजारों के पास जाय; यह गाली प्रायः स्त्रियों द्वारा ही प्रयुक्त होती है।

गहकी सं० पुं० गाहक; सं० ग्रह से (ग्रहण करनेवाला)।

गहगह वि० पुं० प्रसन्न, परम संतुष्ट;-होब, -करब।

गहत सं० पुं० चक्कर;-करब,-घूमब,-लगाइब; फ़ा० गश्त; हजार-गहता (दे०)।

गहदाला सं० पुं० मोटा गद्दा; मोटा कपड़ा।

गहदिआब क्रि० अ० (घाव या फोड़े का) सूज जाना, भर कर दर्द करना।
गहदी सं० स्त्री० नाले के किनारे का भाग; ऊँचा भाग।
गहनिहा वि० पुं० जिसे गहनी (दे०) रोग हो गया हो; स्त्री०-ही।
गहना सं० पुं० आभूषण;-गढ़ाइब,-देब।
गहनी सं० स्त्री० जानवरों की जीभ का एक रोग जिसमें दाने या काँटे से हो जाते हैं।-काछब, इस रोग को अच्छा करना जिसमें जीभ पर नमक आदि रगड़ते हैं। वि०-निहा,-ही, सं० गृह।
गहने-क-छाया स० स्त्री० किसी बच्चे के शरीर पर वह काला चिह्न जो जन्मजात हो। विश्वास है कि ऐसे बच्चों के गर्भ में होने पर जब ग्रहण लगता है तो ऐसे चिह्न प्रायः हो जाते हैं,-परब, -होब, सं० ग्रहण।
गहब क्रि० स० पकड़ लेना, ग्रहण करना, ज़ोर से पकड़ना. प्रे०-हाइब,-हवाइब,-उब, "दोषहि को उमहै गहै"।
गहबड़ वि० पुं० जिसमें रंग गहरा हो; स्त्री०-ड़ि, वै० गहाबड़ि (गीतों में प्रयुक्त)-"चुनरी गहाबड़ि" क्रि०-बोड़ब,-रब (दे०) पियरी ....।
गहाइब क्रि० सं० पकड़ाना; यह शब्द बहुत कम प्रयुक्त होता है। सूरदास ने कविता में "गहाऊँ" ब्रजभाषा का रूप लिखा है, पर अवधी कविता में यह नहीं मिलता। सं० गृह।
गहारि दे० गोहारि।
गहिआइब क्रि० सं० गाही लगाकर गिनना, दे० गाही।
गहिया दे० गोहिया।
गहिर वि० पुं० गहरा, स्त्री०-रि, कहा० "अहिर क पेट गहिर कुरमी क पेट मड़ार", भा०-ई, पन, -राई, क्रि०-राब,-राइब,-रवाइब।
गाँगासहाई सं० पुं० कल्पित व्यक्ति जो चारों ओर उदारता प्रदर्शित करे; वै० गाँगू, गंगा + सहाय, जो गंगा की भाँति सर्वत्र सहायतार्थ उदार रहे।
गाँछब क्रि० स० बटोरकर बाँध देना, प्रे० गँछाइब,-वाइब,-उब, भा० गँछाई,-वाई।
गाँछा सं० पुं० नया कल्ला, पता, आदि.-फोरब, -फूटब, दे० गछाब, ब० गाछ (पेड़), वै०-फा।
गाँजड़ सं० पुं० नदी के किनारे का भूभाग।
गाँजब क्रि० स० एकत्र करना, ढेर करना, 'गंज' (फ़ा०) से, प्रे० गँजाइब, गँजवाइब।
गाँजा सं० पुं० एक नशीली पत्ती जो चिलम पर पी जाती है;-भाँग; नशे की सामग्री।
गाँठब क्रि० स० पक्का करना; अपने चक्कर में फँसाना; मु० भोग करना; मतलब-, स्वार्थ सिद्ध करना; प्रे० गँठाइब,-उब, गँठवाइब,-उब।
गाँठि सं० स्त्री० गाँठ; मु० बहुत दिन का (पर जो देखने में इतने दिन का न जान पड़े);-परब, मन-मुटाव हो जाना,-डारब, मनमुटाव डाल देना। हरदी क-, एक गाँठि हरदी, हल्दी का एक पूरा टुकड़ा, वि० गँठिहा, गाँठवाला;-देब,-जोरब, पति-पत्नी के कपड़ों में गाँठ लगाना (धार्मिक कृत्यों के के लिए),-जोराइब, ऐसा कराना; सं० ग्रंथि।
गाँड़ सं० पुं० गन्ने का टुकड़ा;-बैठाइब, बोये हुए गन्ने के खेत में एक या दो दिन बिखरे हुए टुकड़ों को ठीक-ठीक फिर से रखना;-बैठवाइब,-उब।
गाड़ब क्रि० स० गाड़ना; प्रे० गड़ाइब,-ढवाइब, -उब
गाँड़ि सं० स्त्री० गाँड़;-मारी,-चोदी, स्त्रियों के लिए गाली;-मारब,-मराइब;-मराउब;-खोदब, तंग करना, व्यर्थ कष्ट देना; वि०। "कबिरा चाक कुम्हार का मांगे दिया न देय। चहै नांद लै लेय"
गाँड़ वि० पुं० जो गाँड़ मारे या मरावे; मु० नामर्द, नीचे; दु-, हत्तेरे की दुत; वै० गँडुआ,-हा (स्त्री० -ही, ई,-ही): कभी-कभी लोग "गँड़िहा" भी बोलते हैं।
गाँव सं० पुं० ग्राम;-गढ़ी, गाँव के पड़ोस के लोग; -भाई, गाँवा-, एक गाँव के लोग जो भाई सदृश हों। सं० ग्राम
गाँस सं० पुं० नियंत्रण, डर;-राखब; क्रि०-ब।
गाँसब क्रि० स० डाँटना, रोकना; प्रे० गँसाइब, -सवाइब,-उब।
गाइ सं० स्त्री० गाय, मु० दीन, अनाथ, शरणागत, सं० गो, वै० गाय, गइया, आ।
गाइब क्रि० स० गाना, मु० किसी बात को बढ़ा कर और देर तक कहते रहना प्रे० गवाइब, वै० -उब, -बजाइब, प्रे० गवाइब-उब, मु० गायें बजाये जाब, बरबाद होना।
गाऊ-घप्प वि० जो शीघ्र न समझे; सुस्त; जो सब कुछ हजमकर जाय; गाऊ (गाय) + घप (गिरने की आवाज़ अर्थात् जिसे गाय तक के गिरने की आवाज (न पता चले): यह दोनों ही लिंगों में एक प्रकार प्रयुक्त होता है।
गागरि दे० गगरी, यह शब्द प्रायः गीतों अथवा कविता में प्रयुक्त होता है।
गाज सं० पुं० फेना;वज्र;-उठब,-परब, मु० गाज परै (वज्र पड़े)।
गाजब क्रि० अ० हर्ष प्रदर्शित करना, परम प्रसन्न होना, गर्वपूर्वक हर्ष करना, वै० गौजब।
गाजरि सं० स्त्री० गाजर; मुरई-,साधारण वस्तु; सं० गृंजन।
गाजा-बाजा सं० पुं० हर्ष प्रदर्शन; आह्लाद, 'गाजब' से, गाजा + बाजा।
गाजी सं० पुं० मुसलिम पीर जिसकी पूजा होती है;-मियाँ; अर० ग़ाज़ी; इन्हें प्रायः "बालेमियाँ" भी कहा जाता है; कहा० एक हाथ के बालेमियाँ, नव हाथ के पूँछि।
गाट सं० पुं० गाँठ; सं०।

गाटर सं० पुं० लोहे का गर्डर; अं० ।

गाटा सं० पुं० मोटा टुकड़ा; चौड़ा छोटा खेत; व्यं० मोटा छोटा सा व्यक्ति; व्यक्ति जो अपना रहस्य दूसरे को न बताये, इस व्यंग्यात्मक अर्थ में यह शब्द स्त्रियों के लिए भी ऐसे ही प्रयुक्त होता है । वै०-ट,-टि ।

गाड़ा सं० पुं० छिपकर हमला करने का ढंग;-परब, इस प्रकार हमला करना ।

गाढ़ वि० पुं० गाढ़ा, कठिन; सं० संकट;-अवसान, विपत्ति;-परब; गाढ़ें, संकट के समय; कठिनता से; व्यं० जो अपना भेद शीघ्र न बतावे;-मनई; स्त्री० -ढि, प्र०-ढ़ै,-ढ़ै-गाढ़ ।

गाढ़ा सं० पुं० मोटा कपड़ा; वि० जो अपने हृदय की बात दूसरे को न बतावे;छिपानेवाला,स्त्री०-ढ़ि ।

गाढ़ें क्रि० वि० कठिनता से; मजबूरी में,-परब, कष्ट में पड़ना, मजबूरी में फँसना ।

गाती सं० स्त्री० दोनों कंधों पर बँधा हुआ कपड़ा जो कुर्ते की भाँति दोनों ओर नीचे तक लटका हो । यह देहात में छोटे-छोटे बच्चों और कभी-कभी साधुओं या बड़ों-बड़ों को भी पहनते देखा है । सं० गात (शरीर), अर्थात् जिससे शरीर ढका रहे; कहा० अपुना क भगवै न बिलारी क गाती अर्थात् स्वयं लँगोटी भी नहीं पाता पर बिल्ली के लिए 'गाती' का प्रबंध करता है (कोई मूर्ख) ।

गाथा सं० स्त्री० लंबी कहानी, व्यर्थ की बात; कभी-कभी व्यंग में यह शब्द पुं० भी बोला जाता है । सं० ।

गादर वि० पुं० कम चलनेवाला (हल या गाड़ी आदि का बैल); क्रि० गदराब ।

गादा सं० पुं० कच्चा मटर, चने, मक्का आदि का कूटा हुआ अंश जिसकी दाल, कढ़ी आदि बनती है । अवधके गेहूँ के इसी प्रकार कुटे हुए पदार्थ को पूरब में "हाबुस" कहते हैं ।

गादु सं० स्त्री० किसी पेड़ का गोंद या लासा ।

गादुर सं० पुं० चमगीदड़; चम०; जो० गेदुर, -री (छोटे-), रा०प्र०चमगेदुर,-गुदरू; सो० वि० ।

गाना सं० पुं० गीत; इस अर्थ में प्राय: "गाति" बोला जाता है । सं० गान ।

गाफा सं० पुं० यह शब्द कभी-कभी "गाँफा" के लिए बोला जाता है;-फोरब; वै० गाँ-, गों- ।

गाभ वि० बहुत (हरा); उ० हरिअर गाभ (खूब हरा) ।

गाभिन वि० गर्भिणी; वै०-नि; सं० गर्भ ।

गाय सं० स्त्री० गऊ; व्यं० सीधा, गरीब, मूर्ख; सं० गो ।

गारब क्रि० स० निचोड़ना, गारना; अच्छी तरह निकालना; प्रे० गराइब,-उब, गरवाइब, -उब ।

गारा सं० पुं० मिट्टी का गारा;-माटी,-चूना; फ़ा० गिल ।

गारी सं० स्त्री० गाली;-देब,-सुनब,-सुनाइब,-गाइब; क्रि० गरिआइब, प्रे०-वाइब,-उब ।

गाल सं० पुं० गाल;-बजाइब, शंकरजी की पूजा में मुँह फुलाकर गालों से शब्द करना; दे० गलफर ।

गाला सं० पुं० गप, व्यर्थ की बात;-मारब, लंबी-लंबी बातें करना; पं० गल, बात; दे० ।

गाहक सं० पुं० ग्राहक; दे० गहकी; सं० ग्रह ।

गाही सं० स्त्री० पाँच की ढेरी; यक-, पाँच; दुइ-, दस; रा० घई, सी० पचकरी ।

गिंजना वि० पुं० गींजनेवाला; स्त्री०-नी दे० गींजब ।

गिंजवाइब क्रि० स० "गींजब" का प्रे० रूप; वै० -जाइब ।

गिंजाइब क्रि० स० गींजने में सहायता करना; गींजने के लिए बाध्य करना; भा०-ई ।

गिंजाई सं० स्त्री० गींजने की क्रिया; प्रे० गिंजवाई; वै०-जानि ।

गिचपिच वि० एक में मिला हुआ, अस्पष्ट; वै० -चिर-पिचिर; क्रि०-चाब, अस्पष्ट होना,प्रे०-चाइब, -कर देना; द्वि०-गिचपिच ।

गिजबिज वि० लिपटा हुआ; वै०-जिर-बिजिर; क्रि०-जाब, प्रे०-जाइब ।

गिजिर-बिजिर वि० दे० गिजबिज, वै० लि-बिजिर ।

गिटकी सं० स्त्री० ईंट या पत्थर का छोटा टुकड़ा; वै०-ट्टी ।

गिटपिट सं० पुं० जल्दबाजी की बात;-गिटपिट, ऐसी बातों की पुनरावृत्ति,-करब,-होब; क्रि०-टाब; वै०-टिर-पिटिर ।

गिड़गिड़ाब क्रि० अ० भयपूर्वक याचना की बातें करना; ध्व० ।

गितिहा वि० गीतवाला; स्त्री०-ही ।

गिदहरा दे० गेदहरा ।

गिद्ध सं० पुं० पक्षी विशेष; व्यं० बहुत देखनेवाला, सर्वभक्षी (व्यक्ति); सं० गृद्ध्र ।

गिद्ध-गोहारि सं० स्त्री० चिल्लपों, मारपीट;-होब, -करब; गिद्ध+गोहारि (दे०), गिद्धों की भाँति ऊँची आवाज;-होब,-करब,-मचाइब ।

गिधिआब क्रि० अ० हठ करना, अड़ा रहना, चिल्लाना; व्यर्थ का चिल्लाना ।

गिनगिनाब क्रि० अ० कँप जाना; थर्रा उठना; प्रे० -नाइब ।

गिनती सं० स्त्री० दे० गनती; सं० गण् ।

गिन्नी सं० स्त्री० सोने का सिक्का जिसे अंग्रेजी में गिनी कहते हैं; वि०-निहा, गिनीवाला; अं० ।

गिर-गिर क्रि० वि० जल्दी-जल्दी और व्यर्थ (बातें करना); प्र०-बिर-बिर;-करब; ध्व० ।

गिल्बे सं० पुं० लंबी गप, व्यर्थ की बात;-मारब, -छाँटब; वै० प्र०;-ब्बी ।

गिलट सं० पुं० एक धातु जिसका रंग चाँदी की भाँति होता है; वि०-टहा,-ठिहा; अं० गिल्ट (?) ।

गिल्ला सं० पुं० शिकायत;-करब, उलाहना देना; फ़ा० गिलः ।

गिहथापन सं० पुं० चतुरता, बुद्धि; सं० गृहस्थ+पन;-लागब,-लगाइब; वै०-स्था-।

गिहथिन सं० स्त्री० गृह कार्य में निपुण स्त्री; वि० कुशल; वै०-हि-,-नि; सं० गृहस्थ+इनि ।

गींज-गाँज सं० पुं० एक में मिला देने की क्रिया; -करब,-होब; क्रि० गींजब-गाँजब ।

गींजब क्रि० स० एक में मिला देना; प्रे० गिंजाइब, -जवाइब,-उब,-गाँजब; सी० गिंजइब ।

गीति सं० स्त्री० गीत;-गाइब; सं० ।

गीध सं० पुं० गिद्ध; सं०गृध्रः तुल०"गीध...बाजपेई" क्रि०-ब, गिद्ध की भाँति हिल जाना (जैसे गिद्ध मांस या मरे पशु के पास हिल जाता है ।)

गील वि० पुं० गीला, भीगा; स्त्री०-लि; क्रि० गिलाब, प्र०-लै,-लौ ।

गँजहरा सं० पुं० हाथ में पहनने का छल्ला; -गोड़हरा, हाथ-पैर के छल्ले; सं० गुंजा+हरा (वाला); पहले ऐसे आभूषणों में गुंजा लगा रहता था । दे० गोड़हरा ।

गुग्गुल सं० पुं० एक दवा; वै० गूगुर, गुगुल; सं०।

गुचकब क्रि० स० जल्दी से और अधिक खा जाना; प्रे०-कवाइब,-काइब,-उब; वै०-चु-।

गुच्छा सं० पुं० गुच्छा ।

गुज-गुज वि० पु० नरम, धीमा, कमजोर, सुस्त । प्र०-हा; स्त्री०-जि,-ही ।

गुजर सं० पुं० कालयापन;-करब,-होब; वै०-जारा, -रान; फ़ा० ।

गुजरब क्रि० अ० बीतना, मर जाना; गवाही-साक्षी देना; प्रे०-जारब,-राइब,-उब,-रवाइब ।

गुजराती वि० गुजरात का;-इलायची, सफेद छोटी इलायची; वै०-यती ।

गुजरान सं० पुं० गुजारा;-होब,-करब, निर्वाह होना, करना ।

गुझिया दे० गोझिया ।

गुट सं० पुं० गिरोह;-करब,-होब, एका कर लेना; प्र०-ट्ट,-ट्ठ ।

गुटुर-गुटुर क्रि० वि० धीरे-धीरे और अधिक (खाना); क्रि०-राइब; वै०-ड़ु-।

गुट्टी सं० स्त्री० पत्थर या ईंट आदि का छोटा टुकड़ा;-डारब, बाँटने के लिए प्रबंध करना; वै० गोटी,-ट्टी ।

गुड्डा सं० पुं० गुड़िया का पति; गुड्डी-, गुड़िया और उसका पति ।

गुड़ सं० पु० दे० गुर ।

गुड़गुड़ा सं० पुं० छोटा हुक्का; स्त्री०-ड़ी; क्रि० -ब, गुड़-गुड़ शब्द करना; प्रे०-इब, धीरे-धीरे हुक्का पीते रहना ।

गुड़हल दे० अड़डल ।

गुड़गुड़ सं० पुं० रह-रहकर गुड़गुड़ शब्द; प्र०-ड़ुर-ड़ुड़ुर, पेट का-शब्द जो अपच से होता है; -होब,-करब ।

गुड़िआ सं० स्त्री० गुड़िया; वै०गुडुई ।

गुड़ी सं० स्त्री० पतंग ।

गुढ़ी सं० स्त्री० जौ की लाई; वै० गू-,-ड़ही; इसे जौ०सु०प्र० आदि में 'बहुरी' कहते हैं । सी०गूरी ।

गुत्थी सं० स्त्री० गुत्थी;-निकारब,-सोझवाइब, गुत्थी सुलझाना ।

गुदना दे० गोदना ।

गुदुरी सं० स्त्री०मटर की फली; फली या छीमी जिसके भीतर दाने हों ।

गुन सं० पु० गुण, तरकीब;-नी, चतुर,-निया, जानने वाला;-करब, लाभ करना, काम आना;-गार, गुण या लाभ करनेवाला, स्त्री०-रि; सं० ।

गुन-आगर वि० पु० गुणपूर्ण; स्त्री०-रि; सं०गुण+आगार ।

गुनब क्रि० स० विचार करना, मनन करना; पढ़ब-,सीखना, अध्ययन करना; प्रे०-नाइब,-नवाइब,-उब; सं० गुण, गुणन करना ।

गुपचुप क्रि० वि० छिपे-छिपे; चोरी से; सं० गुप् (छिपाना)+चुप (चुपके); प्र०-प्प-प्प ।

गुबुर-गुबुर क्रि० वि० जल्दी-जल्दी और अधिक (खा जाना); क्रि०-राइब; प्र०-ब्बु-प्र०-ब्बु ।

गुमान सं० पुं० गर्व, घमंड;-करब,-होब; वि०-नी, -मनिहा, घमंडी ।

गुमास्ता सं० पु० गुमाश्ता, खबर लेने या देनेवाला; नौकर; वै०-म-।

गुम्म वि० पुं०गुम, गायब;-होब,-करब; फ़ा०;-सुम्म चुप-चाप; क्रि०-माइब, गुमकर देना ।

गुम्मा सं० पुं० गूमा, एक जंगली पौदा जिसकी पत्तियां दवा में काम लाते और दाल में डालते हैं ।

गुम्मी वि० गुमनाम;-दरखास, गुमनाम प्रार्थनापत्र या शिकायत; फा० गुम ।

गुर सं० पुं० गुड़, रहस्य;-पाइब,-लेब, रहस्य समझना;-म्मा, गुड़ में पकाया हुआ आम;-धनिआ, गुड़ में पकाया हुआ गेहूँ जो चबाया जाता है; गुड़+धान्य;-घिउ, शुभ ।

गुरखुल सं०पु० पैर में काँटा आदि का पुराना बढ़ा । वि०-हा; (२) एक जंगली पौदा; वै०-खुरू ।

गुरछार वि० थोड़ा-थोड़ा मीठा; गुर (गुड़)+छार ।

गुरजब क्रि० अ० गुर्राना; डाँटना;-आ०-जवाई ।

गुरवाई सं० स्त्री० गुड़ बनाने की क्रिया; कहा० बापराज ना देखी पोय ताके घर...होय ।

गुरहा वि० पुं० गुड़वाला, गुड़ खाने का शौकीन; स्त्री०-ही ।

गुराही सं० स्त्री० जानवरों (विशेषतः भैंसों) के पैर में बाँधने की रस्सी;-लगाइब; वै० कुनामी (प्र० जौ०); शायद 'गोड़' से ।

गुरिआ सं०स्त्री०लकड़ी या काँच की मनिया;-पहिरब,-बान्हब ।

गुरुआ सं० पुं० व्यक्ति जिसकी वृत्ति गुरु (मंत्र देने आदि) के काम की हो; भा०-ई;-अई।
गुरू सं० पुं० गुरु; पक्का व्यक्ति; सं०।
गुरेरब क्रि०स० आँख फाड़कर या क्रोधपूर्वक देखना, धमकाना।
गुर्राब क्रि० अ० गुर्राना।
गुलंदाज सं० पुं० छोटे-छोटे टुकड़ोंवाला नमक; शायद फ़ा० गुल (फूल) + अंदाज = फूल की भाँति खिला हुआ (दिखने में)।
गुल सं० पुं० फूल; दिये की टेम द्वारा छोड़ा हुआ कालिख का गोल टुकड़ा;-खिलब, मजा आना;-छर्रा उड़ाइब, मजा करना; फ़ा०।
गुल-गुला सं० पुं० मीठी पकौड़ी।
गुलाचैन सं० पुं० एक फूल जिसका पेड़ ऊँचा होता है। फ़ा० गुल।
गुलेचब क्रि० स० लपेट-लपेटकर खाना; मजे से खाना; फ़ा० गुल + एँचब; वै०-लें-।
गुलेलि सं०स्त्री० धनुष की भाँति पत्थर आदि फेंकने का लकड़ी तथा चमड़े का बना हथियार;-मारब, -चलाइब।
गुलौरि सं० स्त्री० गुड़ बनाने का स्थान; वै० गुलवरि; सी० ह० ल० गड़ूरि; सं० गुड।
गुल्ला सं० पुं० गन्ने का वह टुकड़ा जो एक बार में खाया या चूसा जा सके;-करब,-बनइब; वै० घु-, गटरिया (सी०)
गुल्ली सं०स्त्री० लकड़ी की गिल्ली जिससे बच्चे खेलते हैं;-डंडा, प्रसिद्ध खेल "गिल्ली-डंडा"।
गुस्सइल वि० पुं० गुस्सावाला; स्त्री०-लि।
गुस्सा सं०पुं० क्रोध;-करब,-होब; अर० गुस्सः।
गुह सं० पुं० पाखाना, मैला;-निकारब,-काढ़ब, बहुत पीटना;-मूत उठाइब, खूब सेवा करना;-थरि, गंदा स्थान; गुह + स्थली; कहा० बनरे क मारें हाथ भर गुह, गुनाह बेलज़त।
गुहब क्रि० स० गुहना, एक में गूथना; प्रे०-हाइब, -हवाइब; सं० ग्रथ्।
गुहरा सं० पुं० कंडा; दे० गोहरा; स्त्री०-री।
गुहराइब क्रि० स० बुलाना, पुकारना; प्रे०-रवाइब; वै० गो-,-उब; भा०-हारि, गो-।
गूँगाँ सं० पुं० अस्पष्ट शब्द;-करब, कुछ बोलना, ध्व०।
गूँजब क्रि० अ० गूँजना; प्रे० गुँजाइब,-जवाइब; माला की भाँति की मनिया बनाना।
गूङ वि० पुं० गूँगा; स्त्री०-ङि; क्रि० गुङाब, गूँगा हो जाना; सं० गुंग।
गूझा सं० पुं० फल के भीतर का गूदा; प्र० गुझा।
गूजर सं० पुं० एक जाति और उसके लोग; स्त्री० -री, गुजरिन; सं० गुर्जर।
गूजी सं० स्त्री० एक छोटा कीड़ा जो प्रायः कान में घुस जाता है।
गूढ़ वि० पुं० कठिन, पते का, असली; स्त्री०-ढि; कठिन समस्या; क्रि० गुढ़ाब, कठिन हो जाना; -परब, कठिनता सन्मुख आना,-काटब; सं०।
गूढ़ी दे० गुढ़ी।
गूथब क्रि० स० गूँथना; गनब-,हिसाब लगाना, पढ़ता लगाना; प्रे०गुँथाइब,-वाइब,-उब।
गूदर सं० पुं० गुदड़ा, कचड़ा; प्र० गुदर: कत्थर-, पुराने कपड़े; स्त्री० गुदरी।
गूदा सं० पुं० गूदा; प्र० गुद्दा; स्त्री०-दी, रेंडी आदि की नरम मेंगी;-काढ़ब, खूब पीटना।
गूलब क्रि०स० मारना, पीटना; प्रे० गुलाइब,-उब।
गूलरि सं० स्त्री० गूलर;-क फूल, अलभ्य अथवा अदृश्य पदार्थ।
गूला सं० पुं० जमीन में खोदा हुआ बड़ा चूल्हा; -बनाइब,-खोदब,-खनब।
गूवा सं० पुं० फाँक, टुकड़ा: वै० गुआ,-वा।
गेंगें सं० पुं० प्रार्थना पूर्ण शब्द: बिनती;-करब; प्र० घेंघें; ध्व०।
गेंड़ सं० पुं० गन्ने का सबसे ऊपर का भाग जिसमें पत्ते लगे हों।
गेंड़ा सं० पुं० खेत का बड़ा टुकड़ा।
गेंड़ी सं० स्त्री० गन्ने का कटा छोटा टुकड़ा; क्रि० -डिआइब, छोटे-छोटे टुकड़े करना; मु० मार डालना।
गेंडुरी सं० स्त्री० रस्सी या कपड़े की गोल वस्तु जो घड़े के नीचे टिकने के लिए रखते हैं। सी० यँ-।
गेंडुआ सं० पुं० टोंटीदार लोटा; आ० झँझरे गेंगंगाजल पानी; स्त्री०-ई,-री: वै० गड़का; सं०गडुक।
गेजुआ सं० पुं० घोंघे के भीतर रहनेवाला पानी का कीड़ा जिसके अंडों से केकड़े होते हैं।
गेताढ़ी सं० स्त्री० जुआठे में लगनेवाली रस्सी; दे० जुआठा, जोठा।
गेद सं० पुं० छोटा बच्चा; वै०-हरा; यद्यपि यह शब्द पुं० है पर यह आता है लड़के और लकड़ी दोनों के लिए।
गेन सं० पुं० गेंद; आ० फुलगेनवा (फूल की गेंद); -खेलब।
गेनवरि सं० स्त्री० एक घास जिसके डंठल से कलम बनाते हैं; सं० में इसे मुष्क और फ़ा० में मुश्कबेत कहते हैं। इसके डंठल में गाँठें और भीतर पोला होता है। वै० गय-।
गेना सं० पुं० गेंदा का फूल या पेड़; स्त्री०-नी, छोटा गेंदा; बच्चे गाते हैं-"गेना क फूल केऊ छुयेव उबेव न,गेना मरिजैहैं केउ रोयेव धोयेव न।"
गेरावँ सं० स्त्री० पशुओं के "पगहे" का वह भाग जो उनके गले के चारों ओर बँधता है; दे० पगहा; सं० ग्रीव (गर्दन); वै० राइं।
गेरुआ सं० पुं० गेरू; वि० इस रंग का; वै०-रू।
गेरुई सं० स्त्री० एक रोग जो गेहूँ के पौदे में लगता है और जिसके लगने से सारा पेड़ गेरू की भाँति लाल हो जाता है। यह संक्रामक होता है और

इसके संबंध में यह पहेली है:-"हाथ न गोड़ नहीं मुँह बकरे, खात है अनाज चलत भुइँ पकरे"।
गोह सं० पुं० परवाह, रक्षा, चिंता;-करब,-होब।
गोहुँअन सं० पुं० एक प्रकार का साँप जिसका रंग गेहूँ की भाँति और जो विषैला होता है; वै० गोदे०; सं०।
गौया सं० स्त्री० गाय।
गौर वि०पुं० दूसरा; स्त्री०-रि; वै० गयर; अर० ग़ैर; दे० अनगयर, गयर; सं० स्त्री० संतोष, तितीक्षा; -करब; वि० री।
गौल सं० स्त्री० रास्ता; दे० गयल।
गौस दे० गयस।
गोंइठा सं० पुं० सूखे गोबर का टुकड़ा; स्त्री०-ठी; वै० ग्व-।
गोंजब क्रि० स० एक में मिला देना; पशुओं का सानी पानी करना, चारा देना; प्रे०-जाइब,-जवाइब,-उब; भा०-जाई।
गोंठब क्रि० स० किसी वस्तु या अंग को उँगली या गोबर आदि से छूकर हाथ फेर देना; प्रे०-ठाइब, -वाइब,-उब।
गोगा वि० पुं० मूर्ख;-बाई, महामूर्ख।
गोचर सं० पुं० दे० गरह-।
गोई सं० स्त्री० दो बैल, बैल की जोड़ी; प० ग्वाई।
गोजर सं० पुं० बहुत पैरोंवाला विषैला कीड़ा, कनखजूरा; वि० धीरे-धीरे काम करनेवाला।
गोजी सं० स्त्री० सोंटी, छोटी लाठी; पुं०-जा, नया मोटा कल्ला; वै०-दी (जौ० प्र० सु०)।
गोझनवट सं० स्त्री० स्त्रियों के अंचल का वह भाग जो बायें ओर नीचे किसी वस्तु के छिपाने या चुराने के लिए प्रयुक्त होता है। सं० गुह्, छिपाना?
गोझिआ सं० स्त्री० गुझिया;-सोहारी, सं० गुह्? क्योंकि इसके भीतर मसाला, शकर आदि भरा रहता है।
गोट सं० पुं० कपड़े का किनारा, मगज़ी;-लगाइब।
गोटी सं० स्त्री० खेलने के लिए मिट्टी लकड़ी आदि का टुकड़ा; प्र०-ट्टी, गु-;-डारब, बाँटने के लिए गोटी डालना, दे० गुट्टी।
गोड़ सं० पुं० पैर;-धरब, पैर छूना या पकड़ना, -लागब,-मूड़ धरब, हाथ-जोरब, प्रार्थना करना, -हाथ, हाथ,-सर्वांग।
गोड़ना वि० पुं० नष्ट करनेवाला, भाग्यहीन, स्त्री०-नी, गोड़नेवाली; वै० ग्व-।
गोड़नि सं० स्त्री० गोड़ने के योग्य होने की (भूमि की) स्थिति।
गोड़ब क्रि० स० गोड़ना, प्रे०-ड़ाइब,-उब।
गोड़हरा सं० पुं० पैर में पहनने का कड़ा,-गुँजहरा, पैर तथा हाथ में पहनने के कड़े, गोड़+हर।
गोड़ा सं० पुं० बर्तन के नीचे का वह भाग जो 'गोड़' (पैर) की भाँति हो, जिस पर वह खड़ा रहे; पौदे की रक्षा के लिए उसके चारों ओर खोदा घेरा;-मारब,-लगाइब।
गोड़ी सं० आगमन का प्रभाव, 'गोड़' से; यह प्रायः नवागत वधू या अतिथि के लिए प्रयुक्त होता है।
गोत सं० पुं० गोत्र;-ती, गोत्रवाला, बिरादरी का व्यक्ति, सं०।
गोदनहरि सं० स्त्री० स्त्री० जो दूसरी स्त्रियों के हाथ, ठोड़ी आदि पर चित्र, चिह्न आदि गोदती है, वै०-रीं; गोदब+हर।
गोदना सं०पुं० एक घास जिसके दूध से काले दाग पड़ जाते हैं, इसके कई प्रकार होते हैं, स्त्री०-नी; (२) अंगों पर गोदा हुआ चिह्न;-गोदब; वै० ग्व-।
गोदब क्रि० स० टेढ़ा मेढ़ा लिखना, चिह्न बनाना, प्रे०-दाइब, दवाइब,-उब, भा०-दाई, दवाई।
गोदा सं० पुं० पीपल या बरगद के फल।
गोदाम सं० पुं० गोदाम; अं० गोडाउन।
गोदामिल वि० कुछ खट्टा;-लागब; शायद 'गोदा' से;-दे०गोदा; (गोदा+आमिल=गोदे की भाँति खट्टा)।
गोदाही सं० स्त्री० टेढ़ा मेढ़ा छोटा डण्डा; ताज़ा तोड़ा हुआ डंडा;-मारब; शायद गो+डाह (गऊ का डाह करनेवाला)।
गोधन सं० पुं० खटकिनों द्वारा क्वार-कातिक में गाया जानेवाला लंबा गीत जिसमें दुःख पूर्ण गाथा है; मु० लंबी दुख भरी कहानी;-गाइब; इस गीत की गानेवाली स्त्रियाँ गोबर की मूर्ति बनाकर हाथ में लिए घर घर गाती फिरती थीं, पर अब खटिक पञ्चायत ने ऐसा करना बंद कर दिया है।
गोन सं पुं० गोंद।
गोनरा सं० पुं० बहुत बड़ी चटाई जो बैलगाड़ी में फर्श की भाँति बिछायी जाती है।
गोनरी सं० स्त्री० छोटी चटाई;-पूरब, ऐसी चटाई बनाना; क्रि०-रियाइब, चटाई की भाँति लपेट लेना।
गोनी सं० स्त्री० एक घास जिसे साग के रूप में खाते हैं।
गोंफब क्रि० स० डाँटना, रोकना; होंफब-,नियंत्रण में रखना, फटकारना।
गोंफा सं० पुं० नया पत्ता;-फूटब,-फोरब।
गोबर सं० पुं० गाय भैंस का गू; क्रि०-रिआइब; वि०-हा,-ही;-री, गोबर का बना लेप;-री करब, ऐसा लेप (दीवार आदि पर) करना;सं० गोमल।
गोभब क्रि० स० किसी फल या अन्य वस्तु में धीरे-धीरे और ऊपर ही ऊपर छेद करना; मु० शब्दों या व्यंग्यों से दुख पहुँचाना; प्रे०-वाइब, -भाइब,-उब; भा०-भाई,-वाई।
गोभवार वि० पुं० गर्भ का (बाल)।
गोभी सं० स्त्री० गोभी का पेड़ या फूल।
गोमती सं० स्त्री० प्रसिद्ध नदी;-माता।
गोयाई दे० गोवाई।

गोर वि० पुं० गोरा; स्त्री०-रि,-री;-हर, ख़ूब गोरा; गीतों में "गोरिया" एवं "गोरी" प्रयुक्त। भा० -राई,-हराई; भो०-हर; घृ०-ऊ, आ०-हरकू।
गोरखधंधा सं० पुं० तरह-तरह के झंझट; खट-राग;-करब,-म परब; प्रसिद्ध गोरखनाथ के नाम पर प्रचलित।
गोरखमुंडी सं० स्त्री० एक प्रकार की मुंडी जिसका अर्क बनता है।
गोरस सं०पुं० दही और मट्ठा: वि०-हा, ही; व्यं० से "गोरसहा" गाँडू के लिए प्रयुक्त होता है। कहा० "सदा क-ही झामबहू"।
गोरा सं० पुं० अंग्रेज़; प्र-रै;-रौ।
गोरि सं० स्त्री० क़ब्र; ग़ोर।
गोरू सं० पुं० पशु; व्यं० पशु की भाँति का व्यक्ति; मूर्ख, भा०-अई; वि०-रुहा।
गोल वि० पुं० गोल; स्त्री०-लि;-गोल; भा०-लाई; क्रि०-लाब,-लाइब,-लिआइब;-हथी, रोटी जो हाथ से ही गोल की जाय, जिसमें चकले बेलन की मदद न हो। सं०।
गोला सं० पुं० गोला;-बरूद; बम-; स्त्री०-ली।
गोलि सं० स्त्री०गोल, गिरोह;-बान्हब; क्रि०-आब, -याइब, एकत्र करना।
गोली सं० स्त्री० गोली;-चलब,-चलाइब,-मारब, -खाब,-दागब,-लीलब।
गोवा सं० पुं० चालाक जो अपनी बात छिपा रखे; "गोइब" से, यद्यपि यह क्रिया अवधी में नहीं है; रहिमन निज मन की व्यथा मन ही राखौ गोय; भा०-ई; फ़ा० गुफ़्तन (बोलना), गोया (बोलने-वाला=चालाक)।
गोस सं० पुं० गोश्त, मांस; वि०-हा, मांसभक्षी; -मच्छी, मांस-मछली।
गोसा सं० पुं० कोना; फ़ा० गोशः।
गोसाई सं० पुं० एक जाति जिसके लोग महादेव के पुजारी होते हैं; सं० गोस्वामी।
गोसैयाँ सं० पुं० भगवान्।
गोह सं० पुं० एक जंगली जानवर; कहा० "गोह क बच्चे सब कलबले"।
गोहना सं० पुं० (स्त्रियों के) बाल बाँधने का रंगीन धागा; वै० गु-; 'गुहब' से।
गोहनें क्रि० वि० साथ साथ; क्रि०-निआइब, साथ-साथ हो लेना या ले लेना।
गोहराइब क्रि० स० पुकारना; प्रे -रवाइब।
गोहारि सं०स्त्री०दुःख के समय की पुकार; करब-लगा-इब,-लागब: गऊ-,दुःखी की सहायता,पुकार आदि।
गोहुआ सं० स्त्री० मार का चिह्न (व्यक्ति के शरीर पर);-परब; वै०-या।
गोहुअन सं० पुं० एक प्रकार का साँप जो गेहूँ के रंग का होता है। वै० गे-।
गोहूँ सं० पुं० गेहूँ; सं० गोधूम।
गौ दे० गऊ।

घ

घँघरा सं० पुं० बड़ा लहँगा; स्त्री०-री; प्र० घा-; वै०-ङ-।
घंट सं० पुं० किसी के मरने पर हिंदुओं द्वारा बाँधा जानेवाला मिट्टी का घड़ा जिसे बाहर किसी पेड़ पर लटकाकर उसमें प्रतिदिन पानी भरते हैं; -बान्हब,-फोरब; इसे १०वें दिन फोड़ते हैं; सं० घट।
घंटा सं० पुं०घंटा; स्त्री०-टी; घरी-; व्यं० कुछ नहीं, -लेब,-पाइब,-देब।
घंता-मंता सं० पुं० एक खेल जिसमें छोटे बच्चे को घुटने पर बैठाकर झुलाते और "घंता-मंता···" कहते हैं;-लेब।
घइँचब क्रि० स० खींचना; प्रे०-चवाइब; वै० खइँ-, चैं-।
घइला सं०पुं० घड़ा; प्रायः गीतों में; वै०-ल,-यल।
घइहल वि० पुं० घायल, चोट लगा हुआ; स्त्री० -लि;-करब,-होब; वै०-य-,-हिअल, क्रि०-हाइब, घायल कर देना।
घउकब क्रि०स० डाँट लेना; ज़ोर से डाँटना, डराना; वै० ठ-।
घउघियाब क्रि० स० डपटना, चिल्लाकर कहना, वै०-आब।
घउलर सं० पुं० मोटा व्यक्ति; प्र०-रा; यह शब्द दोनों लिंगों में बोला जाता है; कभी-कभी "-रि" स्त्री० प्रयुक्त होता है।
घघेंचब क्रि० स० डाँट देना; रोब में लेना; शा० घेंच से अर्थात् घेंच (दे०) दबा देना।
घचर-घचर क्रि० वि० रुक-रुककर और इधर-उधर हिलते हुए।
घट सं० पुं०शरीर, देह; "जब लौं घट में प्रान" इसी कविता खंड में प्रयुक्त; स्थान ("घट-घट व्यापी राम")।
घटइब क्रि०स०कम करना;वै०-टा-;प्रे०-वाइब,-उब।
घटका सं० पुं० प्राण निकलने के समय की स्थिति; -लागब, मरणासन्न होना।
घट-घट क्रि० वि० स्थान-स्थान पर; प्रति प्राणी में; प्रायः धार्मिक एवं दार्शनिक काव्य में प्रयुक्त।
घटवार सं० पुं० घाटवाला; भा०-री।
घटाना सं० पुं० घटाने का प्रश्न;-लगाइब, ऐसा प्रश्न लगाना।

घटिआही सं० स्त्री० पर-स्त्री-प्रसंग;-करब;-लागब, -लगाइब, ऐसे अपराध का लगना या लगाना।
घटिहा वि० पुं० पर-स्त्री से मैथुन करनेवाला;-ही, पर-पुरुष से प्रसंग करनेवाली।
घट्टी सं० स्त्री० हानि, घाटा;-आइब,-लागब;-देब (किसी सौदे का) नुकसान देना।
घट्ठा सं० पुं० शरीर के किसी भाग पर पड़ा चिह्न जिसमें चमड़ा मोटा हो जाता है;-परब; क्रि०-ब।
घड़घड़ाब क्रि० अ० घड़घड़ की आवाज़ देना; वै० -र-राब; ध्व०।
घड़र-घड़र सं० पुं० "घड़र-घड़र" का शब्द;-होब, -करब; वै०-रर; ध्व०।
घड़ा सं० पुं० दे० गगरा,-री।
घत सं०स्त्री० मौका, दाँव;-पाइब,-लागब,-लगाइब-वै० घाति, वि०-गर,-तिगर।
घन वि० पुं० घना, स्त्री०-नि।
घन्नी सं०स्त्री० यातना, मु०-घसब, कष्ट उठाना, झेलना, भुगतना; वै० घिसनी, घसनी।
घप सं०पुं० भारी वस्तु के गिरने की आवाज;-दे०, -सें; प्र०-प्प,-पाक, घपा-(पु०); घपर-घपर (क्रि० वि०) खूब ज़ोर से (पीटना)।
घपकब क्रि० स० जोर से और झट से मार देना; प्रे०-काइब,-उब।
घपचिआब क्रि० अ० घबरा जाना, अज्ञान में पड़ जाना, कुछ कर न सकना, प्रे०-आइब,-वाइब।
घपच्चू सं० पुं० मूर्ख; वि० के रूप में भी, ऐसे ही स्त्री० में प्रयुक्त।
घपाक दे० घप, प्र०-का।
घबड़ाब क्रि० अ० घबरा जाना; प्रे०-ड़वाइब,-उब।
घमंजा सं० पुं० मिलावट, गड़बड़,-करब,-होब।
घमंड सं०पुं० गर्व, वि०-डी;-करब,-होब,-निकारब, गर्व छुड़ाना (दंड देकर)।
घम स० पुं० गिरने का शब्द;प्र०-म्म;-से; पु० घमाघम; घम्मा-घम्मी, मार-पीट।
घमउनी सं०स्त्री० धूप में बैठकर गर्म होने की क्रिया, -करब, वै०-मौनी।
घमकब दे० घपकब।
घमघम वि० घामवाला, कुछ गर्म (मौसम),-होब, -करब, सं० घर्म।
घमछाहीं सं० स्त्री० मौसम जिसमें घाम और छाँह दोनों हों, ऐसा स्थान, सं० घर्म+छाया।
घमाक सं० पुं० ज़ोर से गिरने का शब्द, प्र०-का, -से; ध्व०।
घमाघम सं० पुं० ज़ोर-ज़ोर से गिरने या मारने का शब्द,-होब,-करब, प्र०-म्मा-म्मी; ध्व०।
घमाब क्रि० अ० घाम में बैठना, घाम का आनन्द लेना, सं० घर्म।
घमौनी दे० घमउनी।
घम्मड़-घम्मड़ क्रि० वि० जोर-जोर से (बाजे के बजने के लिए)।
घर सं० पुं० रहने का स्थान; किसी यंत्र या उसके अंग-विशेष के रुकने का स्थान,-करब, (स्त्री का) पुरुष के यहाँ जाना या बैठ जाना,-बार;-विधि,-घर की भाँति प्रबंध,-घुसना, घर में ही पड़ा रहनेवाला, स्त्री०-नी।
घरइया सं पुं० दे०-रैया।
घरजानी वि० बिना लिखा-पढ़ी के, गुपचुप (दिया गया उधार),-मरजानी, व्यक्तिगत (व्यवहार जिसे दूसरे न जानें)।
घरबारी वि०पुं० जिसके परिवार हो, घरबार वाला, -होब।
घरर सं० पुं० रगड़ने का शब्द,-घरर करब,-होब।
घरवना सं०पुं०छोटा घर जो बच्चे खेल में बनाते हैं; घर-,खिलवाड़, वै०-रौना।
घराना सं० पुं० कुल, 'घर' से, सं० गृह।
घराय सं० स्त्री० घर का सा व्यवहार, मा०-रोपा।
घरिआ सं० स्त्री० छोटा सा मिट्टी का प्याला, वै० -या।
घरिआर सं० पुं० घड़ियाल,-यस, लंबा चौड़ा (व्यक्ति), वै०-यार।
घरिआरी सं० स्त्री० बजाने की गोल घंटी, घंटा-, घरी-घंटा, सूचना देने की व्यवस्था।
घरी सं०स्त्री० घड़ी, समय का एक अंश,यक-,दुइ-, -घरीं, बार-बार,-पहर, थोड़ी थोड़ी देर।
घरुक सं०पुं० एक नीची जाति और उसके व्यक्ति।
घरुही सं० स्त्री० घर का खँडहर या चिह्न, सं० गृह।
घरू वि० घर का सा, मैत्रीपूर्ण, निजी; दोनों लिंगों में एक सा रूप।
घरैया सं० घर का व्यक्ति (बारात का न हीं), कभी-कभी "घराती" (और बाहरी को बराती) कहते हैं।
घलघलाइब क्रि० स० ज़ोर से गिराना (पानी), पेशाब करना, वै०-उब; ध्व०।
घलघलाब क्रि० अ० बिना रुकावट के बहना, घल-घल शब्द करना, प्रे०-इब; ध्व०।
घलर-घुलर क्रि० वि० घल-घल करके, प्र० घुलुर-घुलुर, वै०-ल-ल; ध्व०।
घलाइब क्रि० स० लगा देना, फँसा देना; प्रे०-लवा-इब,-उब।
घलारा सं० पुं० पानी बहने का मार्ग; ज़ोर से बहता हुआ पानी;-फूटब।
घलुआ सं० पुं० घाला (दे०); सौदे में दिया हुआ वह अंश जो तोल के अतिरिक्त यों ही दिया जाय; -देब,-लेब; वै०-वा।
घलोना सं० पुं० लाल पका हुआ फल; प्रायः बच्चे इस शब्द का प्रयोग करते हैं। वै०-लौ-,-लव-।
घवदि सं० पुं० केले के फलों का गुच्छा; यक-, दुइ- (केरा); वै० घरै-।
घसनी सं० स्त्री० गुच्छ काम; कठिन परिश्रम; -घसब, ऐसा काम करना; वै० घि-।

घसर-पसर क्रि० वि० किसी प्रकार; यों ही; बुरी तरह; वै०-मसर।
घसरब क्रि०स० (कोई गंदी वस्तु दूसरे साफ वस्तु में) लगा देना, पोत देना; प्रे०-राइब,-उब।
घसाई सं० स्त्री० माजने या घिसने की क्रिया।
घसिआरा सं० प० घास काटने या बेचनेवाला; स्त्री०-रिन, भा०-री; वै०-अरा,-सेरा।
घसिहा वि० पुं० घासवाला (खेत); घास से भरा; स्त्री०-ही।
घसीट सं० पुं० जल्दी-जल्दी लिखा हुआ अक्षर; घसीटी हुई लिखावट;-लिखब,-पढ़ब।
घसीटब क्रि० स० पृथ्वी पर खींचना; ज़ोर से खींचना; प्रे०-सिटवाइब,-उब; मु० जल्दी-जल्दी लिख देना।
घहराब क्रि० अ० घिर कर आवाज़ करना; ज़ोर से गिर पड़ना। "गगन घटा घहरानी"-कबीर।
घहिअल दे०-हहल; वै०-यल।
घाँटी सं० स्त्री० गले के बीच का भाग;-के तरें, गले में; मिट्टी की घंटी जो बच्चे खेलते हैं।
घाइ सं० स्त्री० घाव।
घाघ सं० पुं० प्रसिद्ध लोकोक्तिकार; घुटा हुआ अनुभवी व्यक्ति; वि० प्रभावशाली।
घाघरा सं० पुं० लंबा-चौड़ा लहँगा; वै०-घरा; स्त्री० घँघरी।
घाट सं० पुं० नदी या तालाब के किनारे बना हुआ स्नान योग्य स्थान; यक-टें, एक किनारे, थोड़ा बहुत पूरा; घटवार, घाटवाला, पार उतारनेवाला; सं० घट्ट।
घाटा सं० पुं० हानि;-होब,-लागब; स्त्री०-टी, घट्टी।
घाटि सं० स्त्री० पर-स्त्री गमन,-करब; वि० घटिहा; -ही (पर-पुरुष-गामिनी); धोका (फै० जौ०); सं० घात।
घात सं० पुं० दावँ;-लागब,-करब,-पाइब,-ताकब, -देखब; वै०-ति।
घातक वि० मारनेवाला, हानिकारक; वै०-ति-; -होब।
घान सं० पुं० (नाज, तिल आदि का) वह भाग जो एक बार में भूना या पेला जा सके; यक-, दुइ-;स्त्री०-नी (दे०)।
घानी सं० स्त्री० कोल्हू में पेलने के लिए उतना तिल, सरसों आदि जितना एक बार में पेला जा सके।
घाबड़ा सं० पुं० घबराहट।
घाम सं० पुं० धूप; क्रि० घमाब (दे०); सं० घर्म।
घामड़ वि० सुस्त, मूर्ख; भा० घमड़ई,-पन।
घाय सं० स्त्री० घाव (दे०)।
घारी सं० स्त्री० पशुओं के रहने का घर; क्रि० घरिआइब,-उब, घारी में कर देना; ग्रा०'घर' का स्त्री० रूप?
घालब क्रि० डालना; यह दूसरी क्रि० के साथ ही लगाकर अर्थ देता है; उ० कै-, दै-, कर डालना, दे डालना आदि।
घाला सं० पुं० सौदे के साथ अंत में दिया हुआ उपहार;-देब,-लेब; वै०घलुआ,-वा, घेलवा (जौ०)।
घाव सं० स्त्री० जख़्म;-करब,-लागब,-होब; वि० घइहल,-य-, घै-।
घासि सं० स्त्री० घास; वि० घसिआरा,-सेरा,-आरा (दे०), घसिहा;-पात, घासपात, रद्दी वस्तुओं की मिलावट।
घिंचवाइब क्रि० स० खिंचवाना; वै०-उब; 'घींचब, का प्रे० रूप।
घिंचाइब क्रि० स० खिंचवाना; वै०-उब; प्रे० -वाइब।
घिंचानि सं० स्त्री० खींचने की मिहनत।
घिअना सं० पुं० घी; यह शब्द 'दिअना' (दे०) की भाँति केवल प्रयाग, जौनपुर आदि कुछ प्रांतों में ही बोला जाता है; नहीं तो प्रायः इसका रूप 'घिउ' है (दे०); सं० घृत।
घिआर वि० पुं० घी वाला; स्त्री०-रि, बहुत घी देनेवाली (गाय, भैंस आदि) या जिसके दूध में बहुत घी होता हो।
घिउ सं० पुं० घी; घाघ-"गलगल नेबुआ औ घिउ तात"; सं० घृत; गुर-होब, शुभ होना, उ० तोहरे मुँह माँ-होय, तुम्हारे शब्द शुभ अथवा सत्य हों; वै०-व; वि०-यहा,-ही,-आर।
घिउ-कुँआरि सं० स्त्री० ग्वारपाठा जिसके भीतर से घी सा गूदा निकलता है। यह कई दवाओं में पड़ता है और पेट ठीक करने के लिए इसकी तरकारी भी खाई जाती है।
घिघिआब क्रि० अ० ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाना; प्रे० -वाइब,-उब; 'घी-घी' शब्द से; ध्व०।
घिचघिच सं० स्त्री० आपत्ति, विघ्न, अड़चन;-करब, -होब।
घिन सं० स्त्री० घृणा;-लागब; क्रि०-नाब (दे०); वै०-ना,-नि; सं० घृणा।
घिनवना वि० पुं० घृणा उत्पन्न करनेवाला; स्त्री० -नी।
घिना सं० स्त्री० घृणा; -करब,-लागब; क्रि०-ब; वि०-नवना,-नी, सं०।
घिनाब क्रि० अ० घृणा करना; सं०।
घियहा वि० पुं० घीवाला; स्त्री०-ही, घी की बनी हुई; जिसमें घी रखा गया हो।
घिरौंइब क्रि० स० घसीटना; प्रे०-रवाइब,-उब।
घिव दे० घिउ।
घिसकब क्रि० अ० खिसकना; प्रे० घुसकाइब, वै० घु-,खि-।
घिसनी दे० घसनी; प्र०-घु-।
घींचब क्रि० स० खींचना, घसीटना; प्रे० घिंचाइब, -चवाइब,-उब।

घुइरब क्रि० अ० घूरना; आँख जमाकर देखते रहना, क्रोध से देखना, ताकना।

घुइस सं० पुं० एक छोटा जङ्गली जानवर; मूस-, रात को चुराकर खानेवाले जानवर;-लागब।

घुइहाइब क्रि० स० लकड़ी या कलछी आदि डाल कर (बर्तन में रखी हुई वस्तु को) चलाना; "मारी रोटी,-हाई दालि"।

घुघुआब क्रि० अ० घू घू शब्द करना; स० डाँटना; क्रुद्ध होना; ध्व०।

घुघुटारि वि० स्त्री० घूँघटवाली; हा०आ०-रौ; घूघुट+आरि; दे० घूघुट।

घुघुरी सं० स्त्री० भिगोकर उबाला या छौंका हुआ खड़ा अन्न;-चबाब,-डारब (तैयार करना)।

घुच्च-घुच्च क्रि० वि० बार-बार बिना ज़ोर लगाये और बिना कुछ असर के (मारना, लगाना आदि); प्र०-चुर-चुर।

घुच्चा सं० स्त्री० लग्गी में लगी हुई लकड़ी जिससे दूसरी लकड़ी आदि खींचा या तोड़ा जाती है। -घुच्ची, वि० छोटी-छोटी भीतर घुसी हुई (आँख); दे० लग्गी,-ग्गा।

घुटुर-घुटुर क्रि० वि० धीरे-धीरे बिना शब्द किये (पी लेना); ध्व०।

घुट्ट सं० पुं० किसी पदार्थ को पीने की आवाज़; -से,-घुट्ट,-घुटुर-घुटुर, धीरे से (पी लेना), ध्व०।

घुट्टी दे० घूँटी-देब, (बच्चों को) घुट्टी देना या दवा पिलाना; व्यं० ज़हर देना।

घुड़कब क्रि० स० घुड़कना, डाँटना; प्रे०-कवाइब, -काइब,-उब।

घुन सं० पुं० नाज में लगनेवाला छोटा कीड़ा; -लागब, रोगी हो जाना; क्रि० घुनब, घुनों द्वारा नष्ट होना।

घुन-घुना सं० पुं० छोटे बच्चों के खेलने का खिलौना जिसमें से "घुनघुन" आवाज़ होती है; ध्व०; स्त्री०-नी।

घुमना वि० घूमनेवाला; घर-,जो दूसरों के घर घूमता रहे; आवारा, सुस्त; स्त्री०-नी।

घुमरब क्रि० अ० लौटना; प्रे०-राइब, लौटाना; मु० बदला लेना, लौटकर आक्रमण करना।

घुमरी सं० स्त्री० चक्कर (सिर में);-आइब, ऐसे चक्कर आना;-परैया, एक खेल जिसमें बच्चे "घु...परैया-रैया .." कहते और एक दूसरे को पकड़कर घूम-घूम नाचते हैं; व्यं० व्यर्थ के चक्कर।

घुरकब क्रि० स० ज़ोर से डाँटना; वै०-ड़-;भा० -की,-कवाई।

घुरकी सं० स्त्री० घुड़की;-धमकी, डाँट-फटकार; -देब; वै०-ड़-।

घुरघुराब क्रि० अ० 'घुर-घुर' शब्द करना; ध्व०।

घुरचब क्रि० अ० निर्बलता अथवा बीमारी के कारण उठ न सकना; कष्टमय जीवन बिताना; प्रे० -चाइब,-चवाइब।

घुरचारब दे० खुरचारब।

घुरमुसहा वि० पुं० कम बोलनेवाला पर भीतर ही भीतर द्वेष रखनेवाला; चुप्पा; स्त्री०-ही; घूर+मूस (घूर पर के मूस की भाँति चुपके से खोदने या नुकसान करनेवाला)+हा; क्रि०-साब।

घुरमुसाब क्रि० अ० भीतर ही भीतर बुरा मानना; बिना कुछ कहे नापसंद करना।

घुरसारि सं० स्त्री० घुड़साल; वै० घो-।

घुरहू-कतवारू सं० पुं० कोई भी, तुच्छ से तुच्छ व्यक्ति; घुरहू तथा कतवारू प्राय: नीची श्रेणी के लोगों के नाम होते हैं। पहले का अर्थ है--घूर पर पड़ा हुआ, दूसरे का 'कतवार' (दे०) बटोरनेवाला।

घुरुर-घुरुर क्रि० वि० धीरे-धीरे और घुर-घुर की आवाज़ करते हुए (जाँत या चक्की); ध्व०।

घुरेसब क्रि० स० घुपेड़ना; प्रे०-सवाइब; वै०-सेरब; इन दोनों में वर्ण-विपर्यय का ही भेद है।

घुलघुलाब क्रि० अ० 'घुलघुल' की आवाज़ करना; प्रे०-इब, पेशाब कर देना (प्राय: बच्चों के लिए); ध्व०।

घुलब क्रि० अ० घुलना, बीमारी से धीरे-धीरे मृतप्राय होना; प्रे०-लाइब,-उब।

घुल्ला सं० पुं० लकड़ी या गन्ने का छोटा टुकड़ा; स्त्री०-ल्ली;-करब, (बच्चों के लिए) गन्ने का छोटा टुकड़ा छील देना।

घुसरब क्रि० अ० घुस जाना; प्रे०-से-,-सेरवाइब, -उब।

घुहिआइब दे० घुइहाइब।

घूँट सं० पुं० पानी, शर्बत आदि का उतना अंश जो एक बार में पिया जाय; क्रि०-ब, धीरे-धीरे या कठिनता से पीना; एक-,दुइ-।

घूँटी सं० स्त्री० बच्चों की दवा;-देब, ऐसी दवा पिलाना; व्यं० विष देना।

घूघुट सं० पुं० घूँघट;-काढब।

घूघुर सं० पुं० घुघुरू।

घूमब क्रि० अ० घूमना, लौटना, (समय का) फिर आना; प्रे० घुमाइब,-वाइब,-उब; वै० प्र० घुमरब।

घूर सं० पुं० कूड़ा-करकट का ढेर;-करब,-लागब; -लगाइब;-यस, लंबा चौड़ा पर सुस्त और बेकार।

घूस सं० पुं० रिश्वत;-देब,-लेब; वि० घुसहा, घूस लेनेवाला।

घेघा सं० पुं० गर्दन, गला; गले की बीमारी जिसमें सूजन हो जाती है; स्त्री०-घी (व्यं० घृ०)।

घेंच सं० पुं० लंबी पतली-गर्दन; प्र०-चा; वै०-चु, -चि; प्राय: चिड़ियों या पशुओं के लिए; घृ० रूप में कभी कभी व्यक्तियों के लिए भी प्रयुक्त।

घेंटा सं० पुं० सूअर का बड़ा मोटा बच्चा; वै० बघेंटा, घेंटा।

घेर सं० पुं० घेरा;-घार; बादलों का उमड़ना; क्रि०-ब।

घेरब क्रि० स० घेरना, चारों ओर से रोकना; प्रभाव डालना; प्रे०-राइब,-वाइब;-उब; भा० -वाई, घेरा, घेर-घार।
घेरा सं० पुं० चारों ओर से बनाई हुई दीवार या लकड़ी, काँटे आदि की रोक-थाम;-डारब, सिपाहियों या रक्षकों द्वारा घेर लेना; भा०-ई;-खोई।
घेवँड़ा सं० पुं० एक फल जिसकी बेल चलती है और जिसका साग बनता है।
घैंचब दे० घहूँ-।
घैंटा दे० घंटा।
घैहल दे० घइहल।
घोंइटब क्रि० स० खूब घोंटना, डाँटना: दे० घोंटब जिसका यह प्र० रूप है; प्रे०-टाइब,-टवाइब,-उब।
घोंघा सं० पुं० पानी में होनेवाले 'गेजुआ' (दे०) का घर जिसे सूखने पर अंजन आदि रखने के काम में लाते हैं; वि० मूर्ख; स्त्री०-घी, छोटा -घा।
घोंचू वि० उल्लू, मूर्ख; जिसे ठीक बात समय पर न सूझे; भा० घोंचवाफेर,-मैं परब, भूलभुलैयाँ या विकट स्थिति में पड़ जाना।
घोंट-घाँट सं० पुं० जल्दी-जल्दी तथा बार-बार घोंटने का क्रम;-करब।
घोंटब क्रि० स० घोंटना, डाँटना; प्रे०-टाइब,-उब, -वाइब,-उब; व्यं० रट लेना; भा०-टाई।
घोंटारब क्रि० स० लिखने की तख्ती या पट्टी को कालिख लगाने के बाद शीशे के टुकड़े से घोंटकर चमकाना; ऐसे शीशे के टुकड़े को "घोंटारा" कहते हैं। प्रे०-टरवाइब, दूसरे से घोंटारा लगवाना; विद्यार्थी तख्ती की ऐसी तैयारी को "घोंटारा-पोतारा" कहते हैं। दे० पोतारब।
घोंटू वि० घोंटनेवाला, किसी बात को रट लेनेवाला; बुद्धि का कम उपयोग करनेवाला।
घोखब क्रि० स० रटना, प्रे०-खाइब,-उब,-खवाइब, -उब; सं० घोष (शोर) अर्थात् चिल्लाकर या ज़ोर-जोर से रटना या स्मरण करना।
घोघर सं०पुं० एक काल्पनिक व्यक्ति जिसको बुलाकर या जिसका नाम लेकर छोटे बच्चों को डराया जाता है; दे० हौआ।
घोघी सं० स्त्री० किसी कपड़े का, विशेषत: कंबल का, लपेटकर सिर पर ऐसा बाँधा हुआ रूप जिससे वर्षा से बचाव हो सके;-बान्हब,-करब।
घोड़न वि० पाजी, बदमाश।
घोड़ा सं० पुं० पशु विशेष; स्त्री०-ड़ी; क्रि०-ब, घोड़ी का गर्भिणी होना; वै०-ड़वना; सं० घोटक।
घोर वि० बहुत, बड़ा, अधिक।
घोरब क्रि० स० घोलना; प्रे०-राइब,-उब,-रवाइब, -उब; अ० बहुत विलंब करना।
घोलर वि० बहुत मोटा; प्र० घौ-; दे० घउलर।
घोला सं०पुं० गहरा गड्ढा या पतला नाला।
घोसी सं० पुं० दूध का काम करनेवाली एक जाति का व्यक्ति; सं० घोष।
घौधियाब दे० घउ-।
घौलर दे० घउल-तथा घो-।

च

चंग सं० पुं० पतंग;-चढ़ब, महँगा हो जाना।
चंगा वि० पुं० अच्छा; स्त्री०-गी; वै०-ङ्गा।
चंगुल सं० पुं० पंजा;-मैं, पंजे में; वै०-ङ्गुल।
चँगेरा सं० पुं० हलकी सुंदर डलिया; स्त्री०-री: वै०-ङेरा,-री।
चंचल वि० पुं० जल्दी-जल्दी चलने या बदलने वाला; स्त्री०-लि।
चंचल वि० पुं० चंचल; स्त्री०-लि; "चंचलि जोय चनैनी ओंठवन बुधि उपराजै" (चनैनी); भा०-ई।
चंट वि० पुं० चालाक; स्त्री०-टि, प्र०-ठ, भा० -ई,-पन।
चंठ वि० पुं० चालाक; स्त्री०-ठि, भा०-ई।
चंडाल सं० वि० दुष्ट व्यक्ति; भा०-डलई,-पन।
चंडी सं०स्त्री० दुर्गा, झगड़ालू स्त्री;-पाठ, दुर्गा-पाठ; वै०-डिका; सं०।
चँडुला वि० पुं० जिसके सिर में बाल न हों; स्त्री० -ली; वै०-डु-,-ड़-,चण्डु-।
चंडू सं० पुं० एक नशे की वस्तु जो पी जाती है; -खाना, ऐसा स्थान जहाँ-चिलम पर लोग एकत्र बैठकर पीते हैं: काहिलों और गप्पियों का घर;-क गप्प, बे सिर पैर की बात।
चंडूल दे० चँड़ुला।
चँड़ुला वि० पुं० जिसके सिर में बाल न हों; वै० -ण्डु-,-डु-; स्त्री०-ली।
चंदा सं०पुं० चंद्रा; चंद्रमा;-माँगब,-उगाहब;-मामा, चंद्रमा जिसे बच्चे मामा कहते हैं। वै०-न्दा।
चंनन सं० पुं० चंदन; वै० चन्नन।
चंपत वि० गायब, अदृश्य;-होब,-करब।
चँपवाइब क्रि० स० चाँपब (दे०) का प्रे० वै० -पाइब।
चंपा सं० पुं० प्रसिद्ध फूल।
चंपू वि० सुंदर, विचित्र; सं०।
चंसुर दे० चमसुर।
चइत सं० पुं० चैत; सं० चैत्र;-कुआर, दोनों फसलों का समय; क्रि० वि० साल में दो बार;-हरा,-रें, चैत के मास या बसंत ऋतु में।

चइता सं० पुं० एक गाना जो प्रायः चैत में गाया जाता है।
चइती सं० स्त्री० चैत में होनेवाली फसल।
चइला सं० पुं० चिरी हुई लकड़ी का मोटा टुकड़ा; -बस, हट्टा-कट्टा; स्त्री०-ली, पतला और छोटा लकड़ी का टुकड़ा।
चइली सं० स्त्री० पतली सूखी फाँफी जो नाक के भीतर मैल या सुरकी से जम जाती है; -परब; क्रि० -लिआब।
चउँक सं० पुं० चौंक; तेज़ी; वि०-हर, स्त्री०-रि; -होब, -रहब।
चउँकब क्रि० अ० चौंकना; प्रे०-काइब, -कवाइब।
चउँचिआब क्रि० अ० व्यर्थ चिल्लाते रहना; किसी पर रुष्ट होकर बोलना, ध्व० 'चेउँ (दे०) चेउँ' से।
चउँसठि वि० स्त्री० चौंसठ; वै०-वँ-, -ठ; सं० चतुः-षष्टि।
चउआ सं० पुं० चार अंगुल की चौड़ाई; ताश की चौकी; पशु; सं० चतुष्पाद; वै०-वा; दे० चाया।
चउआई सं० स्त्री० ऐसी हवा जो चारों ओर से चले; चउ (चौ) = चार; सं० चतुः।
चउआल सं० पुं० चारों ओर की बातें; व्यर्थ की बात; -आइब, -करब, -चतुआब; वि०-ली।
चउआलिस वि० चालीस और चार।
चउक सं० पुं० चौक; पूरब, धार्मिक कृत्यों में आटे आदि से चौक बनाना; -के क रॉड़ि, विधवा जिसने पति से संयोग न किया हो।
चउकड़ी सं० स्त्री० छलाँग; -भरब, छलाँगें मारना।
चउकस वि०पुं० होशियार, तैयार; भा०-ई; चउ + कस, जिसके चारों (अंग या कोने) कसे हों अर्थात् दोनों आँखें और दोनों कान सचेत हों। स्त्री०-सि।
चउका सं०पुं० चौका; -बेलना, रोटी बनाने के दोनों सामान; -देब, -लगाइब।
चउकिआ सं० पुं० एक प्रकार का सुहागा जिसे -सोहागा कहते हैं।
चउकी सं० स्त्री० चौकी; पहरा देने का स्थान; -पहरा, पहरा-, -लागब, -देब।
चउकोआ वि० पुं० चौकआ; -होब, करब, -रहब; स्त्री०-नी; चउ + कोन, जिसके चारों कोने (दो आँखें, दोनों कान, चार अंग) खड़े या तैयार हों।
चउकोर वि० पुं० चौकोर, स्त्री०-रि।
चउखट सं० पुं० चौखट; वै०-टा; -नाघब, घर के बाहर या भीतर जाना।
चउखुंटा वि० पुं० चार कोनेवाला; स्त्री०-टी; चउ (चार) + खूँट, कोने, जिसमें चार कोने हों; वै० -कुंठा, दे० खूँट।
चउगड़ा सं० पुं० खरगोश, चउ + गोड़, जो सभी पैरों से अर्थात् बहुत तेज़ भागे।
चउगान सं० पुं० गेंद का पुराना खेल जिसका उल्लेख कविता में प्रायः है।
चउगिर्द क्रि० वि० चारों ओर; प्र०-र्दा, -र्दें, चउ + फ़ा० गिर्द; वै० चव-।
चउगुना क्रि० वि० चौगुना; स्त्री०-नी।
